# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 21 मार्च 2026





## मोती मस्जिद से रौयते हिलाल कमेटी ने चांद देखकर किया ऐलान

# तीस रोजे पूरे होने के बाद नजर आया चांद, आज मनेगी ईदुल-फित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इस बार तीस रोजे पूरे होने के बाद शुक्रवार को शहर के आसपास पर ईद का चांद नजर आया। इसके पहले गुरुवार को रौयते हिलाल कमेटी ने चांद देखने की कोशिश की थी, लेकिन चांद नजर नहीं आया। जिसके बाद शहरकाजी सैय्यद मुश्ताक अली नदवी ने शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया था। शुक्रवार को चांद नजर आने के बाद शनिवार को ईद मनाई जाएगी। देर रात तक शहर के बाजारों में खरीदारों की भीड़ देखी गई। रमजान महीने के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमा पर राजधानी की मस्जिदों के बाहर नमाजियों की भीड़ उमड़ने लगी और दोपहर तक शहर की प्रमुख मस्जिदों में जगह कम पड़ गई।

**सबसे पहले ईदगाह में सुबह 7.30 बजे अदा की जाएगी नमाज**


भोपाल के ताजुल मसाजिद में नमाज अदा करते हुए

**ईद की नमाज का समय**

- ईदगाह सुबह 7:30 बजे
- जामा मस्जिद सुबह 7:45 बजे
- ताज-उल-मसाजिद सुबह 8:00 बजे
- मोती मस्जिद सुबह 8:15 बजे
- मस्जिद रब्बानी (एमपी नगर) सुबह 9:00 बजे

### सुन्नत समिति के महासचिव बोले मुस्लिमों से ही करें खरीदारी

अहले सुन्नत समिति के तौकीर निजामी ने तीन दिन पहले एक वीडियो जारी कर मुस्लिमों से अपील की है कि वह गरीब मुस्लिम दुकानदारों से ही ईद की खरीदारी करें, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सके। बाद में कहा कि उनका उद्देश्य यह है कि वह गरीब मुस्लिमों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। इसके पहले दीवाली के दौरान हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने भी हिंदू दुकानदारों से सामान खरीदने की अपील की थी।






**तृतीया : मां चंद्रघंटा**



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चंद्रघंटेति विश्रुता।।

### जैन समाज का भोजशाला पर दावा, 2 को सुनवाई

इंदौर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने धार जिले के विवादित भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में मध्यकालीन जैन मंदिर और गुरुकुल होने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर



शुक्रवार को सरकार और अन्य प्रतिवादियों को अपनी आपत्तियां पेश करने का निर्देश दिया। याचिका में जैन समुदाय को विवादित परिसर में उपासना का अधिकार प्रदान करने की गुहार की गई है। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन ने यह याचिका ऐसे वक्त दायर की है, न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति राजेश कुमार गुप्ता ने याचिका पर सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तारीख तय की और प्रतिवादियों से कहा कि वे अपना संक्षिप्त उत्तर या आपत्तियां इस तारीख से पहले पेश करें।

### अमेजन ने स्प्रिंग स्टाइल खोज को बनाया आसान

बेंगलुरु। स्प्रिंग सीजन शुरू होने के साथ ही अमेजन फैशन और ब्यूटी एआई-पावर्ड टूल्स की मदद से ग्राहकों के लिए स्प्रिंग-रेडी लुक्स को खोजना और खरीदना आसान बना रहा है। रूफस के साथ बातचीत करके शॉपिंग करने से लेकर अमेजन लेंस एआई के जरिए विजुअल डिस्कवरी तकऔर मैच कर सकते हैं ।

## प्रशासन अकादमी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस, बोले सीएम

# आनंद सुखानुभूति है, जो अर्थ क्रय से नहीं, अंतस से होती है अनुभूत

*आनंद विभाग के प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आनंद विभाग प्रदेश के सभी ब्लॉक स्तर पर शासकीय सेवकों के लिए आनंद से रहने की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे चित्त में प्रसन्नता है, तो समझिए सारा संसार खुश है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हम मनुष्य आदतन सुख-सुविधाओं की वस्तुओं और विलासतापूर्ण जीवन में ही सुख ढूंढ़ते रहते हैं।

भौतिक सुख की अभिलाषा सबको है, पर आत्मिक सुख और शांति की दरकार कम ही लोगों को है। जबकि जीवन का आनंद भौतिकता में नहीं, मन के भावों की संतुष्टि में निहित है। उन्होंने कहा कि आनंद एक ऐसी सुख की अनुभूति है, जो धन से सुख-सुविधाओं के यंत्र वस्तुएं खरीदकर नहीं, बल्कि अपने अंतस में जागे मानवीय भावों के तृप्त होने पर भीतर से उपजती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस के अवसर पर आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में राज्य आनंद संस्थान की ओर से आयोजित आनंद के आयाम-राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कार के रूप में नकद राशि और प्रशस्ति पत्र दिए।

**दूजे के सुख में भी स्व का आनंद ढूंढ़ना है भारतीय संस्कृति की चेतना का आधार**


कार्यशाला को संबोधित करते सीएम

**मुख्यमंत्री ने 14 से 28 जनवरी तक मनाए गए आनंदोत्सव के विजेताओं को पुरस्कृत किया**

### थैचर ने समझाया था भारत और इंग्लैंड की संस्कृति का मूल अंतर

डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 1956 के विश्व हिंदू सम्मेलन में मार्गेट थैचर ने भारत और इंग्लैंड की संस्कृति का मूल अंतर सबको समझाया था। उन्होंने कहा था कि भारतीय परिवारों की व्यवस्था में अगर कोई एक सदस्य भी कमाई करता है तो पूरा परिवार आनंद और सम्मान के साथ जीवन जीता है। यह दुनिया में सिर्फ भारत में ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण, माता देवकी के जीवन में भारी कष्टों से निवृत्ति के बाद मिले आनंद पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यशोदा मैया और नंद बाबा ने कन्हैया के लालन-पालन में ही आनंद की अनुभूति की।


### भौतिक जगत को मापने का मापदंड मैटा फिजिक्स

हरिद्वार से आए महर्षि मधुसूदन महाराज ने कहा कि संसार के भौतिक जगत को मापने का मापदंड मैटा फिजिक्स तय करती है। इसके दो भागों में संसार के तत्व ज्ञान और ब्रह्म ज्ञान का अध्ययन किया जाता है।

## सतना और मैहर कोर्ट में मेल से आई धमकी

# जजों के केबिन में जहरीली गैस के 15 बम, दोपहर में सबको उड़ा देंगे

**कोर्ट परिसर में तलाशी के दौरान कुछ नहीं मिला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना

जिला न्यायालय को शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज धमकी भरा ईमेल मिला, जिसने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। Gayathri_shabaz@hotmail.com` नाम की आईडी से आए इस मेल में दावा किया गया कि कोर्ट परिसर और जजों के केबिन में 15 जहरीली गैस के बम लगाए गए हैं, जिनमें दोपहर 1 बजे विस्फोट होगा। यह मेल गुरुवार शाम को ही अदालत की आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त हो गया था, लेकिन शुक्रवार सुबह जब इसे देखा गया तो न्यायपालिका और प्रशासन में खलबली मच गई।

## इंदौर के रियल स्टेट कारोबारी को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की धमकी

# मांगी 15 करोड़ की रंगदारी, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

**इंदौर क्राइम ब्रांच में शिकायत के बाद केस दर्ज**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

साउथ तुकोगंज इलाके में रहने वाले एक रियल स्टेट कारोबारी को लॉरेंस विश्नोई के नाम से धमकी मिली है। बताया जाता है कि मामले में क्राइम ब्रांच को शिकायत की गई थी। जिसके बाद एफआईआर के लिए मामला तुकोगंज पुलिस को सौंपा गया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी गई है। एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक तुकोगंज इलाके में संजय जैन को गुरुवार को धमकी भरा फोन आया।

## अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वाली वेबसाइटों पर सख्ती

# सरकार ने 300 वेबसाइट और एप्स को किया ब्लॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वेबसाइटों पर सख्ती दिखाते हुए उन पर शिकंजा कसा है। सरकार ने 300 ऐसी अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी वेबसाइट्स को ब्लॉक कर दिया है। इस तरह अब सरकार ने कुल 8400 वेबसाइट्स और एप्स को ब्लॉक कर दिया है जो ऑनलाइन अवैध जुए और सट्टेबाजी में लगी हुई थीं। इसमें से ज्यादातर को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के पास होने के बाद ब्लॉक किया गया है। कुल 8400 वेबसाइट्स में से 4900 वेबसाइट और एप्स को ऑनलाइन गेमिंग एक्ट के पास होने के बाद ब्लॉक किया गया है। इससे पहले जनवरी में भी सरकार ने 242 अवैध जुएबाजी और सट्टेबाजी की वेबसाइट पर लगाम कसते हुए इन्हें ब्लॉक कर दिया था। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट को 22 अगस्त 2025 को पास किया गया था और इसे 1 अक्टूबर 2025 से लागू किया गया था। इसके जरिए केंद्र सरकार ने कई ई-स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म पर लगाम लगाई थी जो सट्टा और मटका जुएबाजी की गतिविधियों में संलिप्त थे। रियल मनी कार्ड और कसीनो गेम्स वाली ऐप्स को भी सरकार ने इसी कैटेगरी में मानते हुए उनको ब्लॉक किया है।



**अब तक कुल मिलाकर 8400 वेब और एप प्लेटफॉर्म पर की कार्रवाई**

### इसलिए, कसा शिकंजा?

सरकार ने इन ऑनलाइन सट्टा और जुआ खिलाने वाले अवैध प्लेटफॉर्म पर शिकंजा इसलिए कसा क्योंकि ये मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में भी लिप्त पाए जाने लगे थे और साइबर अपराधों को भी बढ़ावा देने की ओर जा रहे हैं। अक्सर इन वेबसाइट्स को विदेशी सर्वर से भी संचालित होने की रिपोर्ट्स मिलती हैं और ये आम नागरिकों के साथ वित्तीय धांधली के खतरे को भी साथ लाती हैं, इसलिए ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी वाली अवैध गेमिंग प्लेटफॉर्म पर सरकार ने लगाम लगाई है और फिर से कड़ा संदेश दिया है।




एलपीजी संकट पर सरकार सरकार ने नागरिकों को दी सलाह

# देश की सारी रिफाइनियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रहीं, घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, लोग अफवाहों पर भरोसा न करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्रालय के संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने अंतर मंत्रालयी प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि देश की सारी रिफाइनरी अपनी पूरी क्षमता में काम कर रही हैं।लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। घरों पर डिलवरी सुनिश्चित हो रहीहै। उन्होंने कहा है कि घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और हम लगातार उपभोक्ताओं से अपील कर रहे हैं, जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें। इस संबंध में राज्य सरकारों को भी पत्र लिखे गए हैं। इस दिशा में पहल करने वाले राज्यों को अतिरिक्त 10 फीसदी एलपीजी मुहैया कराने का भरोसा भी दिया गया है।



सरकार ने कहा कि जहां भी संभव हो वे नेचुरल गैस अपनाने की ओर बढ़ें

## पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव ने कहा- लोग अपने सिलेंडर की डोर स्टेप डिलिवरी का इंतजार करें



### सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध

13700 से अधिक कनेक्शन दिए गए हैं और 7500 से अधिक लोग एलपीजी से पीएनजी पर शिफ्ट हुए हैं। ऑनलाइन बुकिंग्स में लगभग 93 फीसदी की बुकिंग ऑनलाइन है। उनकी डिलिवरी की जा रही है। पैनिक बुकिंग कम हुई है। गुरुवार को 55 लाख बुकिंग हुई है। सभी राज्यों के पास सप्लाई उपलब्ध है। पिछले एक हफ्ते में 11300 टन कमर्शियल एलपीपी उपभोक्ताओं को दी गई है। इस सप्लाई का 50 प्रतिशत शिक्षण संस्थाओं और अस्पतालों को मिला है।

### 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए

लगभग 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम सेटअप किए गए हैं। जिला निगरानी समिति भी काम कर रहे हैं। 24 घंटों में लगभग 4500 जगहों पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में करीब 1100 जगहों पर छापेमारी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने भी 1800 जगहों पर सरप्राइस इंस्पेक्शन किया है। एलपीजी के बारे में यही कहना है कि स्थिति अब भी चिंताजनक है, लेकिन उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान न दें ।

### योजना बनाने में मिलेगी मदद

पीपीएसी का काम वैसे भी तेल और गैस क्षेत्र से जुड़े आंकड़े जुटाना है, लेकिन अधिसूचना के बाद अब उसे रियल टाइम में डेटा एकत्र करने का अधिकार मिल गया है? इनसे सरकार को आपात स्थिति में अपनी योजना बनाने में मदद मिलेगी। कहा गया है कि आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश का उल्लंघन आपराधिक होगा।

### कंपनियों को देना होगा एक-एक बूंद का हिसाब

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण चल रही वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच सरकार ने देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है। इसके तहत अब उन सभी संस्थाओं को अपना डाटा शेयर करना होगा, जो पेट्रोलियम उत्पादों और प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, शोधन, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण और उपभोग में लगी हैं। इन कंपनियों को हर आंकड़े की जानकारी पेट्रोलियम योजना और विश्लेषण प्रकोष्ठ को देना अनिवार्य कर दिया गया है। मामले से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3 के तहत गजट अधिसूचना जारी कर दी है।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री जयंत को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात कॉलर से जान से मारने की धमकी मिली है।



अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री चौधरी को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया था।

### सरमा ने रोड शो के बाद किया नामांकन

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को जलुकबारी सीट से नामांकन



दाखिल किया है। इस दौरान उनकी पत्नी समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व उन्होंने कामरूप मेट्रो से विधानसभा कार्यालय की ओर रोड शो किया। रिनिकी ने कहा यह हमाने लिए खुशी का मौका है।

### पीएम मोदी से मिले उपराज्यपाल संधू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से



शिष्टाचार भेंट की। मंगलवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद संधू की पीएम मोदी से ये पहली मुलाकात है। 5 मार्च को जिम्मेदारी दी गई थी । संधू ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

### ओडिशा में मंत्री के इस्तीफे की मांग, विस में हंगामा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ। कटक के अस्पताल में आग और उसमें 12



मरीजों की मौत के मुद्दे पर ओडिशा विधानसभा में विपक्षी विधायक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष इस घटना पर स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं।

## बंगाल चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया

# सामान्य वर्ग की महिलाओं को 1500 तो एससी एसटी को मिलेंगे 1700, बेरोजगारों को 1500 रु.

## सीएम ममता ने कहा- 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत दी जाएगी यह राशि

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल चुनावों के लिए राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने अपना चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। 'दीदी के 10 वचन' नाम से चुनावी वादों का ऐलान करते हुए मुख्यमंत्री और टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महिलाओं और बेरोजगारों के लिए मासिक भत्ते का ऐलान किया है। ममता ने कहा है किसामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,500 मिलेंगे, जबकि एससी-एसटी वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,700 रुपए मिलेंगे। जो युवा बेरोजगार हैं, उन्हें पॉकेट मनी के तौर पर हर महीने 1,500 रुपए मिलेंगे। ममता ने कहा कि घोषणापत्र का मुख्य आधार दीदी के 10 वादे हैं, जो कल्याण और विकास के वादों का एक मिला-जुला रूप हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 'लक्ष्मी भंडार' योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी करने का वादा किया है।

घोषणा पत्र में दीदी ने दिए 10 वचन

### भाजपा यहां सत्ता में वापस नहीं आ पाएगी



घोषणा पत्र जारी करती सीएम ममता और अभिषेक

कोलकाता में ममता और टीएमसी सांसद अभिषेक समेत तमाम नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र जारी किया गया है। ममता ने कहा कि हम कई साजिशें देखते हैं, लेकिन इस बार तो सारी हदें पार हो गई हैं। इस चुनाव के बाद परिसीमन होगा, लेकिन मोदी सरकार सत्ता में वापस नहीं आएगी।

### 'बांग्लार युवा-साथी' से देंगे बेरोजगारी भत्ता

उन्होंने कहा कि पार्टी 'बांग्लार युवा-साथी' योजना के तहत बेरोज़गार युवाओं को दिया जाने वाला 1,500 रुपए के मासिक भत्ते को जारी रखेगी। राज्य में अगली सरकार बनने पर किसानों (जिनमें भूमिहीन किसान भी शामिल हैं) की सहायता के लिए 30,000 करोड़ रुपए का कृषि बजट पेश किया जाएगा।

### भाजपा के खिलाफ लड़ें

ममता ने कहा कि मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे एकजुट हों और बंगाल को बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ लड़ें। इस घोषणापत्र को जनता-केंद्रित रोडमैप बताते हुए बेनर्जी ने कहा कि पार्टी के वादों का मकसद उस चीज का मुकाबला करना है।

### वे बंगाल से ईर्ष्या कर रहे

सीएम ममता ने कहा कि यहां पर्यवेक्षक के तौर पर तैनात लोगों को न तो इस क्षेत्र की जानकारी है, न ही राज्य की। उन्हें राज्य के बारे में कुछ भी पता नहीं है। वे अपना कर्तव्य कैसे निभा सकते हैं? राष्ट्रपति शासन की जगह अघोषित राष्ट्रपति शासन लागू हो गया है। क्योंकि भाजपा जानती है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उसे हार का सामना करना पड़ेगा। मोदी जी, आप यहां अघोषित राष्ट्रपति शासन के तहत चुनाव लड़ रहे हैं क्योंकि वे बंगाल से ईर्ष्या करते हैं। उन्होंने पूरी व्यवस्था को ही उलट-पुलट कर दिया है।

### बंगाल में 'दुआरे चिकित्सा' की करेंगे शुरुआत, शिविर लगेंगे

ममता ने बताया कि हम 'दुआरे चिकित्सा' (घर-घर जाकर चिकित्सा सेवा) शुरू करेंगे। हम इसे हर बूथ पर शुरू करेंगे, हम 'दुआरे चिकित्सा' शिविरों का आयोजन करेंगे।' उन्होंने कहा कि हजारों स्कूलों को ई-लर्निंग सुविधाओं से आधुनिक बनाया जाएगा। आने वाले दिनों में हम सात-आठ नए जिले, ब्लॉक और यहां तक कि नई नगरपालिकाएं भी बनाएंगे।

### बंगाल में आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले पर तकरार

### चुनाव आयोग के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस और भारतीय



पुलिस सेवा (आईपीएस ) अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया।तृणमूल कांग्रेस के नेता एवं वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पक्षकार प्रतिवादी बनाया है।

### राज्य सरकार से आयोग ने नहीं किया परामर्श

वकील ने मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए याचिका पर शीघ्र सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया। याचिका में तबादले का निर्णय लिए जाने से पहले निर्वाचन आयोग के राज्य सरकार से परामर्श नहीं करने पर सवाल उठाए गए हैं।चुनावों की घोषणा के कुछ ही घंटों में आयोग ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ आईएएस और आइपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया था।

## धामी कैबिनेट का विस्तार

# विधायक खजान, भरत सिंह सहित 5 मंत्रियों ने ली शपथ

क्षेत्रीय संतुलन का भी रखा गया विशेष ध्यान



शपथ ग्रहण को दौरान सीएम धामी मौजूद रहे

एजेंसी ▶▶ देहरादून

धामी मंत्रिमंडल में 5 नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। राजपुर विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में मंत्रिपद की शपथ ली। प्रदेश में लंबे समय से कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं थी, जिन पर विराम लगा। नवरात्र के दूसरे दिन लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सबसे पहले राजपुर विधायक खजान दास को शपथ दिलाई। इसके बाद भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली। फिर विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने भी शपथ ली। नए चेहरों का चयन विधायकों के पिछले 4 साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया।

### जनसेवा और विकास को नई गति देंगे: धामी

शपथ ग्रहण समारोह के बाद आज शुक्रवार को नए मंत्रियों ने भी अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। खजान दास ने कहा कि यह देवभूमि है और हमारी कोशिश होगी कि हम जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरें। हम प्रदेश हित में काम करेंगे और लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे।

### कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तार की सुगबुगाहट

### अब 'दिल्ली दरबार' पर टिकी सभी की नजरें



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार में नए चेहरों को शामिल करने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा कि मंत्रिमंडल में बदलाव का अंतिम फैसला पूरी तरह से कांग्रेस आलाकमान और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विवेक पर निर्भर है। पर्दे के पीछे की राजनीति अब सड़कतक आ गई है। कुछ दिनों से असंतुष्ट और अनुभवी विधायकों का एक बड़ा गुट सक्रिय हो गया है। लगभग 40 ऐसे विधायक हैं जो तीन या उससे अधिक बार चुनाव जीत चुके हैं। इन सभी विधायकों नेमुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी दावेदारी पेश की।

## केरलम में राहुल ने कहा

# अब जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा, वामपंथ की विदाई तय

एजेंसी ▶▶ केरलम

यहां चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की और वामपंथी सरकार की विदाई को तय बताया। एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।' हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा



परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है। उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं। केरलम से मिलने वाला संदेश बिल्कुल साफ है। लोग बदलाव को तैयार हैं। वे एक ऐसी सरकार की तलाश में हैं जो उनकी समस्याओं को समझे और ईमानदारी के साथ काम करके दिखाए।

## रिटर्न फाइल करना हो गया आसान

# केंद्र ने आयकर नियम 2026 के लिए अधिसूचना जारी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को आयकर नियम, 2026 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इससे नए आयकर अधिनियम 2025 के लिए मंच तैयार होगा, जो कि 1 अप्रैल से लागू होने वाला है, जिसमें पारदर्शिता, अधिक सख्त डिस्क्लोजर और बेहतर अनुपालन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने ई-राजपत्र में आयकर नियमप्रकाशित किए हैं, जो पूर्ववर्ती प्रावधानों का स्थान लेते हैं और आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के




लिए एक विस्तृत ढांचा निर्धारित करते हैं। इसका उद्देश्य प्रोसेस को आसान करना और कैपिटल गेन, स्टॉक मार्केट लेनदेन और एनआरआई टैक्स से जुड़े रिपोर्टिंग स्टैंडर्ड को सख्त करना है। इसमें कर प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयास हैं।

## संघ के विदर्भ प्रांत कार्यालय का संघ प्रमुख ने किया शिलान्यास

डॉ. भागवत ने दी सीख

# दुनिया में चल रहे युद्ध को भारत खत्म कराने में सक्षम, पर स्वार्थ त्यागना होगा

एजेंसी ▶▶ विदर्भ

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के विदर्भ प्रांत के कार्यालय का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस समय दुनिया में कई युद्ध चल रहे हैं। इन्हें भारत ही रोक सकता है। दुनिया के चिंतकों के ध्यान में यह बात आती है कि चल रहे युद्ध में बार-बार देश से आवाज उठ रही है। डॉ. भागवत ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर इच्छा है। सारी परिस्थिति हमारे सामने है। युद्ध की वजह स्वार्थ है और कुछ नहीं है।




### भारत की प्रवृत्ति को दुनिया देख रही

डॉ. भागवत ने कहा कि हमारी शक्ति के कारण आवाज सुनी जाएगी। सारी दुनिया उसका अनुकरण करेगी, तब दुनिया ठीक होगी। भारत की प्रवृत्ति देख रहे।

### आज दुनिया विनाश की ओर जा रही

संघ प्रमुख ने कहा कि मूल में है स्वार्थ प्रवृत्ति है, क्योंकि हम यह माने, दुनिया केवल जड़ है। न कलह बंद हुई, न कट्टर पंथ। आज दुनिया विनाश को ओर जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

सुनवाई से किया इनकार

# ब्राह्मणों के खिलाफ हेट स्पीच को भी माना जाए अपराध, अर्जी वापस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ हेड



स्पीच, जिसे 'ब्राह्मोफोबिया' बताकर इसे जाति आधारित भेदभाव के तहत दंडनीय अपराध घोषित करने की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी की संक्षिप्त सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बालाजी खुद कोर्ट में पेश हुए थे। बाद में याचिकाकर्ता ने फिर से मामला उठाया और याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, ताकि वह उचित मंच पर अपनी बात रख सकें। कोर्ट ने उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

### किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हम किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते। यह सब शिक्षा, बौद्धिक विकास, सहनशीलता और धैर्य पर निर्भर करता है।अंत में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता, जो खुद पेश हुए हैं। उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। उनकी बात रिकॉर्ड में दर्ज की जाती है। यह याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

## राष्ट्रपति ने 'सेवाश्रम' में ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया

# प्रेमानंद को किया नमन, देश की समृद्धि का आशीर्वाद मांगा



एजेंसी ▶▶ वृंदावन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन वे शुक्रवार को धर्म नगरी वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम 'श्री हित राधा केलि कुंज' में उनसे विशेष भेंट की। राष्ट्रपति का काफिला आश्रम पहुंचा, जहां महाराज जी ने 'राधे-राधे' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया।

## इस दौरान राष्ट्रपति ने 27 मिनट तक सुने महाराज के विचार



### आध्यात्मिक और समाज के कल्याण पर की चर्चा

राष्ट्रपति और प्रेमानंद महाराज के बीच इस मुलाकात में आध्यात्मिक मूल्यों और समाज के कल्याण में विश्वास की भूमिका पर चर्चा हुई। इससे पहले उन्होंने अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर की दूसरी मंजिल पर 'श्री राम यंत्र' की स्थापना की और मथुरा के इस्कॉन मंदिर में संध्या आरती में भी भाग लिया।

### गोवर्धन परिक्रमा के साथ संपन्न होगा दौरा

राष्ट्रपति बाबा नीम करोली के स्मारक का दौरा किया और रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम में अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया। साध्वी ऋतंभरा द्वारा स्थापित वात्सल्य ग्राम भी पहुंची। दौरा 21 मार्च को गोवर्धन के दानघाटी मंदिर में पूजा, पवित्र गोवर्धन परिक्रमा के साथ संपन्न होगा।

### प्रेमानंद एक चमत्कारिक संत के रूप में ख्यात

कानपुर के ब्राह्मण परिवार में जन्मे अनिरुद्ध कुमार पांडे (अब प्रेमानंद महाराज) का जीवन संघर्ष और भक्ति का अद्भुत संगम है। उनका जन्म 30 मार्च 1969 को हुआ था, जिसके मुताबिक उनकी उम्र 57 वर्ष हो गई है। महाराज अपना जन्मदिन हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन मनाते हैं। दोनों किडनियां खराब होने के बावजूद, जिस ऊर्जा से वे भक्तों का मार्गदर्शन करते हैं, वह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

जबलपुर

शनिवार 21 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष-3

वर्ष : 20, अंक : 319

पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 31

न्यून. 18

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 नियमों के प्रतीक हैं लोकसभा अध्यक्ष





मैट्रो

14 लिव-इन रिलेशन : रेप की .....


ईरान-इजराइल युद्धः प्रीमियम पेट्रोल दो और औद्योगिक डीजल 22 रुपए महंगा हुआ

# उधर, तेल कुओं में 'आग'...इधर, पेट्रोल में 'आग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तेल विपणन कंपनियों ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमत में दो रुपए प्रति लीटर का इजाफा कर दिया है। औद्योगिक उपयोग वाले थोक डीजल की दरें भी करीब 22 रुपए प्रति लीटर बढ़ाई गईं। तेल विपणन कंपनियों ने कीमतों में यह इजाफा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में उछाल के बाद किया है। हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपए से बढ़कर 101.89 रुपए प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह, दिल्ली में थोक औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपए से बढ़कर 109.59 रुपये प्रति लीटर हो गईं। अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तकपहुंच गई थीं।



- सामान्य पेट्रोल दरों में बदलाव नहीं, नई दरें 20 मार्च से ही प्रभावी
- अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतें गुरुवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गईं



एआई इमेज

***सरकार ने कहा- तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से मूल्य निर्धारण का निर्णय लेती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है***

### रुपया ऑल टाइम लो पर पहुंचा...एक डॉलर यानी 93.71 रुपए

*डॉलर के मुकाबले रुपया में भारी गिरावट आई है। रुपया 94 के करीब पहुंच चुका है। इतिहास में पहली बार डॉलर की तुलना में रुपया 93.71 पहुंचकर बंद हुआ, जो इसका रिकॉर्ड निचला स्तर है। अगर तेल 90 से 110 के बीच बना रहता है तो रुपए में 7.5% फीसदी का करेक्शन आ सकता है, जिस कारण यह 98.90 पर पहुंच सकता है।*

### किन ब्रांड्स पर पड़ा है असर?

डीलरों के माध्यम से प्राप्त जानकारी में कहा गया है कि इस ताजा मूल्य वृद्धि का सीधा असर प्रमुख तेल कंपनियों के ब्रांडेड ईंधनों पर देखने को मिला है। इनमें हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचसीएल) का पावर पेट्रोल और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) का एक्सपी95 शामिल हैं, जिनकी खुदरा कीमतों में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया है। प्रीमियम पेट्रोल का उपयोग मुख्य रूप से वाहनों में बेहतर इंजन परफॉरमेंस और अधिक माइलेज प्राप्त करने के उद्देश्य से किया जाता है।






### भोपाल में डीजल 113 रु. और प्रीमियम पेट्रोल 116 रु. के पार हुआ

**भोपाल।** इंडस्ट्रियल, जनरेटर, बॉयलर और भारी मशीनों में इस्तेमाल होने वाले डीजल के दाम और प्रीमियम पेट्रोल के दाम में तेल कंपनियों ने मूल्य वृद्धि की है। भोपाल में डस्ट्रियल सेक्टर सहित अन्य बड़े बॉयलर को सप्लाई होने वाले डीजल में 22 रुपए की मूल्य वृद्धि हुई है तो प्रीमियम पेट्रोल के दाम में 2 रुपए 9 पैसे की वृद्धि दर्ज हुई। मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि इस मूल्य वृद्धि के बाद राजधानी भोपाल में बड़े बॉयलर को सप्लाई होने वाला डीजल 113 रुपए प्रति लीटर और प्रीमियम पेट्रोल के दाम 116 रुपए से अधिक हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने 2026-27 सेशन के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 20 मार्च से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है और अब अभिभावक अपने बच्चों के लिए आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय देश के सबसे भरोसेमंद सरकारी स्कूलों में गिने जाते हैं, जहां पढ़ाई के साथ अनुशासन और अच्छा माहौल मिलता है, यही वजह है कि यहां एडमिशन के लिए हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। इस बार भी कक्षा 1 और बाल वाटिका में एडमिशन पूरी तरह ऑनलाइन होगा। आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भरना होगा।

### हिमाचल : अटल टनल के पास एवलांच, एडवाइजरी



**मनाली।** अटल टनल के साउथ पोर्टल में हिमस्खलन होने से बड़ा हादसा होते होते टल गया है। भारी हिमपात के कारण मनाली केलंग मार्ग पर जगह जगह हिमस्खलन की आशंका बढ़ गई है। अटल टनल के दोनों छोर की पहाड़ियों में दो फीट से अधिक हिमपात हुआ है। शाम पांच बजे अटल टनल के साउथ पोर्टल में हिमस्खलन हो गया। उस समय दो वाहन वहां से गुजर रहे थे। दोनों हिमस्खलन में फंस गए लेकिन चालकों ने सूझबूझ के साथ वाहन निकाल लिए। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि हालात सामान्य होने तक सफर न करें।

### जब तक जिंदा हूं राजनीति करती रहूंगी : उमा भारती



**टीकमगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की फायरब्रांड नेत्री मानी जाने वाली उमा भारती ने राजनीति पर फिर बयान दिया है। उन्होंने मंच से साफ शब्दों में कहा है कि जब तक जीयूंगी, तब तक राजनीति करती रहूंगी। शहर के गर्ल्स कॉलेज में वीरांगना अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उमा भारती मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उमा भारती भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि अवंती बाई का जीवन प्रेरणा का स्रोत है। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समाज और देश को मजबूत बनाया जा सकता है।

मौसम का खेल : खरगोन में दिन में रहा 38.4 डिग्री तापमान, एक दर्जन जिलों में गिरे ओले

# खरगोन तप रहा...बाकी 42 जिलों में पानी 'बरस' रहा

*सबसे ज्यादा बारिश धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में करीब 18 मिली मीटर दर्ज की गई। पचमढ़ी 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा*



हरदा के हंडिया में बारिश के साथ ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तेज गर्मी के बीच मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तेज गर्मी के बीच अधिकांश हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और ओले गिरे हैं। शुक्रवार सुबह से ही कई जिलों में बारिश का दौर शुरु हो गया था, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तेज हवा, बूंदाबांदी और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक दिव्या सुरेंद्रन ने बताया कि प्रदेश के 42 जिलों के 112 शहरों में बारिश हुई। इनमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, जबलपुर समेत कई बड़े शहर शामिल हैं। सबसे ज्यादा बारिश धार के बदनावर और बैतूल के घोड़ा डोंगरी में करीब 18 मिली मीटर दर्ज की गई। वहीं बड़वानी, सेंधवा, भैंसदेही, मुलताई, भोपाल और दमोह समेत कई जगहों पर 12 मिमी से ज्यादा पानी गिरा। बारिश और ओलों के साथ आगर-मालवा में सबसे तेज 74 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली, जबकि सीहोर में 54 किमी, बड़वानी और नरसिंहपुर में 46 किमी, आलीराजपुर में 43 किमी की रफ्तार दर्ज की गई। भोपाल, सागर, इंदौर और जबलपुर समेत कई शहरों में 35 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।



भोपाल के कटारा हिल्स में गुरुवार रात बारिश हुई

प्रदेश के 42 जिलों के 112 शहरों में बारिश

***ओले गिरने से फसलों को नुकसान किसानों ने फसलों को हुए नुकसान को लेकर सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की***

### ओलों से गेहूं व चने की फसल को नुकसान

*प्रदेश के एक दर्जन जिलों में ओले गिरने से गेहूं और चना की फसल को नुकसान पहुंचा है। टीकमगढ़, खजुराहो, पन्ना, मंदसौर, शिवपुरी,आलीराजपुर, बड़वानी, बैतूल, झाबुआ, खंडवा, आगर-मालवा, विदिशा, छिंदवाड़ा, जबलपुर, दमोह, सिवनी और छतरपुर में ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलें आड़ी हो गईं। किसानों ने फसलों को हुए नुकसान को लेकर सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है।*

### तीन से चार डिग्री गिरा पारा

बारिश और ठंडी हवाओं की वजह से पूरे प्रदेश के तापमान में गिरावट आई है। रात के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गई है। पचमढ़ी 12.6 डिग्री सेल्सियस के साथ प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, इंदौर में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री और भोपाल में 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में मार्च महीने में दिन के समय तेज गर्मी पड़ने लगी है। हालांकि, रात में ठंडक रहने से लोगों को राहत मिल रही थी। शुक्रवार को हुई बारिश से दिन का तापमान चार डिग्री तक गिरकर 29.4 डिग्री पर पहुंच गया है। अब अगले चार दिनों तक तेज गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

जोमैटो ने बढ़ाई प्लेटफॉर्म फीस

# हर ऑर्डर पर अब देना होगा 19.2 फीसदी ज्यादा 'चार्ज'

*तर्क-बढ़ते ऑपरेशनल खर्च को कम करने के लिए यह बढ़ोतरी*



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जोमैटो ने एक बार फिर अपने ग्राहकों के लिए प्लेटफॉर्म फीस बढ़ा दी है। कंपनी के एप पर शुक्रवार को उपलब्ध बिलिंग डिटेल्स के अनुसार प्लेटफॉर्म फीस में 19.2% यानी 2.40 रु. प्रति ऑर्डर की बढ़ोतरी की गई है। अब यह शुल्क प्री-जीएसटी आधार पर 12.50 से बढ़कर 14.90 रु. प्रति ऑर्डर हो गया है। यह बढ़ोतरी ऐसे समय में आई है जब एलपीजी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते रेस्टोरेंट्स और डिलीवरी पार्टनर्स की लागत बढ़ी है। बढ़ते ऑपरेशनल खर्च को संतुलित करने के लिए फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स कीमतों में बदलाव कर रहे हैं। जोमैटो रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है।

### सितंबर में भी फीस में किया था संशोधन

कंपनी ने इससे पहले सितंबर 2025 में प्लेटफॉर्म फीस में संशोधन किया था। वहीं, फरवरी में फेस्टिव सीजन के दौरान इसे 6 से बढ़ाकर 10 रु. प्रति ऑर्डर किया गया था। अगस्त 2023 में जोमैटो ने पहली बार 2 रु. प्रति ऑर्डर प्लेटफॉर्म फीस लागू की थी, जिसे बाद में धीरे-धीरे बढ़ाया गया। प्रतिद्वंद्वी स्विगी फिलहाल 14.99 रु. प्रति ऑर्डर (टैक्स सहित) प्लेटफॉर्म फीस वसूल रहा है।

26-27 मार्च की रात पीआरएस सिस्टम रहेगा ठप

# रेल टिकट की पांच घंटे नहीं होगी बुकिंग, न होंगे कैंसिल

*कंप्यूटर फाइलों के आकार को इस दौरान छोटा किया जाएगा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं 26 और 27 मार्च की रात को लगभग पांच घंटे के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। इस दौरान यात्रियों को टिकट बुकिंग और संबंधित कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर रेलवे ने यह कदम प्रणाली में फाइलों के संपीड़न कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया है। 26 मार्च की रात 11:45 बजे से यह बंदी शुरू होगी।

### ये होता है फाइलों का संपीड़न

फाइलों का संपीड़न (फाइल कंप्रेशन) एक ऐसी तकनीकी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी कंप्यूटर फाइल के आकार को कम किया जाता है ताकि वह कम स्टोरेज स्पेस ले और उसे जल्दी ट्रांसफर किया जा सके। इसमें डेटा को विशेष एल्गोरिदम के माध्यम से दोबारा व्यवस्थित या एन्कोड किया जाता है, जिससे फालतू जानकारी हट जाती है, लेकिन फाइल की मूल सामग्री सुरक्षित रहती है।

वीडियो जारी किया और पत्र भी लिखा

# मोनालिसा को जान से मारने की धमकी.... सीएम से मांगी सुरक्षा

***मेरी शादी को 'लव जिहाद' का नाम देकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश***



मोनालिसा और फरमान खान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा भोंसले को जान से मारने की धमकियां मिलने लगी हैं। खरगोन जिले के महेश्वर की मोनालिसा ने एक वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री और भोपाल पुलिस कमिश्नर से मदद की गुहार लगाई है। मोनालिसा ने मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर के नाम एक औपचारिक पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की मांग की। मोनालिसा ने आरोप लगाया है कि उसे और उसके पति को जान से मारने और काटने की धमकियां दी जा रही हैं। उसने स्पष्ट किया कि वह बालिग है और अपने जीवन के फैसले खुद लेने में सक्षम है, इसके बावजूद उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है।

कुछ लोग इस मामले का इस्तेमाल अपने निजी आर्थिक लाभ के लिए करना चाहते हैं।

### *बड़वानी सांसद ने लगाए लव जिहाद के आरोप उच्चस्तरीय जांच की मांग*

*बड़वानी सांसद गजेंद्र पटेल ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह सामान्य विवाह नहीं प्रतीत होता, बल्कि इसके पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका है। उन्होंने दावा किया कि युवती को कथित रूप से फिल्म शूटिंग के नाम पर केरल ले जाया गया, जहां उससे विवाह कराया गया। लड़का उत्तर प्रदेश का, लड़की मध्य प्रदेश की और विवाह केरल में हुआ। ऐसे में पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और गहन जांच आवश्यक है। सांसद ने सीएम से मुलाकात की।*

यूपी में कुट्टू के आटे में मिलावट

# फलाहार खाने से एडीएम समेत 50 लोग बीमार

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

बागपत और बिजनौर जिलों में एक अपर जिलाधिकारी (एडीएम) समेत करीब 50 लोग कुट्टू के आटे से बना फलाहार खाने से बीमार पड़ गए हैं। सभी को इलाज के लिए जिला संयुक्त अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ौत में भर्ती कराया गया है। घटना में कासिमपुर खेड़ी गांव के एक ही परिवार के 9 सदस्य, मलकपुर गांव के छह लोग तथा बावली गांव के दो लोग भी शामिल हैं, जो दूषित भोजन खाने से प्रभावित हुए।



अस्पताल में मरीज भर्ती

दिल्ली से कनाडा जा रहा था, दिल्ली में लैंडिंग

# चीन के एयरस्पेस से वापस लौटा एयर इंडिया का विमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 185 को तकनीकी कारणों से दिल्ली लौटना पड़ा। चीनी एयर स्पेस से यू-टर्न लेने के बाद विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई गई। एयर इंडिया के बयान के अनुसार विमान ने दिल्ली से उड़ान तो भरी थी, लेकिन चीन के ऊपर से गुजरते वक्त अचानक इसे वापस मोड़ने का फैसला लिया गया। एयर इंडिया ने स्पष्ट किया कि ये फैसला सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया था। विमान के वापस आने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर ग्राउंड टीम ने यात्रियों की मदद की और उन्हें होटल में ठहराने की व्यवस्था की गई। इस अचानक हुए बदलाव से यात्री थोड़े परेशान जरूर हुए, लेकिन तकनीकी जांच और सुरक्षा प्रोटोकॉल के कारण कंपनी ने रिस्क न लेने का फैसला किया।

अचानक तकनीकी खराबी सामने आई



पीथमपुर में अनियंत्रित ट्रक से हादसा

# महिला की कुचलने से मौत, 3 घायल, सब्जी ठेले पर चढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

पीथमपुर में महू-नीमच मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान मधु बाई के रूप में हुई। हादसे में तीन अन्य लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना गुरुवार रात करीब 10.15 बजे सेक्टर-1 थाना क्षेत्र के स्टार होटल व हेल्थ केयर हॉस्पिटल के सामने हुई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे सब्जी बेच रही महिला और तीन अन्य लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल हुए तीन लोगों में से दो की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद इंदौर रेफर किया गया है। ट्रक सड़क किनारे लगी रैलिंग तोड़ते हुए ठेले से टकराया था।

तीनों घायल अस्पताल में भर्ती



# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन जयपुर में आज इंटरएक्टिव सेशन में उद्योगपतियों से करेंगे संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मप्र को देश के सबसे भरोसेमंद और उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर निवेश आकर्षण की सक्रिय मुहिम चला रहे हैं।

वे विभिन्न राज्यों में रोड-शो और उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन संवाद के माध्यम से औद्योगिक संभावनाओं को निवेशकों के सामने रख रहे हैं। भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित सफल संवाद के बाद अब मुख्यमंत्री 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन मप्र में उद्योग जगत से सीधा संवाद करेंगे।

## चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें होंगी

जयपुर में आयोजित सत्र विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नवीकरणीय ऊर्जा, माइनिंग एवं



मिनरल्स तथा पर्यटन से जुड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा। मुख्यमंत्री के साथ प्रत्यक्ष संवाद तथा चयनित निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकें प्रमुख आकर्षण रहेंगी।

### मप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है उद्देश्य

कार्यक्रम का उद्देश्य जयपुर एवं राजस्थान के आसपास के क्षेत्रों के उद्योगपतियों और निवेशकों को मप्र में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों, उन्नत अधोसंरचना, नवीन औद्योगिक नीतियों तथा आकर्षक प्रोत्साहन योजनाओं की प्रत्यक्ष एवं तथ्यात्मक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें राज्य में निवेश के लिए प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि मप्र अब संभावनाओं तक सीमित राज्य नहीं रहा, बल्कि नीतिगत स्पष्टता, त्वरित निर्णय क्षमता और मजबूत औद्योगिक आधार के साथ निवेश को धरातल पर उतारने वाला अग्रणी राज्य बन चुका है। उनका मानना है कि निवेश केवल पूंजी का प्रवाह नहीं, बल्कि रोजगार सृजन, कौशल विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और समग्र क्षेत्रीय विकास का माध्यम है।

### समग्र और समावेशी विकास की ओर अग्रसर मोहन सरकार

मोहन सरकार की प्राथमिकताओं में भी निरंतरता स्पष्टता दिखाई देती है। मध्यप्रदेश ने निवेश आकर्षण व औद्योगिक आधार को सुदृढ़ करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। वहीं वर्ष 2026 को 'कृषि वर्ष' के रूप में चिन्हित करते हुए मुख्यमंत्री अब कृषि, एग्री-बिजनेस, फूड प्रोसेसिंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औद्योगिक विकास के साथ समेकित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे है। यह संतुलित दृष्टिकोण राज्य को समग्र विकास की ओर बढ़ा रहा है।

### टेक्सटाइल, ईवी-ऑटोमोबाइल, फूड प्रोसेसिंग और पर्यटन सेक्टर के निवेशक होंगे शामिल

### निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने आमंत्रित करेंगे सीएम

मुख्यमंत्री मप्र में निवेश के अवसरों, नई औद्योगिक नीतियों और बेहतर अधोसंरचना की जानकारी देते हुए निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेंगे। भारत की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के इस दौर में देश वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी निर्णायक उपस्थिति दर्ज करा रहा है, तब मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने औद्योगिक विस्तार और संतुलित क्षेत्रीय विकास को लेकर एक स्पष्ट, आत्मविश्वासपूर्ण और परिणामोन्मुख रणनीति के साथ आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय निवेश परिदृश्य में भी मध्यप्रदेश अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए स्वयं को एक उभरते हुए निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहा है।

### जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 26 फरवरी को राजस्थान के भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित एक सफल इंटरएक्टिव सत्र में मप्र के धार जिले में देश के पहले पीएम मित्र पार्क में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जयपुर में यह दूसरा प्रमुख आयोजन हो रहा है, जिसके माध्यम से मप्र अपने औद्योगिक सामर्थ्य और निवेश संभावनाओं को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत कर रहा है। राज्य की ओर से अल्प समय में 18 नई औद्योगिक नीतियों का क्रियान्वयन तथा दो 'जन विश्वास अधिनियमों' को लागू कर प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया जाना इस परिवर्तनशील और निवेशोन्मुखी दृष्टिकोण का स्पष्ट प्रमाण है।

---

प्रदेश के सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स की सिंहस्थ 2028 के संबंध में हुई कार्यशाला

# सिंहस्थ का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 का आयोजन आस्था, आध्यात्म और प्रकृति का अद्भुत समागम होगा। सिंहस्थ के मुख्य राजसी स्नान और अन्य स्नान शिप्रा के जल से ही हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सिलारखेड़ी सेवरखेड़ी परियोजना प्रगतिरत है। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण है, जो सुशासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है। डॉ यादव मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा सिंहस्थ-2028 के कार्यों की जानकारी प्रदान करने प्रदेश के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की उज्जैन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ-2028 के लिए कान्ह क्लोज डक्ट, सेवरखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना, शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण, सीवरेज कार्य, मेला क्षेत्र विकास, जिले की कनेक्टविटी को देश से जोड़ने के लिए बनाए जा रहे 6 लेन और 4 लेन मार्गों, रेलवे लाइन, एयरपोर्ट आदि विकास कार्यों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ के लिए किए जा रहे भीड़ प्रबंधन के उपाय, सुरक्षा व्यवस्था, एआई टेक्नोलॉजी का क्रॉउड मैनेजमेंट, श्रद्धालुओं को जानकारी प्रदान करने, पार्किंग आदि में उपयोग संबंधी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर सेंसिटव जानकारी पोस्ट करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करना और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने के बारे में चर्चा की।

» **वर्तमान दौर में सोशल मीडिया बहुत महत्वपूर्ण**

» **शासन और समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का सशक्त मार्ग है सोशल मीडिया**



सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स से चर्चा करते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

## पं. दुबे का विधानसभा अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष रहे। अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया। पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



विधानसभा भवन में श्रद्धांजलि देते सीएम और विधानसभा अध्यक्ष।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने भी दी पुष्पांजलि

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि से विभूषित किया गया। विद्या और ज्ञान के क्षेत्र में की गई सेवाओं और उपलब्धियों के लिए पं. दुबे को 1965 में एलएलडी की उपाधि दी गई, वहीं 1967 में विक्रम विश्वविद्यालय ने इन्हें डी-लिट की उपाधि प्रदान की थी। वे सदैव हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। पुष्पांजलि कार्यक्रम में मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रमुख सचिव विधानसभा अरविन्द शर्मा तथा भूतपूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व पं. दुबे के परिजन सहित विधानसभा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।*

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'आनंद के आयाम' राष्ट्रीय संगोष्ठी' में की शिरकत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस के अवसर पर आयोजित 'आनंद के आयाम- राष्ट्रीय संगोष्ठी' का शुभारंभ किया। संगोष्ठी स्वर्ण जयंती सभागार, प्रशासन अकादमी, भोपाल में शुक्रवार सुबह प्रारंभ हुई। इसमें हार्टफुलनेस संस्थान, हैदराबाद के कमलेश डी पटेल (दाजी) ने मुख्य संबोधन दिया। संगोष्ठी में आनंद और प्रसन्नता के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। संगोष्ठी में 'आनंद' के विषय-विशेषज्ञ, शिक्षाविद, शोधकर्ता, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और समाजसेवी शामिल हुए। राज्य आनंद संस्थान की स्थापना वर्ष 2016 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नागरिकों के बीच आंतरिक कल्याण, भावनात्मक दृढ़ता और मूल्य-आधारित जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। मध्यप्रदेश देश का पहला और एकमात्र राज्य है, जहां 'आनंद विभाग' कार्यरत है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य नागरिकों में आनंद, आंतरिक कल्याण की भावना और मूल्य-आधारित जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन सुशासन और जनभागीदारी को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

---

# बड़वानी एवं मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को एक एक करोड़ रुपए की दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र पुलिस अपने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कल्याण के लिए संचालित योजनाएं कठिन परिस्थितियों में पुलिस परिवारों के लिए सशक्त सहारा बनकर सामने आ रही है। बड़वानी एवं मुरैना में हुई घटनाओं में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई है।

पुलिस बल बड़वानी में पदस्थ स्व. आरक्षक जयेश वर्मा का एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो जाने पर उनका वेतन खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा अंजड़ में पुलिस सैलरी पैकेज योजना से संबद्ध होने के कारण उनके नामांकित उत्तराधिकारी को दुर्घटनावश मृत्यु बीमा के रूप में एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल की ओर से परिजनों को उक्त राशि का चेक सौंपा गया।



### पुलिस सैलरी पैकेज योजना से परिजन को सौंपे चेक

*इससे पूर्व सागर जिले में हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में बीडीडीएस टीम के पुलिसकर्मियों के निधन के बाद मुरैना में स्व. आरक्षक प्रद्युम्न दीक्षित एवं स्व. आरक्षक अनिल कौरव के परिजनों को भी एसबीआई पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ ने परिजनों को उक्त राशि के चेक सौंपे। मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस वेतन पैकेज खाता के जरिए अनेक वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें एक करोड़ रुपए का आकस्मिक मृत्यु बीमा, होम लोन पर विशेष ब्याज दरें, मुफ्त डेबिट कार्ड और बीमा परिवार के लिए अतिरिक्त आर्थिक सुरक्षा कवच शामिल हैं।*

# 1500 करोड़ की लागत से हाइवे-49 बनेगा फोरलेन, मंजूरी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

शहर के लिए महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग -49 के शेष हिस्से को फोरलेन बनाने की दिशा में बड़ी पहल शुरू हो गई है।

छत्तीसगढ़ के इस प्रमुख औद्योगिक मार्ग को उन्नत करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने अकलतरा के तरौद चौक से रायगढ़ होते हुए ओडिशा बॉर्डर तक फोरलेन सड़क निर्माण की योजना तैयार की है। राज्य शासन ने 155 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को मंजूरी दी है। इसमें तरौद चौक अकलतरा से रायगढ़ तक 115 किलोमीटर और रायगढ़ से ओडिशा बॉर्डर तक 40 किलोमीटर का हिस्सा शामिल है। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1200 से 1500 करोड़ रुपए तय है। विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए मंत्रालय ने इंडियन टेक्नो कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है।

---

नोएडा से चल रहा था फर्जी कॉल सेंटर

# महिला की आवाज में देशभर में करते थे करोड़ों की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए गाजियाबाद निवासी अनिल कुमार, अजय तिवारी और रिंकू सिंह को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी नोएडा के गौर सिटी मॉल में फर्जी कॉल सेंटर संचालित कर देशभर के लोगों को बीमा पॉलिसी की मैच्योरिटी राशि और लोन दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी कर रहे थे। आरोपियों ने रायपुर के मुजगहन निवासी परमजीत सिंह चड्ढा से ही 9.60 लाख रुपये ठग लिए थे।

बीमा मैच्योरिटी के नाम पर बनाया शिकार पुलिस के मुताबिक, प्रार्थी परमजीत सिंह चड्ढा को नवंबर 2024 में एक कॉल आया, जिसमें खुद को बैंक अधिकारी बताकर कहा गया कि उनके नाम पर 98.64 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी मैच्योर हो चुकी है। आरोपी अनिरुद्ध चौधरी और उसकी सहयोगी सरला आर्या ने प्रोसेसिंग फीस, कागजी कार्रवाई, टैक्स और एनओसी के नाम पर अलग-अलग किश्तों में रकम जमा कराई। झांसे में आकर प्रार्थी ने मार्च से जुलाई 2025 के बीच अलग-अलग बैंक खातों में कुल 9.60 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब आरोपियों ने आरबीआई के फर्जी दस्तावेज और डीडी भेजे, तब शक होने पर प्रार्थी ने बैंक में जांच कराई, जहां ठगी का राजफाश हुआ।

### नोएडा के गौर सिटी मॉल में रेड और गिरफ्तारी

*मामले की जांच में जुटी एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और मुजगहन पुलिस ने मोबाइल नंबर और बैंक खातों का तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान आरोपियों की लोकेशन दिल्ली-एनसीआर में मिली। पुलिस टीम को दिल्ली भेजा गया, जहां नोएडा के गौर सिटी मॉल में संचालित फर्जी कॉल सेंटर पर रेड की कार्रवाई की गई।*

### महिला की आवाज निकालकर करते थे बात

*पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए आवाज बदलकर महिला बनकर बात करते थे, जिससे लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते थे। यह गिरोह पिछले करीब नौ महीने से सक्रिय था और देशभर में लोगों को ठग चुका है। रेड के दौरान मौके से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। आरोपियों की पहचान और जांच जारी पुलिस अब उनसे अन्य राज्यों में हुई ठगी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, गिरोह ने फर्जी मोबाइल नंबर और बैंक खातों का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाई थी। गिरफ्तार आरोपियों में अनिल कुमार (37) निवासी लोनी देहात, अजय तिवारी (33) निवासी विजय नगर और रिंकू सिंह (42) निवासी शालीमार गार्डन, गाजियाबाद शामिल हैं।*

---

पुलिस महकमे में हड़कंप

# तमनार के जंगलों में प्रोफेशनल तरीके से उगाई जा रही अफीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ में अवैध अफीम की खेती का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। दुर्ग और बलरामपुर के बाद अब रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती का खुलासा हुआ है।

प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर कई एकड़ जमीन पर खड़ी फसल का मुआयना किया और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तमनार के ओडिशा बॉर्डर से लगे आमाघाट वन क्षेत्र में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियों की चर्चा थी। नदी किनारे अवैध खेती की सूचना मिलने के बाद तमनार पुलिस ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस, एफएसएल, राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। जांच में संगठित तरीके से की जा रही अफीम की खेती का खुलासा हुआ।

### खेत में अफीम की फसल देख अधिकारी भी चौंके

*मौके पर अफीम की फसल देखकर पुलिस और अधिकारी भी हैरान रह गए। जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंचने लगे, जिन्हें सुरक्षा कारणों से रोका गया। एसएसपी शशि मोहन सिंह भी तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। जांच में दो प्लॉट में अफीम के पौधे मिले। पौधों से निकले डोडों पर ब्लेड से चीरा लगाकर उत्पाद निकालने के संकेत मिले हैं।*

---

क्राइम ब्रांच ने रंगे हाथों पकड़ा

# मेडिकल इक्विपमेंट में छिपाकर मंगा रहा था दिल्ली से कोकीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच और देवेंद्र नगर थाना पुलिस ने एक युवक को कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी मेडिकल उपकरणों के भीतर छिपाकर कोकीन मंगाने का शातिर तरीका अपनाता था।

पुलिस के अनुसार, गीतांजलि नगर निवासी कृष्ण कुमार अग्रवाल को उस समय पकड़ा गया, जब वह देवेंद्र नगर स्थित एक कोरियर कंपनी से पार्सल रिसीव कर बाहर निकल रहा था। जांच के दौरान पार्सल में रखी बीपी (ब्लड प्रेशर) मशीन के भीतर छिपाकर रखी गई 4.55 ग्राम कोकीन बरामद की गई।

### एंटीक और मेडिकल सामान के बीच छिपाता था ड्रग्स

*प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी कोकीन को एंटीक आइटम और मेडिकल इक्विपमेंट के बीच छिपाकर कोरियर के जरिए मंगवाता था, ताकि किसी को शक न हो। इस बार भी उसने बीपी मशीन के अंदर ड्रग्स छिपाकर मंगवाई थी।*

### गाड़ी और मोबाइल भी जब्त

*पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कोकीन के साथ एक चार पहिया वाहन और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी अपने ड्राइवर के नाम से कोरियर मंगवाता था और खुद रिसीव करने पहुंचता था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दिल्ली के किसी निक नाम के सप्लायर से कोकीन मंगवाता था।*

---

## 2028 तक स्मार्ट मीटर अनिवार्यता में दी गई छूट

मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने लिया निर्णय

# अब बिना स्मार्ट मीटर भी मिलेगा बिजली कनेक्शन गरीब और आदिवासी परिवारों को मिली बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में गरीब और दूरदराज के आदिवासी परिवारों के लिए बिजली कनेक्शन लेना अब



आसान हो जाएगा। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने बड़ा फैसला लेते हुए नए कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता को मार्च 2028 तक टाल दिया है। इस निर्णय से विशेष पिछड़ी जनजातियों और ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

अब तक नियम था कि हर नए बिजली कनेक्शन के लिए स्मार्ट या प्रीपेड मीटर लगाना अनिवार्य होगा। लेकिन जमीनी स्तर पर नेटवर्क की कमी, तकनीकी ढांचे का अभाव और उपकरणों की अनुपलब्धता के कारण दूरदराज गांवों में यह व्यवस्था लागू नहीं हो पा रही थी। इसके चलते कई जरूरतमंद परिवार बिजली कनेक्शन से वंचित रह जाते थे। आयोग ने इन व्यावहारिक समस्याओं को स्वीकार करते हुए बिजली कंपनियों को राहत दी है। अब कंपनियां नए कनेक्शन देने और खराब या जले हुए मीटर बदलने के लिए पारंपरिक (कन्वेंशनल) मीटर या नॉन-स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग कर सकेंगी। खासतौर पर उन ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

### स्मार्ट मीटरः सिर्फ मशीन नहीं, पूरा सिस्टम

बिजली कंपनियों ने आयोग को बताया कि स्मार्ट मीटर केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि एक पूरा डिजिटल इकोसिस्टम है। इसमें सर्वर, नेटवर्क कनेक्टिविटी और बिलिंग इंटीग्रेशन जैसी सुविधाएं जरूरी होती हैं। इन व्यवस्थाओं के बिना स्मार्ट मीटर प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते। साथ ही, देशभर में बढ़ती मांग के कारण स्मार्ट मीटर की सप्लाई भी प्रभावित हो रही है। कंपनियों की प्रगति और लक्ष्य

प्रदेश की तीनों बिजली वितरण कंपनियां-ईस्ट, सेंट्रल और वेस्ट डिस्कॉम-अपने-अपने क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही हैं, लेकिन अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं।

ईस्ट डिस्कॉमः 56.50 लाख लक्ष्य, 25.90 लाख अवार्ड, सेंट्रल डिस्कॉमः 41.35 लाख लक्ष्य, 20.99 लाख अवार्ड

वेस्ट डिस्कॉमः 39.84 लाख लक्ष्य, लगभग 11.75 लाख अवार्ड

इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अलग-अलग समयसीमा तय की गई है, जो 2026 से 2027 तक फैली हुई है। प्रदेश में बिजली चोरी और लाइन लॉस के कारण वितरण कंपनियों को हर साल करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। इसी घाटे को कम करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

---

# समग्र शिक्षा बजट की मप्र को जारी हुई चौथी किश्त, मिले 688.44 करोड़ रुपए

**भोपाल।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा मध्यप्रदेश को समग्र शिक्षा की चौथी और अंतिम किश्त भी जारी कर दी गई है। देश के बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहला राज्य है, जिसे इस केन्द्रीय योजना की चौथी किश्त जारी की गई है। भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा की चौथी किश्त में मध्यप्रदेश को 688.44 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। समग्र शिक्षा योजना देश भर में केन्द्र और राज्य सरकारों के मिश्रित बजट से संचालित की जाती है। राज्य सरकार के द्वारा स्वयं की 40 प्रतिशत अंश निधि जारी करने एवं पिछली किश्त की कुल राशि का न्यूनतम 75 प्रतिशत व्यय करने के बाद ही केन्द्र सरकार के द्वारा अगली किश्त प्रदान की जाती है। इस उपलब्धि पर स्कूल शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में स्कूली शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और निरन्तर किए जा रहे संवेदनशील प्रयासों को दर्शाती है।

## प्रीमियम पेट्रोल 2.35 रुपए महंगा, आम पेट्रोल अगला निशाना

**वैश्विक जंग का असर**

# शहरवासियों की जेब पर वार

### मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का सीधा असर अब जबलपुर की सड़कों पर दिखने लगा है।

**जबलपुर।** शुक्रवार सुबह 6 बजे से तेल कंपनियों ने नई दरें लागू कर दीं, जिनमें प्रीमियम पेट्रोल के दामों में 2.35 रुपए तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सामान्य पेट्रोल फिलहाल 106.56 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है, जबकि डीजल 91.95 रुपए प्रति लीटर पर स्थिर है। हालांकि बढ़ोतरी फिलहाल पावर और स्पीड जैसे प्रीमियम वेरिएंट में हुई है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह संकेत है—आने वाले दिनों में सामान्य पेट्रोल भी महंगा हो सकता है।

जबलपुर में ईंधन कीमतों में बदलाव का असर केवल निजी वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि ऑटो, टैक्सी, मालवाहक वाहनों और लॉजिस्टिक्स सेक्टर पर भी पड़ता है। स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि पहले ही रोजमर्रा के खर्च बढ़े हुए हैं, ऐसे में पेट्रोल की हर बढ़ोतरी बजट बिगाड़ देती है। ऑटो संचालकों ने संकेत दिए हैं कि सामान्य पेट्रोल महंगा हुआ तो किराए में संशोधन करना पड़ सकता है।

#### महंगाई की आहट

पेट्रोल महंगा होने से परिवहन लागत बढ़ने की आशंका है। मालवाहक कंपनियों का कहना है कि यदि ईंधन दरें ऊंची रहीं तो भाड़ा बढ़ाया जा सकता है। इसका असर फल, सब्जी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर दिख सकता है। आर्थिक जानकारों का यह भी कहना है कि मध्य प्रदेश में अपेक्षाकृत अधिक वैट के कारण भी पेट्रोल की कीमतें ऊंची रहती हैं। ऐसे में वैश्विक उछाल का प्रभाव यहां और ज्यादा महसूस होता है।

#### राहत के आसार नहीं

विशेषज्ञों के अनुसार, जब तक कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे नहीं आता और रुपये की स्थिति मजबूत नहीं होती, तब तक राहत की संभावना कम है। फिलहाल तेल बाजार की नजर मध्य-पूर्व के घटनाक्रम पर टिकी है। स्पष्ट है कि हजारों किलोमीटर दूर चल रहे वैश्विक तनाव का असर अब जबलपुर की आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। प्रीमियम पेट्रोल की बढ़ोतरी एक चेतावनी संकेत है अगर हालात नहीं सुधरे, तो सामान्य पेट्रोल भी जल्द महंगा हो सकता है।



#### क्यों बढ़ रहे दाम

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 112 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने तेल आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने आयात लागत बढ़ा दी है। ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार, भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार में हलचल का असर सीधे घरेलू कीमतों पर पड़ता है। जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें 100 डॉलर से ऊपर स्थिर रहती हैं, तो तेल कंपनियां धीरे-धीरे खुदरा दरों में संशोधन शुरू करती हैं।

## रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग स्कूल छात्रा के साथ डरा धमकाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामलें में प पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेलखेड़ा थाना प्रभारी लवकेश उपाध्याय ने बताया कि बेलखेड़ा निवासी 11वीं कक्षा की छात्रा की पहचान करीब एक साल पहले आदिल खान नामक युवक से हुई थी। आरोपी ने दोस्ती की आड़ में छात्रा का भरोसा जीता और फिर उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। बीते 30 दिसंबर को आदिल ने उसे स्कूल के पीछे बुलाया था। वहां आरोपी उसे जबरदस्ती एक सूने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब हाल ही में छात्रा का स्वास्थ्य बिगड़ा और उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया, परीक्षण के दौरान पता चला कि वह दो माह की गर्भवती है। घर पर कड़ाई से पूछने पर पीड़िता ने आरोपी आदिल खान की पूरी करतूत बयां कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया।

चीफ जस्टिस के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया

## सुको के निर्देश पर हाईकोर्ट में शुरू हुई सोम डिस्लरीज के मामले की सुनवाई

**जबलपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद शुक्रवार को मप्र हाईकोर्ट में सोम डिस्टिलरीज के मामले में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं और सरकार ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। समयाभाव के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई 23 मार्च को नियत की है। गौरतलब है कि इससे पहले जस्टिस विशाल मिश्रा और जस्टिस संदीप एन भट्ट की एकलपीठों ने मामले पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। इसके बाद चीफ जस्टिस के आदेश पर मामला जस्टिस विवेक अग्रवाल की बेंच में नियत किया गया।

दरअसल, मध्य प्रदेश सरकार ने 4 फरवरी को शराब कंपनी सोम डिस्टिलरीज का लाइसेंस रद्द कर दिया था। जिसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने सोम डिस्टिलरीज के सभी लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। रायसेन जिले में स्थित सोम डिस्टिलरीज एंड ब्रेवरीज लिमिटेड और मेसर्स सोम डिस्टिलरीज प्रा. लि. का लाइसेंस आबकारी आयुक्त ने सस्पेंड कर दिया है। तत्कालीन आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल द्वारा जारी आदेश के अनुसार कंपनियों के संचालक, प्रतिनिधि, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अपर सत्र न्यायालय, देपालपुर जिला इंदौर के एक प्रकरण में पारित निर्णय के आधार पर कार्रवाई की गई थी। इसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर द्वारा संबंधित आपराधिक अपीलों में सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगाई गई है, लेकिन दोषसिद्धि अभी भी प्रभावी है।

**कर्मचारियों का पीएफ रोकने वाले कंपनी मालिक को नहीं मिली राहत**

## पैसा जमा कर देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बीपी शर्मा की एकलपीठ ने कर्मचारियों के भविष्य निधि से संबंधित एक मामले में गड़बड़ी करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि बाद में पैसा जमा कर देने से अपराध खत्म नहीं हो जाता और ऐसे मामलों में मुकदमा जारी रहेगा। इस मत के साथ ही न्यायालय ने भोपाल की सिक्योरिटी कंपनी के मालिक की ओर से दायर 34 याचिकाएं एक साथ खारिज कर दीं।

यह पूरा मामला भोपाल के एमपी नगर स्थित मे. एमपी सिक्योरिटी फोर्स कंपनी से जुड़ा है, जिसके मालिक एलएल सोनी हैं। उन पर आरोप है की कर्मचारियों के वेतन से 2008 से 2012 की अवधि में कर्मचारियों के भविष्य निधि की राशि काटी गई लेकिन यह राशि सरकारी खाते में जमा नहीं कराई गई। इस पर रीजनल प्रोविडेंट फंड कमिश्नर कार्यालय के एन्फोर्समेंट ऑफिसर द्वारा उनके खिलाफ भोपाल की अदालत में परिवाद दाखिल किया गया था। इसी मामले में याचिकाकर्ता कंपनी मालिक ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। कंपनी मालिक की ओर से सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि उसने विवादित 1.76 करोड़ की राशि जमा कर दी है, इसलिए उसके खिलाफ चल रहे सभी मुकदमों को खारिज किया जाएँ। मामले में एन्फोर्समेंट ऑफिसर की ओर से अधिवक्ता अभिषेक अरजरिया और राहुल चौरसिया ने दलील दी कि कई मामलों में गवाही शुरू हो चुकी है, कुछ मामलों में ट्रायल अंतिम चरण में है। यही नहीं कुछ मामलों में तो सुनवाई पूरी भी हो चुकी है। ऐसे में केवल पैसा जमा करने के आधार पर मुकदमा खत्म करना गलत होगा।

उभय पक्षें को सुनने के बाद एकलपीठ नेक अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि "यदि बाद में पैसा जमा करने पर मुकदमे खत्म किए जाएं, तो मालिक जानबूझकर कर्मचारियों का पैसा रोकना शुरू कर देंगे।"एकलपीठ ने यह भी स्पष्ट किया समय पर पीएफ जमा न करना स्वयं में अपराध है। बाद में भुगतान करने से अपराध समाप्त नहीं होता। याचिकाकर्ता के खिलाफ प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। इस मत के साथ न्यायालय ने कंपनी मालिक को किसी तरह की राहत देने से इनकार करते हुए सभी 34 याचिकाएं खारिज कर दीं। इसके साथ ही न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी की जाए।

## एक्टीवा की डिक्की में रखा मेडिकल छात्र का टैब चोरी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत मेडिकल कॉलेज में खड़ी एक्टिवा की डिक्की में रखा एमबीबीएस के छात्र का टैब अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। चोरी गए टैब की कीमत 20 हजार रुपए की बताई गई है। तिलवारा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ा मोहल्ला बरखेड़ी थाना जहांगीराबाद भोपाल निवासी 24 वर्षीय कुनाल यादव वर्तमान में जसूजा सिटी धनवंतरीनगर संजीवनीनगर में रहकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। गत शाम लगभग 7 बजे कुनाल यादव संग्राम सागर बाजनामठ घूमने आया और अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 04 यूएल 1766 की डिक्की में जियोमी कम्पनी का टेबलेट रखा था। वह तालाब से वापस मेडिकल कॉलेज आया गाड़ी मेडिकल कॉलेज में खड़ी कर मेडिकल कॉलेज की लायब्रेरी में गया और फिर गाड़ी की डिक्की खोलकर देखा तो डिक्की में रखा टैब अज्ञात चोर चोरी कर ले गया।

मुद्दों की कसौटी पर 36 उम्मीदवार मैदान में

## रादुविवि कर्मचारी संघ चुनाव: मतदान 25 को

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावति विश्वविद्यालय के शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के चुनाव इस बार केवल पदों की प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कर्मचारियों के लंबित मुद्दों और अधिकारों की बहाली का सवाल भी केंद्र में है। 25 मार्च को होने वाले मतदान में अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए 36 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव प्रक्रिया ने विश्वविद्यालय परिसर में गतिविधियों को तेज कर दिया है। अध्यक्ष पद पर प्रेम प्रकाश पुरोहित, संजय यादव और वीरेन्द्र सिंह के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। तीनों प्रत्याशी कर्मचारियों के हितों, पदोन्नति प्रक्रिया में पारदर्शिता, वेतन विसंगतियों के निराकरण और प्रशासन के साथ संवाद मजबूत करने जैसे मुद्दों को अपने एजेंडे में प्रमुखता दे रहे हैं। कर्मचारियों के बीच यह चर्चा है कि आगामी कार्यकारिणी को लंबित सेवा संबंधी प्रकरणों के समाधान की दिशा में ठोस पहल करनी होगी।



#### अवकाश के बीच घर-घर संपर्क

चुनाव प्रचार के दौरान अवकाश के चार दिन आने से रणनीति में बदलाव किया गया है। प्रत्याशी 22 मार्च तक कर्मचारियों के घरों तक पहुंचकर व्यक्तिगत संपर्क कर रहे हैं। इसके बाद 23 और 24 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में औपचारिक प्रचार अभियान चलाया जाएगा। इस बार व्यक्तिगत संवाद और भरोसे की राजनीति को निर्णायक माना जा रहा है।

#### अन्य पदों पर भी बहुकोणीय मुकाबला

उपाध्यक्ष पद के लिए छह उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पदों पर भी एक से अधिक दावेदार चुनावी समर में हैं। कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 15 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्वाचन अधिकारी प्रो. राकेश वाजपेई ने अंतिम सूची जारी कर दी है।

#### कर्मचारियों की अपेक्षाएं ज्यादा


विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का कहना है कि नई कार्यकारिणी से वे समयबद्ध पदोन्नति, सेवा शर्तों में सुधार, स्थानांतरण संबंधी स्पष्ट नीति और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की अपेक्षा रखते हैं। पिछले कार्यकाल के अनुभवों को देखते हुए इस बार मतदाता उम्मीदवारों के वादों के साथ उनकी कार्यशैली और सक्रियता को भी परख रहे हैं।

## रसोई गैस कालाबाजारी और अवैध भंडारण की सूचना देने वालों को मिलेगा पुरस्कार

**जबलपुर।** वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुये रसोई गैस सिलेंडारों के दुरुपयोग एवं कालाबाजारी को रोकने जिला प्रशासन द्वारा सूचना देने वाले व्यक्ति को जप्त सिलेंडरों की अनुमानित लागत की 25 प्रतिशत राशि पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की है। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं एलपीजी नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र अहके के अनुसार जिले में रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध भंडारण रोकने प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जो भी व्यक्ति गैस सिलेण्डरों की ब्लैक मार्केटिंग अथवा अवैध भंडारण या व्यापार होने से संबंधित सूचना देगा तथा सूचना सही पाई जाने पर उस व्यक्ति को जप्तशुदा राजसात गैस सिलेण्डरों की अनुमानित राशि का 25 प्रतिशत अथवा अधिकतम राशि रूपये पाँच हजार रूपये से पुरस्कृत किया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर के मुताबिक सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी। रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सूचना एलपीजी के नोडल अधिकारी को मोबाइल नम्बर 88780 38092 पर अथवा कंट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर 95843 19092 पर कॉल कर या व्हाटसएप पर मैसेज के माध्यम दी जा सकती है।

## एमपी ट्रांसको के नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों का फील्ड प्रशिक्षण शुरु

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों (जेई) के लिए फील्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है। मुख्यालय जबलपुर में इस प्रशिक्षण के लिए विशेष रूप से गठित कोर टीम के संयोजन में यह कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कोर टीम के मार्गदर्शन में नव-नियुक्त अभियंताओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने तथा उन्हें वास्तविक कार्य परिस्थितियों के लिए तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रशिक्षण सर्किल स्तर के मेंटर्स के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है। अनुभवी मेंटर्स अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षुओं को बेहतर कार्य निष्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में इंदौर स्थित 220 केवी मांगलिया सबस्टेशन में मेंटर्स कार्यपालन अभियंता विनीता भावसार द्वारा नव-नियुक्त जूनियर इंजीनियरों को ट्रांसमिशन सिस्टम की व्यवहारिक जानकारी दी गई। यहाँ उन्हें सबस्टेशन के संचालन, रखरखाव, सुरक्षा मानकों तथा आपात परिस्थितियों में कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।



**सौंदर्यीकरण और जल संरक्षण पर दिया जोर**

## तंग गलियों और बस्तियों में घूमे निगमायुक्त

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने शुक्रवार की सुबह संभाग क्रमांक 8 भानतलैया के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल मुख्य मार्गों, बल्कि बस्तियों और संकरी गलियों में पैदल भ्रमण कर सफाई, पेयजल आपूर्ति और अधोसंरचना विकास कार्यों की बारीकी से जानकारी ली।



निगमायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किये।

#### पार्कों का कायाकल्प और वाटर हार्वेस्टिंग

वार्डों के भ्रमण के पश्चात निगमायुक्त गांधी भवन उद्यान एवं संगम कॉलोनी स्थित 'दादा-दादी पार्क' पहुँचे। उन्होंने उद्यानों के रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए इनके सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए उन्होंने पार्कों में सोकपिट बनाने के निर्देश दिए, जिससे वर्षा जल का संचयन हो सके और भू-जल स्तर में सुधार आए। इस अवसर पर

#### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी

इस निरीक्षण के दौरान पार्षद श्रीमती अनीता जाट एवं पूर्व पार्षद सतवीर जाट के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, अनिल बारी, पोला राव, संभागीय यंत्री पंकज अवस्थी, अनुराग पाठक, दीप्ति भानरिया, अमन तिवारी,सभी मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आदि भी साथ रहे।

#### शहर के विकास को मिलेगी गति

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा अमृत फेस-1 और फेस-2 जल प्रदाय योजना सहित शहर में चल रहे विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि शहर के विकास में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी।

#### सड़क एवं पुलिया निर्माण

उन्होंने कहा कि शहर की आंतरिक सड़कों, पुलियों और नाला-नालियों के निर्माण कार्य में गति लाई जाए। निगमायुक्त ने कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।"




## कांग्रेस मंडलम/वार्ड कमेटियों का गठन

**जबलपुर।** संगठन सृजन अभियान कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक कांग्रेस के जॉर्ज डिसील्वा वार्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी, राजकुमार खुराना, यतेंद्र हीरा चौकसे ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत सिंह गुर्जर ने की। बैठक में ब्लॉक प्रभारी सुधीश जैन, सरबजीत सिंह रील, श्रीमती बलविंदर मांन, सुधीर सोनकर सहित वार्ड के अनेकों कांग्रेस साथी उपस्थित रहे। बैठक में मंडलम / वार्ड अध्यक्ष हेतु श्रीमती श्वेता गुप्ता के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही मंडलम/वार्ड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सभी साथियों ने अपने वार्ड में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया ।

**संजीवनीनगर और गोहलपुर में वारदाते**

## नकाबपोशो की गुंडागर्दी, चाकू चलाए, 2 घायल


**जबलपुर।** संजीवनीनगर और गोहलपुर थाना क्षेत्र में जबरन रुपयों की मांग पूरी नहीं होने पर बदमाशों ने दो व्यक्तियों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विभाग आफिस संजीवनीनगर निवासी 46 वर्षीय सोहनलाल साहनी गत रात लगभग 9 बजे गुरंदी स्थित अपनी गोली बिस्कुट होलसेल की दुकान बंद करके अपनी एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 वाई 8754 से अपने घर आ रहा था लगभग 9.45 बजे लाल मैदान मारूती मार्बल के घर के सामने रोड़ पर पहुँचा तभी एक मोटर सायकल में तीन नकाबपोश आए और उसे रोककर उससे शराब पीने के लिए 2 हजार रूपये की मांग करने लगे, मना करने पर मोटर सायकल में पीछे बैठे व्यक्ति ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। तीनों लड़कों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष की होगी। पुलिस ने तीनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह गोहलपुर में मिलौनीगंज मछली मार्केट के पास निवासी 50 वर्षीय वहजुल कमर गत शाम लगभग 5 बजे अपनी दुकान बंद कर अपनी ओला गाड़ी से घर जा रहा था जैसे ही मल्टी गेट के पहले पहुँचा तभी पीछे से टू व्हीलर गाड़ी में 2 अज्ञात लड़कों ने उसका रास्ता रोका और अवैध रूप से पैसों की मांग करने लगे, मना करने पर दोनों ने गालीगलौज की और पीछे बैठे लड़के ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसका भाई वसीम और मोह. अयूब बचाने दौड़े तो दोनों भागते हुये बोले कि तुम आकिब भाईजान की जमीन छोड़ दो नहीं तो ठीक नहीं होग। बताया गया है कि कुछ दिन पूर्व वहजुल कमर ने अमखेरा में एक जमीन बैंक से फायनेंस कराकर क्रय की थी जिसका विवाद आकिब भाईजान से चल रहा है उसे शंका है कि उसके साथ चाकू बाजी की घटना में आकिब भाईजान का हाथ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 126(2), 118(1), 119(1), 351(3), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी पर कार्रवाई

**जबलपुर।** सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों की अब खैर नहीं हैं। शहर के सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व पिलाने वालों पर जबलपुर पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके साथ ही समय बदल बदल कर चैकिंग प्वाइंट लगाकर यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है।

पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान पिछले 24 घंटों में आदतन अपराध करने वाले 27 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 131 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 29 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 3 गैरम्यादी, 5 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 30 जमानती वारंट तामील किये गये तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 26 व्यक्तियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 8 बॉटल बीयर एवं 1466 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 48 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा २ व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये । इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 141 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 77 हजार 100 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

## विभाग की प्रदर्शनी का ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले ने किया अवलोकन



**जबलपुर।** नई दिल्ली में केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित चार दिवसीय "भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026" में मध्य प्रदेश के सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले गुरुवार को ऊर्जा विभाग की प्रदर्शनी देखने पहुंचे। श्री गढ़पाले ने "भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026" में ऊर्जा विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की विद्युत कंपनियों एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी जबलपुर, एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी जबलपुर, एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी जबलपुर, मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जबलपुर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल एवं पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की सराहना की। इस अवसर पर एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक संदीप गायकवाड़, एमपी पावर मैनेजमेंट के नई दिल्ली स्थित कार्यालय की अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती रीता हल्दर, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित सभी कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नमाज़ियों ने मांगी अमन और खुशहाली की दुआ, बाजारों में रही रौनक

# ईद-उल-फित्र आजः मस्जिदों में अदा हुई जुमाअतुल

**जबलपुर।** रमज़ान के मुक़द्दस महीने की रुख़सती के साथ आज 21 मार्च, शनिवार को शहर में ईद-उल-फित्र का त्योहार अकीदत और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना डॉ. मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने ऐलान किया है कि ईद की नमाज़ शहर की सभी ईदगाहों और प्रमुख मस्जिदों में तय समय पर अदा की जाएगी। रमज़ान के आख़िरी जुमे पर शहर की मस्जिदों में जुमाअतुल विदा की नमाज़ भी बड़ी तादाद में अदा की गई। नमाज़ियों ने अमन, भाईचारे और मुल्क की खुशहाली के लिए दुआएँ मांगीं। मस्जिदों में सुबह से ही रोज़ेदारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी और रमज़ान की बरकतों के लिए शुक्र अदा किया गया।

### ईदगाह कला रानीताल में मुख्य कार्यक्रम

ईद के मौके पर ईदगाह कला रानीताल में विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। यहां मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश नमाज़ से पहले मुस्लिम समाज को संबोधित करेंगे। इसके बाद सुबह ठीक 10:30 बजे नायब मुफ्ती-ए-आज़म मध्यप्रदेश सूफी जियाउल हक कादरी बुरहानी ईद की नमाज़ अदा कराएंगे। हज़रत मौलाना इनामुल हक कादरी ने सभी नमाज़ियों से अपील की है कि वे समय से पहले पहुंचें और अनुशासन



बनाए रखें।

### मोमिन ईदगाह गोहलपुर

मोमिन ईदगाह गोहलपुर में सुबह 8:30 बजे ईद की नमाज़ अदा की जाएगी। हाफिज मोहम्मद ताहिर साहब की इमामत में नमाज़ अदा होगी। कमेटी की ओर से लोगों से समय पर पहुंचने और व्यवस्था में सहयोग की अपील की गई है।

### सदर ईदगाह और जामा मस्जिद

सदर ईदगाह में सुबह 9 बजे हाफिज कारी सुल्तान अशरफी ईद की नमाज़ अदा कराएंगे। अकबर खान सरवर और अब्दुल शफीक कुरैशी ने नमाज़ियों से वक्त से पहले पहुंचने की अपील की है।इसके बाद सदर जामा मस्जिद में सुबह 9:30 बजे हाफिज सलीम की इमामत में ईद की नमाज़ अदा की जाएगी।

### गढ़ा ईदगाह

गढ़ा ईदगाह में सुबह 10 बजे हाफिज कारी मौलाना अमीर अशरफ ईद की नमाज़ अदा कराएंगे। कमेटी के हाजी तौसीफ रजा एवं पदाधिकारियों ने सभी से समय से पहले पहुंचकर व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

### शिया जामा मस्जिद

शिया जामा मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में सुबह 10 बजे मौलाना हैदर मेहदी साहब की कयादत में ईदुल फित्र की नमाज़ अदा की जाएगी। श्री बाबा जैदी ने भी नमाज़ियों से समय से पहले पहुंचने का आग्रह किया है।

### बाजारों में रौनक, प्रशासन अलर्ट

ईद के मद्देनज़र शहर के बाजारों में देर रात तक खरीदारी का दौर चलता रहा। कपड़े, सेवइयां, मिठाइयों और इत्र की दुकानों पर खासा उत्साह देखा गया। प्रशासन की ओर से ईदगाहों के आसपास सुरक्षा और यातायात की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि नमाज़ शांतिपूर्वक संपन्न हो सके।

# सीएम हेल्पलाइन 181 की छवि धूमिल कर रहे जनपद अधिकारी

## हरदुली में सड़क निर्माण में अनियमितताओं के आरोप, जांच की उठी मांग

**बरगी।** ग्राम पंचायत हरदुली में सड़क निर्माण कार्य को लेकर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जनपद सदस्य अशोक पटेल ने इस संबंध में कलेक्टर को शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, ग्राम पंचायत की सरपंच विश्व देवी पंचदेव द्वारा सड़क निर्माण में घटिया सामग्री और निम्न गुणवत्ता के सीमेंट का उपयोग किया गया। निर्माण के दौरान मानकों के अनुरूप तराई नहीं किए जाने के कारण सड़क से धूल उड़ रही है और गिट्टी उखड़ने लगी है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अशोक पटेल ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज कराई थी, लेकिन बिना स्थल निरीक्षण किए ही एल-1 अधिकारी द्वारा इसे "मांग आधारित" बताकर स्थगित कर दिया गया। असहमति जताने पर मामला एल-2 और फिर एल-3 स्तर तक पहुंचा, जहां भी बिना जांच के शिकायत को बंद कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला सोशल मीडिया पर उठने के बाद जांच से बचने के लिए



करीब दो माह पूर्व बनी सड़क पर दो इंच की अतिरिक्त परत डाल दी गई, जो निर्माण में गड़बड़ी की ओर संकेत करती है। जनपद सदस्य ने सवाल उठाया कि जब जनप्रतिनिधि की शिकायत का यह हाल है, तो आम नागरिकों की शिकायतों पर क्या कार्रवाई होती होगी। उन्होंने कलेक्टर से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने रानी अवंती बाई लोधी की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि जबलपुर।

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की नायिका, अदम्य साहस और शौर्य की प्रतीक रानी अवंति बाई लोधी की 168 वीं पुण्य तिथि पर आज धनवंतरि नगर चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके अनुज एवं मध्यप्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल सहित सामाजिक बंधु एवं नागरिकगण उपस्थित रहे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी का जीवन साहस, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम प्रतीक है। उन्होंने अंग्रेजो के शासन के विरुद्ध संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि रानी अवंती बाई लोधी जी की पुण्यतिथि को केवल श्रद्धांजलि तक सीमित न रखकर "संकल्प दिवस" के रूप में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज ने हम पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरना हमारा दायित्व है। समाज के किसी भी व्यक्ति के कष्ट या चुनौती को प्राथमिकता से स्वीकार कर उसके समाधान हेतु प्रयास करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**पुण्यतिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाकर समाज के प्रति दायित्व निभाने का किया आह्वान**

# विकास को मिलेगी रफ्तार, निगमायुक्त ने की अमृत योजना की समीक्षा

## जल प्रदाय, सड़कों और बुनियादी ढांचा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**जबलपुर।** नागरिकों को बेहतर जल आपूर्ति और सुदृढ़ बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विकास कार्यों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने अमृत फेस-1 एवं फेस-2 जल प्रदाय योजना सहित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।




बैठक के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने जल प्रदाय योजना के शेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही शहर की आंतरिक सड़कों, पुलियों तथा नाला-नालियों के निर्माण कार्यों में गति लाने पर जोर दिया गया। निगमायुक्त ने कहा कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ किए जाएं और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने कहा कि शहर के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और जन-उपयोगी बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा और जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। साथ ही, आगामी मानसून से पहले महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पुस्तक मेलाः छात्रों के लिए पुरानी पाठ्य पुस्तकों का संग्रह और होगा वितरण

## रेडक्रॉस बुक बैंक योजना के तहत नाममात्र शुल्क पर उपलब्ध होंगी पाठ्यपुस्तकें

**जबलपुर।** गत वर्ष आयोजित पुस्तक मेले में बुक बैंक योजना के अंतर्गत रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विद्यार्थियों और अभिभावकों को नाममात्र शुल्क पर पुरानी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे हजारों हितग्राहियों को लाभ प्राप्त हुआ और आमजन द्वारा इसकी सराहना की गई। इसी क्रम में पुस्तक मेला 2026 में भी पुरानी पाठ्यपुस्तकों के संग्रह और वितरण की व्यवस्था पुनः की जा रही है। इच्छुक विद्यार्थी और अभिभावक अपनी पुरानी पाठ्यपुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र, जबलपुर में जमा कर सकते हैं। साथ ही, समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्यपुस्तकों और विद्यार्थियों के पास मौजूद उपयोगी पुस्तकों का संग्रह कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराएं, ताकि अधिक से अधिक छात्रों और अभिभावकों को इसका लाभ मिल सके। इसलिए समस्त नागरिकों, अभिभावकों और विद्यालयों से विनम्र अपील है कि इस जनहितकारी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पुरानी पाठ्यपुस्तकें दान करें और विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करें।

# ऑउट सोर्स कर्मचारियों को भारत सरकार के नए श्रम कानून वेतन वृद्धि सहित पूरी तरह से लागू किए जाएः मांग

**जबलपुर।** सरकार के घोषणा के मुताबिक प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी शासकीय विभागों में 3 लाख से अधिक आउट सोर्स के जरिए कर्मचारी कार्यरत हैं मध्य प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम मानदेय दिया जा रहा है भारत सरकार के नए श्रम कानून मध्य प्रदेश पूरी तरह से लागू किए जाए तो आर्थिक स्थिति में सुधार होगा 10 से 11 हजार तक वेतन में वृद्धि लाभ मिलेगा। आउट सोर्स कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का अब इसे अमल में लाते हुए नई दरें अप्रैल 2026से जारी की जाए नई व्यवस्था के तहत 21000 रुपए से लेकर 24000रुपए तक मिलने की उम्मीद की जा रही है प्रदेश के लाखों आउटसोर्स कर्मचारी महंगाई दर में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे आउटसोर्स कर्मचारी की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण घर परिवार का खर्चा चलाना बहुत ही मुश्किल हो गया हैमध्य प्रदेश संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ माननीय मुख्यमंत्री से अपील करता है कि भारत सरकार के नए श्रम कानून मध्य प्रदेश में 1 अप्रैल 2026से पूरी तरह से लागू किए जाए जिससे 21000 रुपए से लेकर 24000 रुपए मिलने की उम्मीद है परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



# गुरन्दी बाजार के पास मिला मृतक, गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** छोटी ओमती उड़यि मोहल्ला निवासी पूरण सैन पिता भगवान दास सैन, जो इधर-उधर मजदूरी करके जीवन यापन कर रहे थे और अपने घर नहीं जाते थे, आज सुबह गुरन्दी बाजार के समीप कचरे के ढेर में मृत पाए गए। इसकी जानकरी क्षकत्रियजनों ने थाना बेलबाग को दी। पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए मृतक की पहचान सोनू सैन के चाचा के रूप में की। मृतक की स्थिति देखते हुए सोनू सैन ने गरीब नवाज कमेटी से संपर्क किया और बताया कि वह स्वयं अंतिम संस्कार कर पाने की स्थिति में नहीं हैं। इसके बाद म्रतक का अंतिम संस्कार उनके भतीजे के हाथों तिलवारा मुक्ति धाम में गरीब नवाज कमेटी द्वारा कराया गया। इस दौरान रियाज, अलीबाबू खान, दीपक निगम, बछु नांकनी, अल्तमश राय, नमो करीम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और अंतिम संस्कार में सहयोग प्रदान किया।

# सुबह तक चला फागों का जंगी मुकाबला

## पारंपरिक फाग गायन ने बांधा समां, दीनभगत और सुनील बर्मन के बीच रोचक प्रतिस्पर्धा

**बरेला।** डूडी धनपुरी में पारंपरिक लोक गायन कला फाग का भव्य मुकाबला आयोजित किया गया, जो देर रात से सुबह तक चलता रहा। फागुन मास में ग्रामीण अंचलों में प्रचलित इस लोक परंपरा में गायक ढोलक, मृदंग, नगाड़िया, झांझ और मंजीरा के साथ टोली बनाकर गायन-नर्तन करते हैं। यह आयोजन कांग्रेस नेता अनंतराम पटेल द्वारा अपने पुत्र रामकिशोर पटेल की स्मृति में कराया गया। कार्यक्रम में निवास विधायक चैन सिंह बरकडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि समाजसेवी अरविन्द तिवारी और किसान नेता योगेश पटेल



विशिष्ट अतिथि रहे। फाग मुकाबले में गायक दीनभगत और सुनील बर्मन के बीच शानदार और रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं फाग प्रेमियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से दिनेश सोनी, प्रभात दुबे, योगेश झारिया, अजित जैन, अमिताभ नामदेव, रामानुजन पटेल, महेश मानव, ज्ञानी झारिया, विनोद पटेल, पंकज पटेल, विजय पाठक, देवीदीन झारिया, विपिन पटेल, सतेन्द्र पटेल, जग्गू सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड में सिहोरा की दिव्या और सान्या का हुआ चयन, ग्वालियर में दिखाएंगी प्रतिभा

**सिहोरा।** शिक्षा के क्षेत्र में सिहोरा ब्लॉक ने एक बार फिर जिले का मान बढ़ाया है। जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्य स्तरीय अंग्रेजी ओलंपियाड सत्र 2025-26 के लिए सिहोरा ब्लॉक से दो छात्राओं का चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता और सम्मान समारोह आगामी 22 एवं 23 मार्च 2026 को ग्वालियर में आयोजित किया जाएगा।सिहोरा ब्लॉक से जन शिक्षा केंद्र 'शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार' के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की दो छात्राओं में दिव्या रजक पिता रवि कक्षा 2 शासकीय माध्यमिक शाला हरगढ़,सान्या हलदकार पिता रामकिशोर कक्षा 3शासकीय प्राथमिक शाला दुबयारा ने सूची में जगह बनाई है। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा द्वारा जारी निर्देशानुसार सभी चयनित छात्र अपने एक अभिभावक और संबंधित शाला के एक शिक्षक के साथ ग्वालियर प्रस्थान करेंगे। दल का नेतृत्व वीरेंद्र पटेल बीएसी शहपुरा करेंगे। इस उपलब्धि पर स्थानीय शिक्षकों और परिजनों में हर्ष का माहौल है।

### शमशेर खान जिला सचिव नियुक्त



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव ने शमशेर खान गुल्लू को जिला ग्रामीण कांग्रेस का सचिव नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर सभी कांग्रेस जनो ने हर्ष व्यक्त किया है।

# ऐ ज़िन्दगी गले लगा ले संगीत संध्या में सुरों की शानदार प्रस्तुति

**जबलपुर।** स्वर परिंदे म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आयोजित संगीतमय कार्यक्रम "ऐ ज़िन्दगी गले लगा ले" शुक्रवार शाम 7 बजे शहीद स्मारक ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत गुरु प्रकाश वेरुलकर एवं रमेश पुरी गोस्वामी के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन संस्था के अध्यक्ष पुष्कल शर्मा और परमजीत सिंह चीनी ने किया।

संगीत संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आर्जव जैन ने "मैं हूँ डॉन" और "चल छइयां-छइयां" प्रस्तुत किया। हेमंत कोष्टा ने "जान चली जाए" और डॉ. देवेन्द्र कोष्टा ने "नागन सा रूप है तेरा" से तालियां बटोरीं।

पुष्कल शर्मा ने "तुझे रब ने बनाया", श्रद्धा मिश्रा ने "ऐ काश के हम होश में", राकेश श्रीवास्तव ने "इक बगल में चाँद होगा" और डॉ. रेखा श्रीवास्तव ने "पायलिया" व "तेरा साथ है कितना" प्रस्तुत किया।

मयूर रामावत ने शीर्षक गीत "ऐ ज़िन्दगी गले लगा ले" से समां बांधा। अमरजीत सिंह ने "सुनयना इन नजारों" और दुर्गेश गर्ग ने "कितनी चाहत" व "सईयारा" गीत प्रस्तुत किए।

संजय पाठक ने "मैं न भूलूंगा" और "राम करे ऐसा हो जाए", रुपाली शर्मा ने "पिया बावरी", रेखा श्रीवास्तव ने "रुक जा रात ठहर जा रे" प्रस्तुत किया। चंद्रशेखर जी ने "कह दूं तुम्हें" और "मेरा चांद मुझे आया है" गाया।

मानस श्रीवास्तव ने "जब मोहब्बत जवान" और "इस इश्क मोहब्बत की", विकास शर्मा ने "जानू मेरी जान" व "ओ माझी रे" से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया। श्रद्धा मिश्रा ने "ये दिल और उनकी" तथा रमेशपुरी गोस्वामी ने "तेरी आंखों के सिवा" प्रस्तुत किया। सृष्टि पाठक ने "मेरे ढोलना" जैसे गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए।

कार्यक्रम का संचालन रंजीत रॉय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सचिव हेमंत कोष्टा ने किया। संगीत प्रेमियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।




**श्री पंकज कुमार कुलश्रष्ठ-** शारदा नगर गली नं. 7 करमेता निवासी श्री पंकज कुमार कुलश्रेष्ठ (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बाबू लाल डोंगरे-** इंद्रा बस्ती गौराव तालाब के पास मदनमहल निवासी श्री बाबू लाल डोंगरे (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री ललन सिंह-** बजरंग नगर व्हीकल निवासी श्री ललन सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सिया बाई बेन-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री लच्छू प्रसाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती सिया बाई बेन (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा मिश्रा-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री हरिशंकर मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा मिश्रा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कृपाल दास प्रधान-** आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री कृपाल दास प्रधान (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सावित्री पासी-** साईं विहार कॉलोनी रामपुर निवासी श्री रामसुमेर पासी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री पासी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सरप्रीत सिंह सग्गू-** लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री जगदीश सिंह सग्गू के पुत्र श्री सरप्रीत सिंह सग्गू (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा कोष्टा-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री सुदर्शन प्रसाद कोष्टा की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा कोष्टा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरन प्रधान-** बिलहरी चेतना मैदान के पास निवासी श्री भूरा प्रधान के पुत्र श्री वीरन प्रधान (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मंक्ती बाई यादव-** पुल नं. 2 कवर्धा हाउस के पास निवासी श्री कालूराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती मंक्ती बाई यादव (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोतीराम कोठारी-** अखिलालय अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री मोतीराम कोठारी (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रतिभा यादव-** मांडवा टेंडर 2, रामपुर निवासी श्री राजू यादव की धर्मपत्नी श्रीमती प्रतिभा यादव (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मोहनी त्रिपाठी-** गणेश नगर कछपुरा निवासी श्री गोपाल त्रिपाठी की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी त्रिपाठी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती जमुना बाई बेन-** महावीर कम्पाउंड सदर निवासी श्री प्रहलाद बेन की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना बाई बेन (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लाजवंती देवी मनानी-** कचनार कैसल सिविल लाइन निवासी श्री शंकर लाल मनानी की धर्मपत्नी श्रीमती लाजवंती देवी मनानी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती राम बाई कुशवाहा-** तिलहरी बर्फ फैक्ट्री के पास निवासी श्री हेमनाथ कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई कुशवाहा (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# तेल आपूर्ति दबाव से निपटने घर से करे काम, हवाई यात्रा घटाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा आई

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने पश्चिम एशिया में व्यवधान के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर पड़ रहे दबाव के प्रभाव को कम करने के लिए घर से काम और हवाई यात्रा घटाने जैसे कदम उठाने का सुझाव दिया है।

अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं। आईईए ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा, '' पश्चिम एशिया का संघर्ष वैश्विक तेल बाजार के इतिहास में सबसे बड़ी आपूर्ति बाधा लेकर आया है क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। आम तौर पर हर दिन करीब 1.5 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 50 लाख बैरल तेल उत्पाद इस जलडमरूमध्य से गुजरते थे, जो वैश्विक तेल खपत का लगभग 20 प्रतिशत है।

## अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी आईईए ने दिए सुझाव

### भारत का कच्चे तेल का आधा आयात इसी मार्ग से

भारत का कच्चे तेल का आधा आयात, 40 प्रतिशत गैस आयात और 85-90 प्रतिशत एलपीजी की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। आईईए ने कहा, '' यह प्रवाह अब बहुत कम रह गया है। आपूर्ति में कमी का वैश्विक बाजारों पर बड़ा असर पड़ रहा है, जिससे कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चली गई हैं।''

### अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंता बढ़ी

आईईए ने कहा कि ऊंची कीमतों के घरों, व्यवसायों तथा व्यापक अर्थव्यवस्था पर असर को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इसी को देखते हुए सरकारों, व्यवसायों एवं लोगों के लिए ईंधन खपत घटाने और कीमतों के दबाव को कम करने के लिए 10 कदम सुझाए गए हैं।



### तीन दिन घर से काम करने पर 6 फीसदी तेल की बचत

अन्य उपायों में वाहन चलाने की दक्षता बढ़ाना, व्यावसायिक हवाई यात्राएं कम करना, गैर-जरूरी उपयोग में एलपीजी के विकल्प अपनाना और औद्योगिक ईंधन दक्षता बढ़ाना शामिल है। आईईए ने कहा, '' राष्ट्रीय स्तर पर जिन कामों में संभव हो, सप्ताह में तीन अतिरिक्त दिन घर से काम करने से कारों से तेल खपत में दो से छह प्रतिशत की कमी आ सकती है।''

### *सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करे*


*राजमार्गों पर गति सीमा 10 किलोमीटर प्रति घंटा कम करने से व्यक्तिगत चालक की तेल खपत पांच से 10 प्रतिशत और निजी कारों की कुल खपत एक से छह प्रतिशत तक घट सकती है। आईईए ने कहा, '' निजी कारों से यात्रा कम कर बसों तथा ट्रेनों जैसे सार्वजनिक परिवहन की ओर जाने से कारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तेल खपत एक से तीन प्रतिशत तक घट सकती है।''*

### *आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी*

*इसके अलावा अल्पावधि में व्यावसायिक हवाई यात्राओं में करीब 40 प्रतिशत कमी संभव है और इससे विमान ईंधन की मांग सात से 15 प्रतिशत तक घट सकती है। आईईए ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बहाल करना बाजार को स्थिर करने के लिए महत्वपूर्ण है। इस बीच, सदस्य देशों ने आपात भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया है जो एजेंसी के इतिहास में सबसे अधिक है।*

## खबर संक्षेप

### वर्ष 2025-26 में 200 खनिज ब्लॉक की हुई नीलामी : केंद्र



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 200 खनिज ब्लॉक की नीलामी की है। यह एक साल में बेचे गए ब्लॉक की अब तक की सबसे ज्यादा संख्या है। इस बार तमिलनाडु ने पहली बार नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लिया, जबकि उत्तराखंड ने अपना पहला मैग्नेसाइट ब्लॉक बेचकर इस दौड़ में अपनी जगह बनाई।

### एनबीसीसी को मिला 5,800 करोड़ रुपए का बड़ा ठेका




**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी एनबीसीसी को जयपुर में राजस्थान मंडपम परियोजना बनाने के लिए 5,800 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। एक नियामकीय सूचना में कंपनी ने बताया कि उसे राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम से जयपुर में ''राजस्थान मंडपम और उससे जुड़ी परियोजनाओं'' को बनाने का अनुबंध मिला है।

### जम्मू-कश्मीर 'ट्रैवल मार्ट' की अप्रैल में करेगा मेजबानी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग इस वर्ष अप्रैल में 'कश्मीर ट्रैवल मार्ट' का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' जम्मू-कश्मीर पर्यटन 14-15 अप्रैल को 'कश्मीर ट्रैवल मार्ट-2026' की मेजबानी करेगा।

### विदेशी मुद्रा भंडार में सात अरब डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी।

### फ्लिपकार्ट समूह के सीएफओ वेंकटरमन देंगे इस्तीफा




**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी फ्लिपकार्ट समूह के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) श्रीराम वेंकटरमन अपने पद से इस्तीफा देंगे। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि वेंकटरमन ''कुछ समय तक'' कंपनी के साथ बने रहेंगे, ताकि कार्यों की निरंतरता बनी रहे और सुचारु रूप से जिम्मेदारियों का हस्तांतरण हो सके। इस अंतरिम अवधि के दौरान फ्लिपकार्ट के मुख्य वित्त अधिकारी रवि अय्यर व्यापक वित्तीय कार्यों की देखरेख करेंगे।

### सीबीडीटी ने आयकर अधिनियम 2025 के लिए नियमों को किया अधिसूचित

# सरल आयकर कानून के लिए नियम अधिसूचित, एक अप्रैल से होंगे प्रभावी

- इसमें मकान किराए भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है
- मकान मालिक व किराएदार के संबंध का खुलासा करना अनिवार्य होगा
- सरल प्रत्यक्ष कर कानून को पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने शुक्रवार को आयकर अधिनियम, 2025 के लिए नियमों को अधिसूचित कर दिया। इसमें वेतनभोगियों के लिए मकान किराया भत्ते पर बढ़े हुए कर लाभ का प्रावधान है, लेकिन मकान मालिक-किरायेदार के संबंधों का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया गया है। आयकर नियम, 2026 उस सरल प्रत्यक्ष कर कानून को लागू करेंगे, जिसे पिछले साल संसद ने मंजूरी दी थी। यह एक अप्रैल से प्रभावी होगा।

राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया, ''इन नियमों को आयकर नियम, 2026 कहा जा सकता है। ये एक अप्रैल, 2026 से लागू होंगे। संसद ने 12 अगस्त, 2025 को छह दशक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को बदलने के लिए एक नया आयकर विधेयक पारित किया था। यह कोई नई कर दर लागू नहीं करता है, बल्कि केवल भाषा को सरल बनाता है। जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए ऐसा करना आवश्यक था।

### *नए नियम कर्मचारियों के लिए मददगार*

*डेलॉयट इंडिया के भागीदार सुरेश कुमार एस ने कहा, ''विभिन्न कर्मचारी अनुलाभों और छूटों के लिए फिर से व्यवस्थित सीमाओं को देखते हुए नए नियम नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए बहुत मददगार होने चाहिए। हालांकि ये मुख्य रूप से पुरानी आयकर व्यवस्था वालों के लिए लागू हैं, लेकिन नई व्यवस्था के तहत आने वाले कर्मचारियों को भी लाभ होना चाहिए।''*

### *कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई*

*नए नियमों के तहत आयकर कटौती का दावा करने के लिए किरायेदार-मकान मालिक के संबंधों के बारे में जानकारी देना जरूरी है और इसमें विदेशी आय पर टैक्स क्रेडिट दावों के लिए लेखा परीक्षकों और कंपनियों की जिम्मेदारी बढ़ाई गई है। इसमें पैन के दोहरीकरण और प्रतिकूल ऑडिट टिप्पणी से पैदा होने वाली कर देनदारी की जांच के लिए लेखा परीक्षकों को अधिक जिम्मेदारी दी गयी है।*

### अनावश्यक प्रावधानों व पुरानी भाषा को हटाया गया

इस अधिनियम ने अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया है और आयकर अधिनियम, 1961 की 819 धाराओं को घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है और स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के बोझिल पाठ के स्थान पर पहली बार 39 नई तालिकाएं और 40 नए सूत्र पेश किए गए हैं।




### आठ शहर के कर्मचारी 50 फीसदी एचआर छूट का दावा कर पाएंगे

नए नियमों के तहत आठ शहर - मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, अहमदाबाद और बेंगलुरु - वेतन के 50 प्रतिशत की उच्च छूट सीमा के लिए पात्र होंगे, जबकि अन्य सभी स्थान 40 प्रतिशत पर बने रहेंगे। इस समय मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई में वेतनभोगी कर्मचारी अपने वेतन के 50 प्रतिशत तक एचआरए छूट का दावा कर सकते है, जबकि अन्य स्थानों पर रहने वाले 40 प्रतिशत की निचली सीमा के लिए पात्र हैं।

### नए नियमों में पूंजीगत लाभ के लिए सख्त नियम

नए नियमों में पूंजीगत लाभ, शेयर बाजार के लेनदेन और अनिवासी कराधान के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं, जबकि अन्य खुलासा प्रणाली को सरल बनाया गया है। अधिसूचना में 150 से अधिक आधिकारिक फॉर्म पेश किए गए हैं। आयकर नियम वेतनभोगी करदाताओं पर लागू होने वाले मकान किराया भत्ता (एचआरए) छूट के लिए प्रस्तावित ढांचे को बरकरार रखते हैं।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 325 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- बैंक, आईटी और धातु कंपनियों के शेयरों में रही खरीदारी
- महंगाई बढ़ने की आशंका में सूचकांक ने बढ़त का हिस्सा गवाया

स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ।

### इन शेयरों में रहा नफा-नुकसान

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एनटीपीसी और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं।

# सरकार का लॉजिस्टिक्स प्रणाली सुधार पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित
- सरकार का लागत में सुधार पर जोर

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने के मद्देनजर देश की लॉजिस्टिक्स प्रणाली एवं उसकी लागत में सुधार पर जोर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि भारत की लॉजिस्टिक्स प्रणाली अब संरचनात्मक बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी है जिसे समन्वित नीतिगत सुधार, संस्थागत पुनर्संरचना, डिजिटल मंचों एवं बड़े पैमाने पर अवसंरचना योजना से गति मिली है।

इन प्रयासों का उद्देश्य लंबे समय से जारी चुनौतियों जैसे विखंडित योजना, विभिन्न प्रणालियों की अक्षमताएं, आपूर्ति श्रृंखला में सीमित पारदर्शिता एवं उच्च लॉजिस्टिक्स लागत को दूर करना है। आधिकारिक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक्स लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 7.97 प्रतिशत है, जो कुल मिलाकर लगभग 24.01 लाख करोड़ रुपये बैठती है। अधिकारियों ने बताया कि भारत के लॉजिस्टिक्स सुधार आपस में जुड़े नीतिगत उपायों, डिजिटल मंचों एवं अवसंरचना पहलों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य दक्षता बढ़ाना, लागत घटाना तथा आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को मजबूत करना है।

### देश की आर्थिक वृद्धि का मार्ग कुशल लॉजिस्टिक्स पर निर्भर

अधिकारियों के अनुसार, भारत की आर्थिक वृद्धि का मार्ग अब अधिकाधिक कुशल लॉजिस्टिक्स पर निर्भर करता है जो प्रतिस्पर्धात्मकता और वैश्विक संपर्क बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और पीएम गतिशक्ति ने इस बदलाव को नई गति दी है और एक अधिक एकीकृत तथा आंकड़ा-आधारित लॉजिस्टिक्स प्रणाली की नींव रखी है।

# टाटा मोटर्स पैसेंजर एक अप्रैल से बढ़ाएगी कीमतें



**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने बढ़ती लागत के कारण एक अप्रैल 2026 से पेट्रोल और डीजल वाले यात्री वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी बयान के अनुसार, वाहनों की कीमत औसतन 0.5 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि होगी। हालांकि यह अलग-अलग मॉडल एवं संस्करण के अनुसार भिन्न होगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने कहा कि यह संशोधन लागत में लगातार हो रही वृद्धि के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए किया जा रहा है। कंपनी हैचबैक टियागो से लेकर सफारी एसयूवी वाहन तक बेचती है जिनकी कीमत 4.57 लाख रुपये से 23.42 लाख रुपये (दिल्ली एक्स-शोरूम) के बीच है।

# आरबीआई ने बैंकों में 25,101 करोड़ रुपए की नकदी डाली

- केंद्रीय बैंक ने वीआरआर नीलामी के माध्यम से नकदी डाली

एजेंसी ▶▶ मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को तीन दिवसीय परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी के माध्यम से बैंकों में 25,101 करोड़ रुपये की अल्पकालिक नकदी डाली है।

परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है। आरबीआई ने बयान में कहा कि उसने 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दरों पर धनराशि डाली। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकों में अतिरिक्त नकदी में तेज गिरावट आने के बावजूद डाली गई नकदी 75,000 करोड़ रुपये की घोषित राशि से काफी कम रही। बैंकिंग प्रणाली में 19 मार्च तक करीब 16,875.36 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी होने का अनुमान है।

### *बैंक ने 17 मार्च को भी डाली थी नकदी*

*इससे पहले, केंद्रीय बैंक ने 17 मार्च को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए बैंकिंग प्रणाली में 48,014 करोड़ रुपये की नकदी डाली थी।*

## महिंद्रा हॉलिडेज ने दो नए रिसॉर्ट किए शुरू ...



**नई दिल्ली।** महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड (एमएचआरआईएल) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में दो नए रिसॉर्ट शुरू किए। इससे कंपनी के कुल कमरों की संख्या में 159 कमरों की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने बयान में कहा कि क्लब महिंद्रा अंबा घाट (महाराष्ट्र) और क्लब महिंद्रा बांधवगढ़ (मध्य प्रदेश) की शुरुआत से वित्त वर्ष 2025-26 में 1,000 नए कमरे जोड़ने और वर्ष 2030 तक 12,000 कमरों के लक्ष्य को बल मिलेगा। मएचआरआईएल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज भट ने कहा, अंबा घाट और बांधवगढ़ जैसे स्थल यह दिखाते हैं कि आज के यात्री प्रकृति के बीच गहराई से जुड़ा अनुभव अधिक पसंद कर रहे हैं।

### बीएमडब्ल्यू 1 अप्रैल से गाड़ियों की 2 प्रतिशत बढ़ाएगी कीमतें

**नई दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि वह एक अप्रैल से अपनी गाड़ियों की पूरी श्रृंखला की कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। यह बढ़ोतरी लॉजिस्टिक्स और सामग्रियों की बढ़ती लागत और रुपये के गिरते मूल्य के असर को कम करने के लिए की जा रही है। जर्मनी की लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी ने कीमतों में यह बढ़ोतरी बीएमडब्ल्यू और मिनी वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 4905/न.पा.नि./ लोनिवि/25-26 अम्बिकापुर दिनांक 20/3/2026

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय) :-**

निकाय क्षेत्रान्तर्गत दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण एवं विभिन्न वार्डों में सड़क डामरीकरण कार्य (System Tender No. 187343, 187314, 187369, 187372, 187373, 187374, 187376, 187380 & 187382) हेतु द्वितीय ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc. cgstate.gov.in & https:// uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

**आयुक्त, नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर**

## बने दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलेनियर

# भारतीय मूल के सूर्या ने तोड़ा जुकरबर्ग का 18 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- इस साल कंपनी का वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंका गया

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने 30 साल से कम उम्र के 35 अरबपति बनाने का रिकॉर्ड बना दिया है। इनमें फोर्ब्स की वर्ल्ड बिलियनियर लिस्ट में शामिल सूर्या मिधा भी हैं। 22 साल के सूर्या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भर्ती करने वाली स्टार्टअप कंपनी 'मर्कोर' के सह-संस्थापक हैं। निजी निवेशकों ने पिछले साल इसकी वैल्यूएशन 10 अरब डॉलर आंकी थी।

सूर्या मिधा और उनके सह-संस्थापक, दुनिया के अरबपतियों की इस एक्सक्लूसिव सूची में पहली बार शामिल होने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के सेल्फ-मेड अरबपति हैं

### फोर्ब्स की नई सूची में सबसे कम उम्र की महिला अरबपति

इस सूची में सबसे कम उम्र की सेल्फ-मेड महिला अरबपति का नाम भी शामिल है। 29 साल की लुआना लोपेस लारा एक पूर्व बैले डांसर और एमआईटी ग्रेजिए है। उन्होंने प्रेडिक्शन मार्केट फर्म कल्शि की सह-स्थापना की है। ब्राज़ील मूल की निवासी लोपेज़ लारा ने 31 वर्षीय स्केल एआई की सह-संस्थापक लूसी गुओ को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने अप्रैल में टेलर स्विफ्ट से यह खिताब छीना था। फोर्ब्स के अनुसार, लोपेज़ लारा के सह-संस्थापक तारेक मंसूर भी इस साल के 17 नए 30 वर्ष से कम आयु के अरबपतियों में शामिल हैं। इनमें से 11 नए सेल्फ-मेड हैं।





**मर्कोर क्या करती है? :** मर्कोर एक भर्ती स्टार्टअप है जो सिलिकॉन वैली की सबसे बड़ी एआई लैब को अपने मॉडल को प्रशिक्षित करने में मदद करता है। फोर्ब्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां आवेदकों का इंटरव्यू एक एआई अवतार द्वारा लिया जाता है और उन्हें प्रतिभाओं की भर्ती करने वाली कंपनी में अपॉइन्ट किया जाता है। यह कंपनी अब सही जगह पर सही अवसर तलाशने वालों के लिए एक उम्मीद बनकर उभरी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांपा जिला जांजगीर-चांपा**
**E-Mail ID-cmochampa@rediffmail.com, cmochampanp@gmail.com**

क्रमांक/3648/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 चांपा, दिनांक 20.03.2026

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद चांपा क्षेत्रान्तर्गत एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत सक्षम श्रेणी में ठेकेदारों से निर्माण कार्य हेतु ऑन-लाइन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर. नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डाउनलोड / सबमिट करने की अंतिम तिथि | Physical Doc Submission End Date | Online Bid Open Date (Scheduled) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 187505 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including Installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Champa, Chhattisgarh (Second Call) | 122.03 | दिनांक 05.04.2026 समय 17:30 P.M. | 06-04-2026 Time 15.30 pm | 07-04-2026 Time 11.00 am |
| 2 | 187512 | Constraction of R.C.C. Nala from in frount of bulet agency to satsang bhawan electric pole ward no. 22. (Third Call) | 196.62 | दिनांक 31.03.2026 समय 17:30 P.M. | 01-04-2026 Time 15.30 pm | 02-04-2026 Time 11.00 am |

निविदा की विस्तृत जानकारी UAD Portal: http://uad.cg.gov.in एवं Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in मे डाउनलोड/ देखी जा सकती है। इस निविदा एवं निर्माण/मरम्मत/विस्तार कार्य के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सप्रमाणपत्र प्रकाशन से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि मे आपत्ति प्राप्त नही होने पर नियमानुसार निर्माण कार्य कराया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् चांपा**

चिंतन

# आईपीएल से पूर्व ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन

आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से ठीक पहले केंद्र सरकार का ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि डिजिटल दौर में बढ़ती एक गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ चेतावनी है। चमक-दमक, बड़े-बड़े विज्ञापन और सेलिब्रिटी के चेहरे इन सबके पीछे छिपा कड़वा सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल असल में आम लोगों की जेब काटने का सुनियोजित तंत्र बन चुका है। सरकारी आंकड़े खुद इस खतरे की गंभीरता को उजागर करते हैं। 300 वेबसाइट्स और एप्स को एक साथ ब्लॉक करना और अब तक 8400 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश प्लेटफॉर्म अवैध रूप से संचालित हो रहे थे और करोड़ों रुपये का लेनदेन बिना किसी पारदर्शिता के कर रहे थे। यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक असंतुलन को भी जन्म देता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पैसा कमाने का लालच, मोबाइल स्क्रीन पर एक क्लिक की दूरी और जीत की झूठी कहानियां, ये सब मिलकर एक ऐसा भ्रम पैदा करते हैं, जिसमें फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। आंकड़े बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोग इस खेल में हारते हैं, लेकिन प्रचार ऐसा किया जाता है, मानो हर कोई जीत रहा हो। यही धोखा सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल है। सरकार द्वारा लागू किया गया प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 इस दिशा में एक बड़ा और सख्त कदम है। रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध, सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान, और एक नियामक संस्था का गठन, ये सभी उपाय इस उद्योग को नियंत्रित करने के लिए जरूरी थे। खासकर यह प्रावधान कि गेम खेलने वाले यूजर्स को सजा नहीं होगी, बल्कि प्लेटफॉर्म चलाने और प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी, एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, इस कानून के कुछ पहलुओं पर बहस भी जरूरी है। स्किल बेस्ड और चांस बेस्ड गेम्स दोनों पर एक समान प्रतिबंध लगाना कई विशेषज्ञों को कठोर लगता है। तर्क यह है कि कुछ गेम्स वास्तव में कौशल पर आधारित होते हैं और उन्हें पूरी तरह प्रतिबंधित करना डिजिटल नवाचार और गेमिंग इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकता है। लेकिन सरकार का पक्ष साफ है कि जहां पैसे का दांव लगेगा, वहां शोषण और धोखाधड़ी की संभावना बनी रहेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स और बिना पैसे वाले सोशल गेम्स को बढ़ावा देने की बात इस कानून में शामिल है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गेमिंग के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध और शोषणकारी मॉडल के खिलाफ है। यह संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन जरूरी है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल-कॉलेज स्तर पर वित्तीय शिक्षा देना और विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखना भी जरूरी कदम हैं। सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर सख्ती से नियम लागू किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना जिम्मेदारी के ऐसे प्लेटफॉर्म्स का प्रचार न कर सकें। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ यह कार्रवाई समय की मांग है। यह सिर्फ कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का सवाल है। सरकार ने पहल कर दी है, अब जिम्मेदारी समाज और नागरिकों की भी है कि वे इस डिजिटल जाल को पहचानें और उससे दूर रहें। तभी यह लड़ाई सच में जीती जा सकेगी।



शासन प्रणाली
नरेंद्र सिंह तोमर

# नियमों के प्रतीक हैं लोकसभा अध्यक्ष

लोकतंत्र शासन में जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है।

यह गौरव का विषय है कि हम अपनी आजादी व अपने गणतांत्रिक देश होने के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। भारतीय गणतंत्र की यह यात्रा पूरे विश्व में लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास बढ़ाने वाली अद्भुत प्रक्रिया मानी गई है। यही कारण कि जब भी लोकतंत्र को अपनाने की बारी आती है या लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पर भरोसा जताने की बारी आती है तब-तब पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। लोकतंत्र शासन की कितनी सुंदर प्रणाली है कि इसमें जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया।

सत्ता-पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे की सहमति और असहमति का सदैव सम्मान और आदर किया है। फिर अब ऐसा क्या हुआ कि विपक्ष आक्रामकता के चरम पर पहुंच कर मर्यादाओं का ध्यान नहीं रख रहा है? यह प्रश्न सामयिक है और इस पर चिंतन होना चाहिए। यह निर्विवाद तथ्य है कि संसद के सत्र विपक्ष को सवाल पूछने और सरकार को आरोपित करने के अवसर देते हैं। इन सत्रों के दौरान शासकीय कार्य ही नहीं निपटाए जाते, बल्कि जनता की आवाज को भी सुना जाता है। उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का लेखा-जोखा रखा जाता है। विपक्ष के तीखे आरोपों का तथ्यपूर्ण उत्तर दिया जाता है। साफ है, संसद का मूल कार्य संवाद, प्रश्न-उत्तर और विचार-विमर्श पर केंद्रित है। यहां हर विचार को अभिव्यक्ति का अवसर मिलना चाहिए और मिलता है, फिर चाहे किसी पार्टी का एक ही सांसद क्यों न हो या कोई निर्दलीय जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो। विपक्ष के आरोप हैं कि लोकसभा में उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जाता।

इस आरोप के जवाब में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों को अवश्य देखा जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि 17वीं लोकसभा में कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले 6 गुना अधिक समय मिला। 18वीं लोकसभा में कांग्रेस की ओर से 71 घंटे बोला गया, जबकि उनके 99 सदस्य हैं। भाजपा को 122 घंटे मिले हैं, जबकि भाजपा के 239 सदस्य हैं। जो संसदीय परंपरा का ज्ञान रखते हैं, वे जानते हैं कि सदन की कार्यवाहियां एक व्यक्ति तय नहीं करता। यह कार्य विमर्श और तय समिति की चर्चाओं के उपरांत होता है। दल के नेता स्वयं तय करते हैं कि उनकी ओर से कौन बोलेगा। यह कार्य आसंदी नहीं करती।

आसंदी तो तय समय अनुशासन और प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में निरंतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं। वे ऐसा वातावरण बना रहे हैं कि अधिक से अधिक सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिले। अपने कार्यकाल में नियमों और प्रक्रियाओं को समृद्ध करने की लोकसभा अध्यक्षों की परंपरा को अग्रसर करते हुए ओम बिरला द्वारा नव निर्वाचित और अपेक्षाकृत कम चर्चित सांसदों को अपनी बात रखने के लिए प्राथमिकता दी गई। नव निर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें संसदीय प्रक्रिया, नियमों और संसदीय परंपराओं से परिचित करवाना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का ही तो यत्न था। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।



समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों की एक समिति का गठन भी किया गया, जिसका उद्देश्य संसद तथा राज्य विधानसभाओं की समिति व्यवस्था की समीक्षा करना है। संसदीय प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से देश की विभिन्न विधानसभाओं के कार्य संचालन नियमों की समीक्षा के लिए भी एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी गई है।

इसे भारतीय संसदीय संघीय ढांचे में समन्वय को सशक्त बनाने का स्तुत्य प्रयत्न कहा जाना चाहिए। ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को 'पेपरलेस' बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डिजिटल संसद प्लेटफॉर्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली और ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। मंत्रियों द्वारा सदन में दिए गए आश्वासनों की निगरानी के लिए 'ऑनलाइन एश्योरेंस मॉनिटरिंग सिस्टम' को भी सशक्त किया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस तकनीक के माध्यम से संसद की 18,000 से अधिक घंटों की ऐतिहासिक कार्यवाही का डिजिटलीकरण किया गया, जो संसदीय विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में होने वाले नवाचारों की सूची विस्तृत है। गौरतलब है कि अपने पद से हटाए जाने की मांग वाले प्रस्ताव पर बहस के एक दिन बाद सदन को संबोधित करते हुए, बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सदस्य को संसदीय नियमों के दायरे से बाहर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। अध्यक्ष ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 105 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि संसद में बोलने की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह संविधान और सदन की प्रक्रिया को विनियमित करने वाले नियमों और स्थायी आदेशों के अधीन है। इसके बाद भी यदि संसद में उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो यह सिर्फ एक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि संसदीय परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न है। विपक्ष का यह व्यवहार लोकतांत्रिक संसदीय मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है। उन्हें इस अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई और शुभेच्छाएं।

(लेखक मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

उत्पादन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# युद्ध के दौर में खाद्यान्न भंडार की शक्ति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18640 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि किसान और कृषि परिवेश भारत की शक्ति बन गए हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच जहां भारत के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद देश के आम आदमी के लिए राहत और अर्थव्यवस्था की ताकत बन गए हैं, वहीं 1 अप्रैल से लागू होने वाले वर्ष 2026-27 के आम बजट के तहत देश की कृषि को उन्नत और निर्यात उन्मुख बनाने की प्रभावी पहल की गई है। गौरतलब है कि दुनिया के तेजी से खुलते हुए कृषि बाजारों और खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर भारत के द्वारा कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने से किसानों की आर्थिक सशक्तता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। 21वीं सदी के इस दौर में कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातकर्ता' बनाने की दिशा में काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा हैं। ऐसे में उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाने से ही हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं और दुनिया में भारत से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात बढ़ा सकते हैं। इस समय भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पादों का निर्यातक देश है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां देश का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 तक लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध हो जाने का अनुमान है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण बहुत कम प्रभावित हुई। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे और भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया। अब एक बार फिर इस समय जब ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं और खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं और भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। पिछले माह फरवरी 2026 में भारत ने 25 लाख टन गेहूं का निर्यात भी सुनिश्चित भी किया है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और एमएसपी जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। उम्मीद करें कि भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात व वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देने वाले सबसे प्रमुख देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में?

# लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

सटाका




आज की पाती

## विलुप्त होते पक्षियों का संरक्षण जरूरी

प्रतिवर्ष विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना है, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।

- गीतु परि, सोनीपत

ट्रेंड

## भारत-थाईलैंड की साझेदारी



अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और भी मजबूत करेंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

## सनातन का अपमान निंदनीय



सनातन का अपमान, देवी-देवताओं और पूजा-पद्धतियों का उपहास करना अत्यंत निंदनीय है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा लगातार यह धारणा बनाई जा रही है कि हिंदू समाज सहनशील है, इसलिए उसकी भावनाओं को आहत करना आसान है।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री


## भाजपा की मानसिकता



अब भाजपा सरकार कहेगी कि ये भी अफवाह है कि अस्पताल में मरीजों का खाना बनने तक के लिए सिलेंडर नहीं मिल रहा है। दरअसल, भाजपा की मानसिकता ही बीमार है, उससे अस्पताल के मरीजों का ख्याल रखने की उम्मीद करना बेकार है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## जन-जागरूकता अभियान



पिछली भाजपा सरकार ने नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल नहीं की। चिट्टे के खिलाफ सबसे बड़े कानून पिट-एनडीपीएस एक्ट को लागू करने का नोटिफिकेशन हमने जारी किया। हम युवाओं को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।

-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हप्र

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

# किम व उनकी बेटी ने सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की। केसीएनए द्वारा प्रसारित तस्वीरों में किम और उनकी बेटी बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान चमड़े की काली जैकेट पहने अन्य सैनिकों के साथ जैतूनी-हरे रंग के एक टैंक पर सवार दिखे। तस्वीरों में किम की बेटी टैंक के 'हैच' से अपना सिर बाहर निकाले नजर आ रही हैं जबकि किम टैंक के ऊपर बैठे मुस्कुराते दिख रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। ऐसी अटकलें हैं कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं।

ऑफ बीट

# नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।



# रिलीज के बाद धुरंधर 2 का पायरेटेड वर्जन पहुंचा पाकिस्तान

**मुंबई।** धुरंधर 2 फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही चर्चा का विषय बनी हुई है। रिलीज के एक दिन में ही इसके चर्चे पाकिस्तान तक होने लगे हैं। अब पाकिस्तान में भी लोग धुरंधर 2 के मजे ले रहे हैं, लेकिन सिनेमाघरों में नहीं टीवी पर। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिनमें पाकिस्तान में लोग टीवी में 'धुरंधर 2' देखते नजर आए। खालिद महमूद खालिद नाम के एक पत्रकार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'वॉचिंग धुरंधर 2 इन लाहौर।' अब ये पोस्ट वायरल हो रही हैं और लोग इसपर पाकिस्तान की जमकर ट्रोलिंग कर रहे हैं। इस पर आदित्य राज कौल ने जवाब देते हुए निराशा जताई। आदित्य राज कौल फिल्म धुरंधर से रिसर्च कंसल्टेंट के तौर पर भी जुड़े थे। उन्होंने लिखा, 'दुख की बात है कि धुरंधर द रिवेंज का पायरेटेड वर्जन आज ही पाकिस्तान पहुंच गया।'

## लाइफ Style

# वामिका

## भूत बंगला में अलग अंदाज में आएंगी नजर

फिल्म भूत बंगला में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी भी नजर आएंगी। इस हॉरर फिल्म में वह सिर्फ ग्लैमर का तड़का नहीं लगा रही है, वह अलग ही अंदाज में दर्शकों को देखने को मिलेंगी। फिल्म भूत बंगला को लेकर वामिका गब्बी काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में वह बिल्कुल ही अलग अंदाज में दर्शकों से रूबरू होंगी।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हाल ही में फिल्म से जुड़ी एक अपडेट सामने आई, जिससे पता चलता है कि एक्ट्रेस खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से काफी इंस्पायर है। वह उनके नक्शे-कदमों पर चल रही हैं। सूत्रों के अनुसार फिल्म 'भूत बंगला' में वामिका गब्बी ने अपने एक्शन सीन खुद किए हैं। एक्ट्रेस ने एक ट्रेन सीक्वेंस शूट किया, जिसमें वह ट्रेन के किनारे पर खड़ी थीं। इस सीन के लिए अक्षय कुमार के साथ एकदम सही तालमेल और टाइमिंग की जरूरत थी। वामिका ने अक्षय कुमार का पूरा साथ दिया। पिछले दिनों फिल्म 'भूत बंगला' का टीजर रिलीज हुआ। इसमें अक्षय कुमार जहां अपनी कॉमेडी से हंसाते हैं। वहीं डरावना माहौल भी टीजर में दिखता है। अक्षय कुमार का लुक भी टीजर में काफी अलग नजर आया है। कहानी के अलावा बाकी कलाकारों की भी झलक भी टीजर में दिखती है, इसमें वामिका भी नजर आईं। टीजर से ही हिंट मिला है कि इसमें एक रहस्मयी जीव है जो सबको डराता है। फिल्म 'भूत बंगला' में अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा परेश रावल, तब्बू और राजपाल यादव भी हैं। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में असरानी की भी झलक मिलेगी। पिछले साल इस दिग्गज अभिनेता ने दुनिया को अलविदा कह दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# वैल को निधन के 1 साल बाद एआई ने किया जिंदा

**लॉस एंजिल्स।** 'बैटमैन फॉरएवर' और 'टॉप गन' जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले दिवंगत एक्टर वैल किल्मर की बीते साल अप्रैल में मौत हो गई थी। 65 साल की उम्र में उनका निधन हुआ था। अब जब फैंस यह मानकर चल रहे थे कि वह अपने फेवरेट एक्टर को पर्दे पर दोबारा नहीं देख पाएंगे, जनरेटिव एआई ने उन्हें डिजिटली फिर से जिंदा कर दिया है। जी हां, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए हम और आप अपकमिंग फिल्म !कब्र की तरह गहरा' में वैल किल्मर को एक्टिंग करते हुए देखेंगे। इस फिल्म के लिए उन्हें साल 2020 में कास्ट किया गया था। उन्होंने इसके कुछ हिस्सों की शूटिंग की थी, जबकि कई सीन शूट नहीं कर पाए थे। अब इस खबर ने सोशल मीडिया पर नई बहस छेड़ दी है। कई फैंस जहां एक्टर को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं, वहीं कइयों ने इसे तकनीक का 'घटिया इस्तेमाल' बताया है।



# डिज्नी ने किया समर 2028 लाइन-अप का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** डिज्नी ने हाल ही में अपनी समर 2028 लाइन-अप का ऐलान कर दिया है। इसमें 'इनक्रेडिबल्स 3' और 'लिलो एंड स्टिच 2' को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया गया है, जिसमें इन दो बड़ी फिल्मों की रिलीज डेट सामने आ गई है। इस अपडेट के बाद अब फैंस की एक्साइटमेंट भी बढ़ गई है। डिज्नी के मुताबिक, एनिमेशन फिल्म 'इनक्रेडिबल्स 3' 16 जून 2028 को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस बार फिल्म को पीटर सोहन डायरेक्ट करेंगे, जबकि ब्रैड बर्ड इसमें राइटर के तौर पर जुड़े रहेंगे। वहीं दूसरी तरफ, 'लिलो एंड स्टिच 2' 26 मई 2028 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। 'लिलो एंड स्टिच 2' की बात करें, तो इसकी कहानी क्रिस सैंडर्स लिख रहे हैं, जो इस फ्रेंचाइजी के ओरिजिनल क्रिएटर भी हैं। मेकर्स ने इन फिल्मों की रिलीज डेट की घोषणा अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए शेयर की है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों फिल्में कुछ हफ्तों के अंतर में रिलीज होंगी, जिससे समर 2028 में डिज्नी का बड़ा बॉक्स ऑफिस धमाका देखने को मिल सकता है। कुल मिलाकर, डिज्नी की ये अनाउंसमेंट फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है और 2028 का समर सीजन एंटरटेनमेंट से भरपूर रहने वाला है।



# सरके चुनर तेरी गाने की सिंगर ने मांगी माफी

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त पर फिल्माया गया गाना 'सरके चुनर तेरी' को लेकर विवाद मचा हुआ है। गाने के बोल और डांस स्टेप्स को लोगों ने आपत्तिजनक पाया, जिसके बाद इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। आखिरकार सरकार ने गाने पर एक्शन लेते हुए इसके हिंदी वर्जन को यूट्यूब से हटा दिया। अब गाने के कन्नड़ वर्जन 'सरसे निन्ना सेरागा सरसे' की सिंगर मंगली, जिन्होंने हिंदी वर्जन भी गाया है, उन्होंने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। लोगों से माफी मांगते हुए सिंगर ने जल्द ही गाने के संशोधित वर्जन के रिलीज होने की बात कही। मंगली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने लोगों से 'सरके चुनर तेरी' गाने को लेकर उठे विवाद पर माफी मांगी। मंगली ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए, गीत को सभी प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया है।



# रश्मिका ने जाहिर की अवॉर्ड मिलने की खुशी

**मुंबई।** तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 में रश्मिका मंदाना को 'द गर्लफ्रेंड' में उनकी एक्टिंग के लिए स्टेट अवॉर्ड दिया गया। जिसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के जीवन का 2026 एक महात्वपूर्ण साल रहा। 'मैसा' आने वाली है। वहीं फरवरी में विजय देवराकोंडा के साथ उनकी शादी भी हुई है। इसके साथ ही उनके बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी लाइन अप हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने राज्य स्तर पर सम्मान पाने की खुशी जाहिर की। 19 मार्च 2026 की रात तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 के शानदार आयोजन में रश्मिका मंदाना भी पहुंची थी। वहां उन्हें 'द गर्लफ्रेंड' के लिए इस स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अपनी इस खुशी को रश्मिका ने सोशल मीडिया पोस्ट को जरिए शेयर किया।

## टीवी मसाला



# नागिनों ने किया रॉकेट लॉन्च, दी सलामी, लोगों ने उड़ाई खिल्ली

**नई दिल्ली।** एकता कपूर का शो 'नागिन 7' जब से शुरू हुआ है, तब से किसी न किसी कारण से खबरों में बना ही रहता है। इस बार तो हद ही हो गई जब नागिनों ने रॉकेट लॉन्च करके उसे सलामी दी। ये सीन खूब वायरल हो रहा है और खिल्ली भी उड़ रही है। 'नागिन 7' में रॉकेट लॉन्च को सलामी देते हुए नागिनों का एक सीन वायरल होने के बाद से ही हलचल मची हुई है। देशभक्ति और कल्पना के इस मिश्रण ने लोगों का ध्यान खींचा है, जिससे ऑनलाइन रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई है। कलर्स टीवी पर हाल ही में प्रसारित एक एपिसोड में दिखाए गए इस सीन में नागिनें अपने मानव रूप में आकाश में रॉकेट लॉन्च देखती हुई दिखाई देती हैं। रॉकेट के उड़ान भरने के साथ ही सभी सलामी देते हैं, जबकि बैकग्राउंड में वंदे मातरम की धुन बजती है। इस सीन ने एक्स पर रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी, जिसमें यूजर्स ने शो के क्रिएटर्स पर मजेदार कमेंट किए। एक ने लिखा- यह किसी बॉलीवुड फिल्म के सीन जैसा लग रहा है। एक ने कहा- इन नागिनों ने इतिहास बदल दिया है। दूसरे ने मजाक में कहा- इन नागिनों को बॉर्डर पर भेज दो। तीसरे ने कहा- भारतीय टीवी शो और उनका कभी न खत्म होने वाला नाटक। एकता कपूर का शो 'नागिन' लंबे समय से भारतीय टेलीविजन के सबसे फेमस शोज में से एक रहा है। वर्षों से, इसने एक फैनबेस बनाया है और साथ ही अपनी अलग कहानी और अनोखे सीन्स के कारण बार-बार वायरल भी हुई है।

## हिना ने हाथों में लगाई ईद की मेहंदी

**नई दिल्ली।** हिना खान ने ईद की हाथों में मेहंदी लगाई। इसमें पति रॉकी जायसवाल का भी नाम लिखवाया। हिना ने हाथों के साथ-साथ पैरों पर भी खूबसूरत मेहंदी लगवाई। इस मौके पर उन्होंने सलवार, झुमके और चूड़ियां भी पहनीं। हिना खान बेहद खूबसूरत लग रही थीं और उनकी मदमस्त अदाएं फैंस के दिलों पर छुरियां चला रही हैं, पर कुछ लोगों को इस पर भी परेशानी हो गई। उन्होंने अपने तानों और कमेंट्स से हिना खान के ईद के जश्न में खलल डालने की कोशिश की। जहां कुछ ने पूछा कि क्या हिना ने रोजे रखे थे, जो वो ईद मना रही हैं, तो वहीं कुछ ने ताना मारा कि जो लोग रोजे नहीं रखते हैं उनकी ईद दो दिन पहले ही शुरू हो जाती है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ईद की तैयारियां दिखाते हुए 12 तस्वीरें शेयर कीं। इस पोस्ट पर जहां फैंस ने प्यार बरसाया, वहीं कुछ यूजर्स ने ऊल-जुलूल कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक ने लिखा, 'जो रोजे नहीं रखते, उनकी ईद दो दिन पहले आ जाती है।'



# टॉलीवुड, कॉलीवुड और बॉलीवुड नहीं सिर्फ भारतीय सिनेमा होना चाहिए

**मुंबई।** उगादी के अवसर पर बीते दिन तेलंगाना गद्दर फिल्म अवॉर्ड्स 2025 आयोजित हुए। यहां भारतीय सिनेमा के कई सितारे पहुंचे। कुछ को सम्मानित भी किया गया। अवॉर्ड नाइट में दिग्गज अभिनेता कमल हासन और मेगा स्टार चिरंजीवी को भी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी दौरान दोनों सितारों ने इस बात पर जोर दिया कि देश में क्षेत्रीय सिनेमा की बाउंड्रीज नहीं होनी चाहिए। सिर्फ एक ही सिनेमा यानी 'भारतीय सिनेमा' होना चाहिए। तेलंगाना गद्दर फिल्म अवाड्र्स 2025 में कमल हासन ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से भारत की क्षेत्रीय फिल्म इंडस्ट्रीज के बीच की सीमाओं को खत्म करने की अपील की। वहीं, चिरंजीवी ने हैदराबाद को देश का सिनेमा का हब बनाने का अपना



विजन पेश किया। बता दें कि बीती रात दोनों दिग्गज सितारों को सम्मानित किया गया। कमल हासन को इस अवॉर्ड फंक्शन में पैडी जयराज फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, मेगास्टार चिरंजीवी को एनटीआर राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद दोनों सितारों ने मंच से कुछ ऐसा कहा, जिसकी इंडस्ट्री को काफी समय से जरूरत थी। अवॉर्ड फंक्शन में कमल हासन ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर रुख किया और उनसे एक गुजारिश की। कमल हासन ने कहा, 'क्योंकि इस एकता के असली हीरो आप हैं, इसलिए मैं आपसे गुजारिश करता हूं अब और टॉलीवुड, कॉलीवुड, बॉलीवुड, मॉलीवुड या सैंडलवुड नहीं। अब सिर्फ एक ही नाम होना चाहिए।

# ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई के बाद भी धुरंधर 2 की दर्शकों ने गिना दी कमियां

**मुंबई।** गुरुवार को 'धुरंधर 2' ने सिनेमाघरों में कदम रखा और पहले ही दिन सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म बन गई। इस फिल्म को लेकर रिलीज से पहले ही अलग तरह का बज बना हुआ था, लेकिन कुछ दर्शकों, फैंस को इसमें कमियां भी नजर आईं।



## उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म 'धुरंधर' के बाद फैंस को 'धुरंधर 2' से काफी उम्मीद थी। लेकिन, यह उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। एक यूजर ने फिल्म को लेकर लिखा, 'एक सिनेमा प्रेमी के तौर पर मैं पार्ट 2 से बहुत ज्यादा उम्मीदें लेकर गया था। लेकिन, यह उन उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। फिल्म बेवजह खिंची हुई लगती है। वह जबरदस्त कहानी कहने का अंदाज, जिसने पहले हिस्से को इतना कामयाब बनाया था, यहां नदारद है। यह पूरी तरह से बुरी तो नहीं है, लेकिन इसने जो वादा किया था, उसके मुकाबले यह यकीनन निराश करने वाली फिल्म है।' इसी तरह की शिकायत कई लोगों को फिल्म से है, 'धुरंधर 2' का रन टाइम लगभग चार घंटे था, जो कि कई लोगों के लिए काफी ज्यादा था। इतनी देर बैठकर फिल्म देखना कई लोगों के लिए मुश्किल हो गया। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'थोड़ी धीमी शुरुआत, ज्यादा हिंसा और थोड़ी ज्यादा ही पॉलिटिक्स। लेकिन, बिना किसी गलती के डायरेक्टेड और जबरदस्त एक्टिंग वाली फिल्म है। इसे जरूर देख सकते हैं।'

## किसी ने खोखली फिल्म तक कह दिया

कुछ लोगों को 'धुरंधर 2' लंबी और वॉयलेंस से भरी फिल्म लगी, लेकिन इसे फिर भी वह दिखने की बात कहते हैं। लेकिन ,कुछ दर्शकों ने इसे खोखली फिल्म कह दिया। एक यूजर ने ट्वीट पर कमेंट करते हुए लिखा, 'अभी-अभी यह फिल्म देखी। यह बहुत शोरगुल वाली और खोखली फिल्म है। इसमें कहानी से ज्यादा शोर है, बहुत ज्यादा हिंसा है। गालियों से भरी हुई और एक खींचे हुए प्रोपेगैंडा नैरेटिव पर बेस्ड है। रणवीर सिंह भी हमजा के तौर पर दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रहे।' ट्वीट में आगे लिखा है, 'बस भारत-पाकिस्तान के बीच टकराव का एक ही घिसा-पिटा एंगल है, न कोई अच्छा संगीत है, और न ही कोई भावनात्मक या देशभक्ति से जुड़ाव है। आप यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि आदित्य धर आखिर क्या करना चाह रहे थे? कहानी सुनाना या फिर बस टकराव का फायदा उठाना।

## इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बारिश

# बॉर्डर 2 से चिरैया तक रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में 'धुरंधर 2' ने दस्तक दे दी है। संभव है कि आप भी वीकएंड पर इस फिल्म को देखने का प्लान बना रहे हों, लेकिन अगर आप घर बैठे ओटीटी पर कुछ देखना चाह रहे हैं तो इस बार की लिस्ट काफी दिलचस्प है। एक्शन से लेकर सस्पेंस तक का डोज दर्शकों को मिलने वाला है।

### बॉर्डर 2

सिनेमाघरों में जबर्दस्त कमाई करने के बाद फिल्म 'बॉर्डर 2' अब ओटीटी पर भी आ चुकी है। यह सीरीज 20 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। इस वीकएंड पर आप इसे परिवार के साथ देख सकते हैं। यह फिल्म 1997 की क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारे हैं।

### अ डिफरेंट मैन

यह साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। सेबेस्टियन स्टेन और एडम पियर्सन अभिनीत यह फिल्म 20 मार्च 2026 से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। यह एक ऐसे शख्स की कहानी है, जो चेहरे की सर्जरी के बाद बाहरी रूप तो बदल लेता है, लेकिन अपने आंतरिक संघर्षों से नहीं जीत पाता।



### डेडलॉक सीजन 2

अगर आपको क्राइम मिस्ट्री देखना पसंद है तो 'डेडलोक सीजन 2' आपके लिए शानदार विकल्प है। इस सीजन में डिटेक्टिव डल्सी और एडी रेडक्लिफ एक बार फिर लौट आए हैं। इस बार वे एक मर्डर मिस्ट्री सुलझाते नजर आएंगे। यह 20 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### चिरैया

दिव्या दत्ता, प्रसन्ना बिष्ट और संजय मिश्रा अभिनीत वेब सीरीज 'चिरैया' इस वीकएंड देखी जा सकती है। यह सीरीज आज 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई है। यह सवेंदनशील कहानी पर आधारित सीरीज है। सीरीज महिला केंद्रित है, मगर यह पुरुषों को भी जरूर देखनी चाहिए।

### जटाधारा

सोनाक्षी सिन्हा की एक्शन थ्रिलर फिल्म भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। इस फिल्म में एक 'धन पिशाचिनी' (धन के राक्षस) की कहानी के जरिए आस्था और तर्क के बीच के टकराव को दिखाया गया है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने खास प्रदर्शन नहीं किया था। हालांकि, इसकी सिनेमैटोग्राफी, विजुअल इफैक्ट्स और अभिनय की तारीफ हुई थी। 20 मार्च से 'जटाधारा' जी5 पर उपलब्ध है।

# धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज, भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

## जगमगाने लगे देवी-देवालय, मठ-मंदिर

**जबलपुर।** वासंतेय नवरात्र पर्व के द्वितीय दिन माँ देवी के द्वितीय स्वरूप ब्रह्मचारिणी की उपासना आराधना की गई। देवी देवालयों में बैठकी पर घटस्थापना के बाद जवारे बोये गये और अखण्ड ज्योत प्रज्वलित की गई। नवरात्र पर्व के प्रारंभ होने के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला प्रारंभ हो गया। मंदिरों में दुर्गा सप्तसती के पाठ चल रहे हैं तो अनेक स्थानों पर देवी महापुराण चल रहे हैं। देवी के जगराते भी अनेक धार्मिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जा रहे हैं। वासंतेय नवरात्र पर्व पर अलसुबह से ही मंदिरों में जल ढारने के लिये भक्तों की कतारें लग रही हैं। धीरे-धीरे शहर भक्तिभाव में डूबने लगा है। शहर के अति प्राचीन बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, छोटी खेरमाई राइट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा काली दरबार सदर, मक्रवाहिनी मंदिर पानदरीबा, श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मंदिर मढ़ाताल, श्री त्रिपुर सुंदरी मंदिर तेवर में पहले ही दिन से ही नवरात्र मेले की धूमधाम शुरू हो गई हैं। श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ मढ़ाताल में 1001 अखण्ड ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये हैं। यहां आचार्य विद्वानों द्वारा दुर्गा सप्तसती का पाठ निरंतर किया जा रहा है। सुबह शाम मां पीताम्बरा का अर्चन और महाआरती की जा रही है। चारखम्बा स्थित बूढ़ी खेरमाई मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चल रहा है। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया में रात के द्वितीय पहर से ही श्रद्धालु भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया है। हर तरफ माँ के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। सूर्योदय के साथ ही मंदिरों में घंटे-मृदंग बजना प्रारंभ हो जाते हैं। जल ढारने वाली श्रद्धालु महिलाओं की भीड़ लग जाती है।

### मां श्रीशारदा आशीष दरबार में कलश स्थापना के साथ नवरात्रि आरंभ



शक्तिनगर स्थित मां श्री शारदा आशीष दरबार में चैत्र नवरात्र के शुभारंभ पर अखंड ज्योति कलश एवं खप्पर जवारे की स्थापना की गई। यह स्थापना पूज्य आशीष भैयाजी के सानिध्य में दरबार प्रांगण में विधि-विधान से संपन्न हुई। इस अवसर पर शहर सहित अन्य प्रांतों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी दरबार में श्री विग्रह के समक्ष घट स्थापना कर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। मां की आराधना का यह क्रम 27 मार्च तक निरंतर जारी रहेगा। नवरात्रि के दौरान मंदिर प्रांगण में विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुर्गा सप्तशती पाठ एवं मां शारदा की महाआरती प्रमुख रूप से शामिल हैं। दरबार व्यवस्था समिति के मुकेश कुशवाहा, मिलन मुखर्जी, संजय बरसा, जयंत क्षीर सागर, पं. सुबोध मिश्रा, सुधांशु उपाध्याय, संतोष द्विवेदी, संतोष मिश्रा, नीरज पाण्डे, सरबजीत तग्गड़, मनीष शर्मा, मनीष विश्वकर्मा, मोहन जोशी, सौरभ तिवारी, अमर दुबे, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### भक्तिधाम के मां भुवनेश्वरी मंदिर में अखंड चण्डी पाठ



चैत्र नवरात्र में 19 मार्च से 27 मार्च तक गौरीघाट स्थित भक्तिधाम आश्रम मां भुवनेश्वरी मंदिर में अखंड चण्डी पाठ किया जा रहा है। आश्रम के महंत स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया कि विश्व शांति और सर्व कल्याण के लिए पाठ दिन-रात चलेगा। उन्होंने बताया की मां भुवनेश्वरी 10 महाविद्याओं में से एक हैं। उन्हें संसार की जननी माना जाता है। उनके पूजन करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसलिए, संसार में शांति एवं महामारियों से राहत के लिए यह अखंड चण्डी पाठ किया जा रहा है। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## 24 को वाहन रैली के लिए सनातन धर्म महासभा महिला मंडल की बैठक आज

**जबलपुर।** 27 मार्च को श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में निकलने वाली मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की विशाल शोभायात्रा के पूर्व 24 मार्च को सायंकाल 4 बजे महासभा महिला मंडल द्वारा विशाल नारी शक्ति नारायणी शक्ति स्कूटर वाहन रैली को भव्य बनाने हेतु आवश्यक बैठक नरसिंह मंदिर में 21 मार्च को सायंकाल 4.30 बजे श्रीमद् जगतगुरु डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के संरक्षण और सानिध्य में आयोजित है। महासभा महिला मंडल की संयोजक नीता चावला, गीता पाण्डे, अंजू भार्गव, कविता दुबे, इंदुलता प्यासी, डॉ वाणी अहलुवालिया रजनी साहू पार्षद, प्रतिभा भापकर पार्षद, आभा साहू, सोनल सेठी, नंदिता महाजन, मीरा दुबे, सभी सनातनी बहनों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।



## श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की कलश शोभायात्रा निकली

**जबलपुर।** सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर धनवंतरी नगर जबलपुर में प्रथम दिवस श्रीमद् देवी भागवत महापुराण संगीतमय ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास डॉ. चंद्रशेखर शास्त्री महाराज ने आज देवी भागवत के संदर्भ में व्याख्यान और महत्व बताते हुए कहा कि माँ है तो सृष्टि है, माँ के बिना कुछ भी नहीं है, पहाड़ों, कंदराओं, गुफाओं में निवास करने वाली भक्तों की मुरादें पूरी करने के लिए हर जगह मौजूद है। माता जीवन की पहली पाठशाला है, गुरु है, देवताओं को भी चेतना देने वाली माँ है। कलश यात्रा गाजे बाजे, ढोल धमाके के साथ भव्य रूप में पूरे धनवंतरी नगर क्षेत्र की हर गलियों में भ्रमण करते हुए कथा स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। कथा प्रतिदिन नौ दिन तक अपरान्ह 03 से शाम 07 बजे तक चलेगी एवं 27 अप्रैल को कथा का समापन हवन, भंडारा प्रसादी से होगा। आज मुख्य यजमान श्रीमति बेनी शुक्ला, स्व. एस.एन. शुक्ला, पुत्र वधू डॉ. अभिलाष शुक्ला- विनीता शुक्ला, नंदकुमार दुबे- किरण दुबे, कपिल दुबे- प्रीति दुबे, नेहा- नीरज सोनी ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन कर कथा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिद्ध श्री दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष के.के. शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष चंद्रा दीक्षित, पंकजा शुक्ला सहित सभी मातृशक्तियों एवं पं. अनिल दुबे एडवोकेट, सुनील दुबे एवं क्षेत्र के गणमान्यों की उपस्थिति सराहनीय रही। समिति ने सभी श्रोताओं, भक्तों से कथा में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 27 से होगा तीन दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन

### 51 घंटे निरंतर कार्यक्रम, 101 कलाकारों की प्रस्तुति, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध



**जबलपुर।** राइट टाउन स्थित यं सिद्ध श्री हनुमान मंदिर गेट नं. 2 में श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 2 अप्रैल 2026 से तीन दिवसीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन किया जाएगा। मंदिर संचालक एवं आयोजक आचार्य पं. श्री धर्मेन्द्र दुबे जी ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि यह आयोजन मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा, जो लगभग 51 घंटे निरंतर चलेगा। कार्यक्रम में मध्य भारत के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 101 कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। साथ ही कन्या पूजन, 24 घंटे विशाल भंडारा, निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर, दवाई वितरण, विभिन्न जांचें एवं चश्मा वितरण भी किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत 27 मार्च 2026, शुक्रवार को श्री रामनवमी के पावन अवसर पर सुबह 11:30 बजे भगवान श्रीराम के जन्म पूजन, हवन, अभिषेक एवं श्रृंगार से होगी। दोपहर 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। 1 अप्रैल 2026 को प्रातः 5 बजे ब्रह्म मुहूर्त में संगीतमय श्री रामचरित मानस का 24 घंटे अखंड पाठ राष्ट्रीय कलाकार कृष्ण मोहन दीवान द्वारा 21 मंडलियों के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। 2 अप्रैल को प्रातः 4 बजे श्री हनुमान जी का जन्म पूजन तथा 5 बजे चोला, वस्त्र एवं आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। प्रेस वार्ता में प्रेम विश्वकर्मा, सतीश पसारी, गौरव मुगदल, राजा सोनी, नितेश अग्रवाल एवं राजेश दीक्षित उपस्थित रहे।

## बेबी रूद्रांशी को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड



**जबलपुर।** जुपिटर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समारोह में स्कूल के डायरेक्टर यश जायसवाल ने अपर केजी की छात्रा बेबी रूद्रांशी शर्मा को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड से सम्मानित किया। रूद्रांशी, उत्पल कांत एवं साहित्य से जुड़ी रूपम बाजपेयी शर्मा की पुत्री हैं। वह नर्सरी कक्षा से ही लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही हैं। नर्सरी से ही क्लास मॉनिटर रहने के साथ-साथ उन्होंने स्कूल की विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर समय-समय पर कई पुरस्कार प्राप्त किए हैं।



## डॉ. विवेक गुप्ता बने आईडीए अध्यक्ष, डॉ. सौरभ तिवारी मानद सचिव नियुक्त

**जबलपुर।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की जबलपुर शाखा में हुए निर्वाचन के तहत डॉ. विवेक गुप्ता को अध्यक्ष तथा डॉ. सौरभ तिवारी को मानद सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों ही अनुभवी एवं सक्रिय दंत चिकित्सक हैं और लंबे समय से संगठन से जुड़े रहे हैं। नई जिम्मेदारी संभालते हुए वे शाखा की शैक्षणिक, सामाजिक एवं जनहित से जुड़ी गतिविधियों को और सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति पर आईडीए जबलपुर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया

**जबलपुर।** भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने प्रवचन में भगवान श्री झूलेलाल जी के उद्देश्यों और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला, जबकि स्वामी प्रदीप महाराज जी ने पूज्य बहाराणा साहिब का पूजन संपन्न कराया।कार्यक्रम "एक दीप भगवान झूलेलाल जी के नाम" के तहत श्रद्धालुओं ने भगवान झूलेलाल जी के चरणों में दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने भजन-कीर्तन किए और मंदिर परिसर को दीपों से भक्तिमय बना दिया। महाआरती में सभी ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि यह पर्व सिंधी समाज के लिए विशेष महत्व रखता है और हर वर्ष पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी (कैंट), जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर मोतीलाल पारवानी, उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा, रमेश आहूजा, राजकुमार कन्धारी, तारु खत्री, त्रिलोक वासवानी, लख्मीचंद खेमानी, माधवदास कुंदवानी, कैलाश वासवानी, राकेश वासवानी, कमलेश सोनू लालवानी, मोटी रतलानी, दिलीप बुधरानी, शमन असावानी, सुधीर भागचंदनी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## ...तो छावनीवासी करेंगे अनिश्चितकालीन आंदोलन

**जबलपुर।** गोराबाजार आजाद चौक में 18 मार्च को केंट छावनी के वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की उपस्थिति में एक विशाल संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में केंटोन्मेंट बोर्ड के द्वारा छावनी वासियों पर अंग्रेजों के जमाने का अनाप-शनाप कानून लादे जाने के विरोध में 12 मार्च को छावनी जन आंदोलन समिति द्वारा टैक्स विसंगति सहित 10 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। उक्त मांगें 15 दिनों के अंदर पूरी नहीं होती हैं, तो जनहित में सम्पूर्ण छावनीवासी अतिशीघ्र एक अनिश्चितकालीन विशाल आंदोलन केंट बोर्ड के खिलाफ करेंगे और चौपाल के माध्यम से जागरूकता अभियान जारी रखेंगे। बैठक में एड. प्रणव अवस्थी, अभिषेक चौकसे, कन्हैया तिवारी, पवन कनौजिया, एड. चेतन चंसोरिया, दिनेश कुशवाहा, एड. राजेश कुशवाहा, मनोज पिल्ले, नवीन चंदेल, वादिम अहमद, नकुल गुप्ता, ओपी अग्रवाल, हेमंत मलिक, मकसूद अहमद, राजेश बग्गा, निक्कू महावर, मुकेश कोरी, प्रशांत यादव, रईस अहमद, राज खान सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## मिशन लाइफ के तहत प्रोजेक्ट CLAP पर साझा किए अनुभव, जिला कार्यों की सराहना

# यूनिसेफ भोपाल में हुआ जबलपुर का प्रेजेंटेशन




**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में 18 मार्च 2026 को यूनिसेफ, मध्य प्रदेश कार्यालय भोपाल में "एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों एवं समन्वयकों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर जबलपुर के चीफ कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी ने अपने जिले में प्रशासन के सहयोग से प्राप्त उपलब्धियों एवं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला जबलपुर के कार्यों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया तथा राष्ट्रीय स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम में SBC चीफ डेनिस लॉरेंस, SBC चीफ भोपाल विलियम, SBC ऑफिसर मध्य प्रदेश श्रीमती झिमली बूरहा, राष्ट्रीय मुख्यालय की डायरेक्टर दर्शना पावस्कर, डिप्टी डायरेक्टर अरूप सरकार, असिस्टेंट डायरेक्टर बबलू गोस्वामी, स्टेट कोऑर्डिनेटर राजीव जैन, स्टेट सेक्रेटरी बी.एल. शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती जानकी सिंह, ललित कुमार मिश्रा, गणेश श्रीवास्तव सहित जबलपुर, कटनी, बड़वानी एवं भोपाल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट CLAP के अंतर्गत किए गए कार्यों और उनके प्रभावों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। साथ ही मिशन लाइफ के सात प्रमुख बिंदुओं जैसे सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग, जल एवं ऊर्जा संरक्षण तथा सतत जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त न्यूट्रिशन, एनीमिया नियंत्रण, हीट स्ट्रोक से बचाव, पेरेंटल केयर एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, अभिभावकों और समुदाय में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई। विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए नवाचारों के सकारात्मक परिणाम भी प्रस्तुत किए।

## महिलाओं ने उत्साह से किया हिंदु नववर्ष का स्वागत

### गुड़ी पड़वा पर जबलपुर लेडिज क्लब का भव्य आयोजन, सेमी क्लासिकल नृत्य ने बांधा समां




**जबलपुर।** जबलपुर लेडिज क्लब द्वारा गुड़ी पड़वा एवं हिन्दू नववर्ष स्थापना के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शिवा सारंग पण्डित मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार हुई, जिसमें चैत्र नवरात्रि, गुड़ी पड़वा और चेती चांद के पावन अवसरों का सुंदर समन्वय देखने को मिला। इस दौरान प्रस्तुत सेमी क्लासिकल नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि यह पर्व शक्ति, नवआरंभ, समृद्धि और श्रद्धा का प्रतीक है। माँ दुर्गा की कृपा, नववर्ष की ऊर्जा और भगवान झूलेलाल के आशीर्वाद से सभी के जीवन में सुख-शांति और सफलता की कामना की गई। जबलपुर लेडिज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा दुबे ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया।

**नाम सुधार**

मैं, श्रीमती निर्जला देवी (NIRJALA DEVI) उम्र 67 वर्ष पति स्व. श्री पारसनाथ राय निवासी मकान नंबर 15, मंडला रोड, तिलहरी, अंजनी अभिनंदन प्रगति नगर, तिलहरी, जबलपुर मप्र की निवासी हूँ। मुझ शपथकर्ती का नाम मेरे मकान नंबर 15, एवं मेरे पुत्र तथा पुत्री के शैक्षणिक रिकार्ड में मेरा नाम निर्जला राय (NIRJLA RAI) दर्ज है जबकि मेरे पेन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, इत्यादि में मेरा नाम निर्जला देवी (NIRJALA DEVI) दर्ज है। यह कि निर्जला देवी (NIRJALA DEVI) एवं निर्जला राय (NIRJLA RAI) उक्त दोनों नाम मेरे अर्थात एक ही महिला के नाम है मुझे उक्त दोनों नामो से जाना - पहचाना, पढा व लिखा जावे। शपथ पत्र क्रमांक BY 269151 दिनांक- 10/03/2026 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय जबलपुर मप्र।

## कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्रों ने सांस्कृतिक मंच पर लहराया परचम

### रानी दुर्गावती नाटक और वृंदावन रास नृत्य से जीते पुरस्कार, लघु नाटक में महिला सशक्तिकरण पर जोर

**जबलपुर।** जवाहरलाल कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के 24वें अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 16 और 17 मार्च को आयोजित हुआ। पहले दिन सामूहिक लोक गायन, देशभक्ति गीत, एकल गीत, ललित कला, साहित्यक कार्यक्रम, मूर्तिकला और एकल अभिनय प्रस्तुत किए गए। दूसरे दिन सामूहिक अभिनय, लोक नृत्य, लघु नाटक और मूक अभिनय का आयोजन हुआ।

समूह नाटक में रानी दुर्गावती के गौरवमयी इतिहास को पेश किया गया, जिसमें उनकी वीरता और जीवन की झलक दिखाई गई और इसे द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समूह नृत्य में वृंदावन के रास नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया और इसे रजत पुरस्कार मिला। सबसे चर्चित लघु नाटक महिला सशक्तिकरण पर आधारित था, जिसने सबके रोंगटे खड़े कर दिए और प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। मूक अभिनय ने जल संरक्षण का संदेश देकर दूसरे स्थान पर रहा। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा रहे। अभियांत्रिकी सांस्कृतिक टीम के प्रबंधक डॉ. रत्नेश नारायण श्रीवास्तव ने टीम को दिशा दी, जबकि इंजीनियर यज्ञेश नारायण श्रीवास्तव ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। टीम को ट्रेनिंग रंगमंच के जाने-माने कलाकार श्री देवेंदर और विनय शर्मा ने दी। सामाजिक मुद्दों को उठाते हुए अभिनय द्वारा संदेश देने वाले छात्रों की सराहना की गई। इस वर्ष ब्लॉग इवेंट में भी कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के अक्षत पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और आधुनिक विधाओं को बढ़ावा दिया। पूरी टीम को इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी गई।

## कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी माता मंदिर में 9 दिन होंगे आयोजन

**जबलपुर।** कजरवारा माँ खेरमाई सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर में चैत्र नवरात्र में 09 दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, यहां 9 दिवसीय भक्ति रस की वर्षा होगी। कार्यक्रम प्रतिदिन रात्रि 08 बजे से प्रारंभ होंगे।है, 19 मार्च को माँ के 108 ज्वारों के कलश की स्थापना की गई महिला मण्डल द्वारा भजन किए गए। 20 मार्च 2026 को लोकगीत, भजन कीर्तन पुरानी बस्ती, कजरवारा क्षेत्रीय बाल कलाकारों का डांस प्रतियोगिता की गई। 21 मार्च को देवी जागरण अनु मिश्रा पूजा तिवारी सुभाष यादव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा,22 मार्च 2026 देवी जागरण देवी गीत गायिका वर्षा यादव का रखा गया है। 23 मार्च 2026 महाआरती के साथ ही देवी जागरण विनोद साहू, प्रदीप पटेल शुभम साहू का रखा गया है , 24 मार्च 2026 महाआरती देवी जागरण देवी गीत गायक कु. सुरभि गुप्ता माँ सिद्धेश्वरी दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में किया जाएगा 25 मार्च को डांस प्रोग्राम सांस्कृतिक प्रोग्राम रंगारंग कार्यक्रम, कॉमेडी शुभम महतो, इवेंट शिवपुरी का, 26 मार्च 2026 मध्य भारत की सुप्रसिद्ध गायिका संजो बघेल द्वारा देवी गीत, देवी जागरण किया जाना है,27 मार्च 2026 को दस हजार माँ के भक्तों की संख्या के साथ मन्नत वाले माँ के ज्वारो की विशाल शोभायात्रा कजरवारा खेरमाई मंदिर से प्रारंभ होकर, सिद्धेश्वरी नगर, बजरंग मंदिर बस्ती, भोंगाद्वार, धोबीघाट, अनुराधा कालोनी, से होते हुए मिल्ट्री डेयरी फॉर्म के पास मंदिर में समाप्त होगी , भण्डारा - 29 मार्च रविवार शाम 6 बजे से प्रारंभ होगा।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/268
दिनांक :- 20/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनुभव जैन पिता श्री जिनेन्द्र कुमार जैन ने मकान नं. 1156/7बी-8 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 1370व.फु. विक्रयपत्र/खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/269
दिनांक :- 20/03/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती लक्ष्मी चपरा पति श्री पुनीत चपरा ने मकान नं. 599/1 का भाग वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 207.25 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**खबर संक्षेप**

## जेएसडब्ल्यू ने 'मालाबार कोर्ट' से किया समझौता

**मुंबई ।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप की रियल एस्टेट शाखा जेएसडब्ल्यू रियल्टी ने मुंबई के सबसे स्थापित आवासीय क्षेत्रों में स्थित विशिष्ट संपत्ति 'मालाबार कोर्ट' के लिए पटेल परिवार के साथ विकास समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। मालाबार कोर्ट पिछले सात दशकों से अधिक समय से पटेल परिवार का निवास रहा है और इस इलाके की आवासीय पहचान में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह समझौता दर्शाता है कि लंबे समय से संपत्ति रखने वाले मालिकों का जेएसडब्ल्यू रियल्टी पर भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

## सैमसंग ने लांच किया गैलेक्सी एम17ई 5जी

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने गैलेक्सी एम17ई 5जीको लांच की घोषणा की है। यह स्मार्टफोन शुक्रवार सेमसंग अमेज़न और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा, जिसकी शुरुआती कीमत 13,999 रुपए रखी गई है। कंपनी बिजनेस के डायरेक्टर, अक्षय एस राव ने कहाकि गैलेक्सी एम17ई 5जी हाई-रिफ्रेश-रेट डिस्प्ले, बड़ी बैटरी, पावर-एफिशिएंट 5जी प्रोसेसर, 50 एमपीकैमरा सिस्टम, इंटीग्रेटेड एआई टूल्स के साथ, गैलेक्सी एम17ई 5जीएक ऐसा भरोसेमंद स्मार्टफोन सुनिश्चित करता है।

## डिजिटल अध्यात्म की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

**ग्वालियर।** डबरा में स्थित विश्व प्रसिद्ध "नवग्रह मंदिर" ने डिजिटल अध्यात्म की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब इस भव्य मंदिर की पूजा सेवाएं विश्व के सबसे बड़े भक्ति प्लेटफॉर्म 'श्री मंदिर एप' पर उपलब्ध होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालु अब अपने मोबाइल के जरिए घर बैठे नौ ग्रहों के दोष निवारण, अभिषेक और विशेष चढ़ावा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। श्री मंदिर ऐप' पर पूजा संपन्न होने के बाद भक्तों को डिजिटल माध्यम से पूजा और संकल्प का वीडियो भी भेजा जाता है, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और भक्तों की अटूट श्रद्धा बनी रहती है।

# दो दिन में हुई 1 हजार दोपहिया और करीब 500 चार पहिया वाहनों की बिक्री

**नवरात्रि पर्व का प्रभाव आटोमोबाइल सेक्टर में दिखा**



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

चैत्र नवरात्रि के चलते शहर में श्रद्धाभाव के साथ खरीदारी की रौनक भी बाजारों में बढ़ी हुई है। इस पावन अवसर पर ऑटोमोबाइल सेक्टर को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। चैतीचंढ, गुड़ीपड़वा और हिंदू पंचांग का नया वर्ष शुरू होने और नवरात्रि पर्व का प्रभाव आटोमोबाइल सेक्टर में दिखा।

आटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े वाहन डीलर्स और भोपाल आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष पांडेय के अनुसार नवरात्रि पर्व के दो दिनों में समूचे भोपाल में करीब 1 हजार टूव्हीलर्स और 500 फोर व्हीलर्स की बिक्री हुई। उन्होनें रामनवमीं तक राजधानी भोपाल में करीब 5 हजार टू-व्हीलर और 1500 से अधिक फोर व्हीलर्स की बिक्री की उम्मीद जताई है। टू-व्हीलर और फोर व्हीलर्स डीलर्स के अनुसार चैत नवरात्रि के साथ उज्जैन मेला में आरटीओ में मिल रही छूट का फायदा सेक्टर को मिल रहा है। आरएमजे मोटर्स ग्रुप के सीएमडी सुनील जैन 501 ने कहा कि शोरूम्स पर कार खरीदने वालों की भीड़ है। आरएमजे ग्रुप के शोरूम्स पर दो दिनों में 130 कारें बिकी। उन्होंने कहाकि भोपाल मारूति के 6 डीलर्स हैं और पूरे भोपाल की बात करें तो 300 से अधिक कारें बिक चुकी हैं। वरेण्यम मोटर्स के संचालक विशाल जौहरी ने कहाकि नवरात्रि पर्व पर उम्मीद है कि टाटा की गाड़ियों का ग्रोथ 40 फीसदी होगा और करीब 300 कारें बिकेगी।

### मांग के चलते कंपनियों के पास स्टॉक यानी इन्वेंट्री भी कम

### टू-व्हीलर और पैसेंजर व्हीकल दोनों सेगमेंट में मजबूत बिक्री

टू-व्हीलर और पैसेंजर व्हीकल दोनों सेगमेंट में मजबूत बिक्री देखने को मिली। टू-व्हीलर सेगमेंट में करीब 34 प्रतिशत की तेज बढ़त दर्ज हुई, जबकि पैसेंजर व्हीकल यानी कारों की बिक्री करीब 11 प्रतिशत बढ़ी। मजबूत मांग के चलते कंपनियों के पास स्टॉक यानी इन्वेंट्री भी कम बनी हुई है, जो एक पॉजिटिव संकेत है। टू-व्हीलर सेगमेंट में तेजी लगातार बनी हुई है। पूरे वित्त वर्ष में अब तक इस सेगमेंट में करीब 8.7 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई है। इसमें स्कूटर सेगमेंट सबसे आगे रहा, जहां करीब 14.6 प्रतिशत की बढ़त देखी गई, जबकि मोटरसाइकिल की ग्रोथ 6.1 प्रतिशत रही। मोटरसाइकिल में भी मिड सेगमेंट यानी 150-250सीसी और उससे ऊपर के सेगमेंट ने सबसे ज्यादा तेजी दिखाई। वहीं, एंट्री लेवल 1001 सीसी



सेगमेंट में भी रिकवरी के संकेत दिखे। हालांकि 125सीसी सेगमेंट अभी भी पीछे चल रहा है। टू-व्हीलर कंपनियों में टीवीएस ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया और सालाना आधार पर करीब 19 प्रतिशत की मजबूत बढ़त दर्ज की। वहीं हीरो मोटोकॉर्प और होंडा की ग्रोथ सीमित रही, जबकि बजाज ऑटो की बिक्री में हल्की गिरावट देखने को मिली। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में भी अच्छी मांग बनी हुई है। इस साल अब तक कारों की बिक्री करीब 7 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान एसयूवी सेगमेंट का रहा, जहां करीब 10 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। महिंद्रा, टोयोटा और किआ जैसी कंपनियों ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया, जबकि हुंडई की बिक्री में गिरावट आई। मारुति सुजुकी की ग्रोथ सीमित रही, लेकिन बाजार में उसकी पकड़ बनी हुई है।

# ग्रीक पौराणिक थीम पर आधारित HackJKLU v5.0 का समापन

**जयपुर।** जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय (**JKLU**) ने अपने प्रमुख राष्ट्रीय हैकाथॉन **HackJKLU v**5.0 के पाँचवें संस्करण का समापन हुआ, जिससे नवाचार, सहयोग और भविष्य के लिए तैयार तकनीकी विकास को बढ़ावा देने वाले एक सशक्त मंच के रूप में अपनी पहचान को मजबूत किया। करीब 40 संस्थानों से आए 400 से अधिक प्रतिभागियों ने हैकाथॉन में हिस्सा लिया। 13 से 15 मार्च तक आयोजित ग्रीक पौराणिक थीम वाले इस आयोजन में प्रतिभागियों को 48 घंटे की गहन विकास प्रक्रिया के दौरान अपने विचारों को कार्यात्मक तकनीकी प्रोटोटाइप में बदलने की चुनौती दी गई।इस हैकाथॉन का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान खोजना था, जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस और फिनटेक जैसे महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रतियोगिता की बहु-विषयक प्रकृति ने विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों और शैक्षणिक मार्गदर्शकों के मार्गदर्शन में साथ मिलकर काम करने का अवसर प्रदान किया। टीमों का मूल्यांकन उद्योग विशेषज्ञों और फैकल्टी सदस्यों के पैनल द्वारा किया गया, जिससे शैक्षणिक और औद्योगिक दृष्टिकोण का बेहतर समन्वय सुनिश्चित हुआ। पूरे हैकाथॉन के दौरान प्रतिभागियों को उद्योग विशेषज्ञों से मेंटरशिप भी मिली, जिससे वे अपने विचारों को और बेहतर बना सके और व्यावहारिक

**वास्तविक दुनिया के नवाचार पर रहा फोकस**




उपविजेता और आर्य कॉलेज की टीम **Neuronest** द्वितीय उपविजेता रही। 50,000 के शीर्ष पुरस्कार सहित अन्य मुख्य पुरस्कारों के अलावा, टीमों को **AI**, ब्लॉकचेन, फिनटेक और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भी सम्मानित किया गया। **HackJKLU v**5.0 के विजेताओं को बधाई देते हुए, जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय के कुलपति विजयशेखर चेल्लाबोइना ने कहा, "हैकाथॉन में सभी प्रतिभागी टीमों द्वारा दिखाया गया जोश और उत्साह यह दर्शाता है कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ छात्रों को रोजमर्रा की समस्याओं पर सोचने और उन पर काम करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस हैकाथॉन ने यह साबित कर दिया है कि हमारे देश के युवा न केवल वर्तमान स्थानीय समस्याओं बल्कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भी तकनीक का प्रभावी उपयोग करने के लिए तैयार हैं।"टेकफेस्ट का माहौल और अधिक जीवंत बनाने के लिए **JKLU** के 10 से अधिक छात्र क्लबों ने समानांतर कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें डांस बैटल, ओपन माइक, जैमिंग नाइट, ब्लॉक प्रिंटिंग, ड्रामा स्किट, 3**D-VR** अनुभव, गेमिंग सेटअप, रेड बुल **F**1 सिमुलेटर, मीडिया मेज डिकोडर्स, **CP** कोड बैटल और एस्ट्रोनॉमी क्लब द्वारा जुपिटर साईटसीइंग शामिल थे। इस आयोजन में विचार नेतृत्व सत्र भी शामिल रहे, जिनमें "**AI** युग में शिक्षा, उद्योग और शोध की पुनर्कल्पना" विषय पर पैनल चर्चा, साथ ही हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग और बदलते **AI** परिदृश्य में करियर की तैयारी पर विशेषज्ञ वार्ताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा, छात्रों ने **YouTuber** कीर्ति पुरसवानी द्वारा **AI** युग में इंटरव्यू की तैयारी पर केंद्रित एक करियर सत्र में भी भाग लिया।

**HackJKLU v**5.0 का समापन गायक मान पनु के लाइव प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसमें न केवल विजेताओं बल्कि नवाचार और सहयोग की भावना का भी जश्न मनाया गया। राष्ट्रीय स्तर पर विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए सशक्त बनाकर, **JKLU** भारत में नवाचार, उद्यमिता और भविष्य-उन्मुख शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी भूमिका को और सुदृढ़ कर रहा है।

## हैपाग-लॉयड और भारत सरकार के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** हैपाग-लॉयड और भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने भारत में समुद्री सहयोग को गहरा करने और देश के शिपिंग व लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एलओआई पर हस्ताक्षर मुंबई में हैपाग-लॉयड के सीईओ रोल्फ हैब्बेन जैनसेन और भारत में बंदरगाह, जहाजरानी और जल मंत्री सर्बानंदा सोनोवाल के बीच हुई बैठक के दौरान किये गए।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) सिवनी (म.प्र.)**

E-mail ID- modgmseo@mp.gov.in

क्रमांक/खनिज/उ.प./2026/।/885924/2026 सिवनी, दिनांक 16/03/2026

**// द्वितीय - सूचना //**

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करनें के लिए**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री रामप्रकाश दीक्षित आ. श्री रामकुमार दीक्षित ग्राम राना पोस्ट सिहोरा तहसील लखनादौन जिला सिवनी म.प्र. द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 11.02.2026 को प्रस्तुत किया गया है। इस क्षेत्र पर आवेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रथम सूचना क्रमांक 1/816995/2026/खनिज/उ.प./2026 सिवनी दिनांक 16.2.2026 प्रकाशित की गई थी ।इस क्षेत्र हेतु पुन: दिनांक 02.04.2026 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं।आवेदन ई-खनिज पोर्टल http://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे ।

**आवेदन क्षेत्र का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजि | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सिवनी | लखनादौन | सहसना | 19 | 1.50 हे. में से 1.00हे. | निजी भूमि | बोल्डर, गिट्टी | |

1- उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी तक ( कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक ) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं ।2- यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथी तक प्रथम सूचना से प्राप्त आवेदन को शामिल करते हुए 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा ।3- यदि इस प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा 4- यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा ।5- निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा ।

सहायक खनि अधिकारी
वास्ते कलेक्टर - सिवनी

जी-27699/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


## अदाणी यूनिवर्सिटी और आईआईटी मंडी के बीच पार्टनरशिप

**नई दिल्ली।** अदाणी यूनिवर्सिटी ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) मंडी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एकेडमिक और रिसर्च सहयोग के लिए एक स्पष्ट फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। इस समझौते के तहत जॉइंट रिसर्च प्रोजेक्ट, साथ में रिसर्च पेपर प्रकाशित करना, फैकल्टी और स्टूडेंट एक्सचेंज और इंटर्नशिप के अवसर शामिल हैं। इसके अलावा दोनों संस्थान मिलकर रिसर्च फंडिंग के मौके तलाशेंगे, सेमिनार और कॉन्फ्रेंस आयोजित करेंगे और शॉर्ट-टर्म प्रोग्राम जैसे एग्जीक्यूटिव एजुकेशन, समर स्कूल और डिजिटल कोर्स भी शुरू करेंगे।पाँच वर्ष की यह साझेदारी अलग-अलग क्षेत्रों में एकेडमिक जुड़ाव बढ़ाने और रिसर्च को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है। इससे छात्रों और फैकल्टी को ज्यादा संसाधन, साझा अनुभव और एक-दूसरे से सीखने के बेहतर अवसर मिलेंगे।अदाणी यूनिवर्सिटी के लिए यह सहयोग अपने रिसर्च सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। यह एमओयू इंडस्ट्री से जुड़े लर्निंग को अकादमिक रिसर्च के साथ जोड़ने और इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य को भी आगे बढ़ाता है। यह साझेदारी उच्च शिक्षा के उस बदलते रुझान के साथ भी बखूबी मेल खाती है, जहाँ संस्थान जटिल चुनौतियों का समाधान निकालने के लिए एक-दूसरे के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और साझा लर्निंग मॉडल को अपना रहे हैं।

## अमेजन ने स्प्रिंग स्टाइल खोज को बनाया आसान

**बेंगलुरु।** स्प्रिंग सीजन शुरू होने के साथ ही अमेजन फैशन और ब्यूटी एआई-पावर्ड टूल्स की मदद से ग्राहकों के लिए स्प्रिंग-रेडी लुक्स को खोजना और खरीदना आसान बना रहा है। रूफस के साथ बातचीत करके शॉपिंग करने से लेकर अमेजन लेंस एआई के जरिए विजुअल डिस्कवरी तक, ग्राहक अब आसानी से मिक्स और मैच कर सकते हैं । स्प्रिंग समर'26 कलेक्शन में 200 से अधिक प्रमुख फैशन और ब्यूटी ब्रांड्स के 1 लाख से ज्यादा स्टाइल्स शामिल हैं, जिनमें अपैरल, फुटवियर, वॉचेस, लगेज और ब्यूटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। अमेजन फैशन और ब्यूटी एआई-पावर्ड डिस्कवरी टूल्स प्रदान करता है, जो ग्राहकों को कुछ ही सेकंड में पूरा लुक बनाने में मदद करते हैं। अमेजन का एआई शॉपिंग असिस्टेंट रूफस ग्राहकों को 'आउटफिट्स इन क्लाउड व्हाइट', 'स्प्रिंग ब्रंच लुक अंडर आईएनआर 3000,' या 'बेस्ट पेस्टल को-ऑर्ड सेट्स फॉर वुमेन' जैसे आसान सवालों के जरिए पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशंस देता है।


**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-


| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 177/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491305-1 | बरगी के पम्प हाउस नंबर 06 में लगी 05 एच पी. मोनोब्लाक मोटर पम्प सेट के प्रतिस्थापन का कार्य। | 93.264.00 (रुपए तेरानवे हजार दो सौ चौसठ) मात्र | 1865.00 (रू.एक हजार आठ सौ पैसठ) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 178/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491349-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के रेडियल क्रेस्ट गेट (13.716×15.450 MXtr.) क्रमांक 01 से 21 में लगे कन्ट्रोल पेनल का मानसून पूर्व रखरखाव एवं सुधार कार्य। | 1,46,361.00 (रुपए एक लाख छियालीस हजार तीन सौ इक सठ) मात्र | 2927.00 (रू. दो हजार नौ सौ सत्ताइस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 179/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491354-1 | बरगी हिल्स कालोनी के अंतर्ग मुख्य अभियंता कार्यालय के पीछे लगी हुई पाईप लाई का प्रतिस्थापित कर नई पाईप लाईन लगाने का कार्य। | 51,892.00 (रुपए इक्यावन हजार आठ सौ बानवे) मात्र | 1038.00 (रू. एक हजार तीन सौ अठतीस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 180/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491360-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के ब्लाक नंबर 31 के समीप स्टेयर केस के मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 1,29,724.00 (रुपए एक लाख उन्तीस हजार सात सौ चौबीस) मात्र | 2594.00 (रू. दो हजार पांच सौ चौरानवे) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 181/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491369-1 | बरगी नगर जल प्रदाय व्यवस्था में स्कूल ग्राउण्ड ट्यूबवेल के अंतर्गत आवासगृह दुर्गा मंदिर क्षेत्र में लगी 3" डाया जी.आई. पाईप लाईन का सुधार कार्य। | 78,479.00 (रुपए अठहत्तर हजार चार सौ उन्यासी) मात्र | 1570.00 (रू. एक हजार पांच सौ सत्तर) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 182/तक 2025-26 दिनांक 09.03.2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2026-NVDA-491386-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. परियोजना परियोजना के रेडियल गेटों के सामने फ्लड लाईट लगाने का कार्य। | 16,88,599.00 (रुपए सोलह लाख अठासी हजार पांच सौ निन्यानवे) मात्र | 33772.00 (रू. तेंतीस हजार सात सौ बहत्तर) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | 1. प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरिक्षक द्वारा जारी अ श्रेणी का लाइसेंस | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 21,88,319.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 06/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 06/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 08/04/2026, 10:30 से 08/04/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 08/04/2026, 10:31 से 08/04/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-27692/25 "स्वच्छता ही सेवा"



## राशिफल


**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।


**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी ।लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की


**कर्क** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।



**सिंह** मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।


**कन्या** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।


**तुला** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**मकर** मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**मीन** संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है ।नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## डीपी ज्वेलर्स में विशेष 'चेन एंड बैंगल' फेस्टिवल शुरू

**भोपाल।** आभूषण ब्रांड डीपी ज्वेलर्स ने शोरूम में 11 दिवसीय विशेष 'चेन एंड बैंगल फेस्टिवल' शुरू हो गया है जो 19 29 मार्च 2026 तक चलेगा। गुड़ीपड़वा एवं आगामी अक्षय तृतीया के आगामी विवाह सीजन को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस फेस्टिवल में ग्राहकों के लिए चेन और बैंगल्स की पारंपरिक और मॉडर्न डिजाइनों की खास रेंज प्रस्तुत की गई है। त्योहार और विवाह सीजन के दौरान चेन और बैंगल्स की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में विशेष उत्साह देखने को मिलता है। जिसे ध्यान में रखते हुए यह फेस्टिवल आयोजित किया गया है। फेस्टिवल के दौरान ग्राहकों के लिए स्टोर में लाइव कस्टमाइज़ेशनऔर स्टाइलिंग गाइडेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपनी पसंद, बजट और अवसर के अनुसार सही आभूषण चुन सकें।


**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग
(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/128/2025)


प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से. ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।, पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in. " पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र. | टेंडर नं. | संक्षिप्त वर्णन | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81265140 | हायर रिब डेप्थ HVN इंसुलेटिंग लाइनर | 243932नंबर | 06/04/2026 |
| 2 | 38264124 | हॉरिजॉन्टल वियर लाइनर फॉर Casnub 22 HS बोगीज | 4733नंबर | 07/04/2026 |
| 3 | 38251347A | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व कम्पलीट विथाउट कॉमन पाइप | 739नंबर | 08/04/2026 |
| 4 | 38252552F | SHACKLE लॉक & लॉक पिन विथ स्प्लिट पिन | 84558सेट | 08/04/2026 |
| 5 | 38252116 | ब्रेक गियर पिन विथ वॉशर | 80345नंबर | 09/04/2026 |
| 6 | 40252502 | कार्बन ब्रश फॉर हिताची TM टाइप | 11820नंबर | 10/04/2026 |
| 7 | 8125WCR TP09 | मैन्युफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ HVN-66 इंसुलेटिंग कट लाइनर at फिश प्लेटेड जॉइंट | 480960नंबर | 10/04/2026 |
| 8 | 38265006 | Knuckle फॉर अपग्रेडेड हाई टेंसिल सेंटर बफर | 1200 नंबर | 13/04/2026 |
| 9 | 20261850 | हाई रीच पैंटोग्राफ फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स | 19 नंबर | 15/04/2026 |
| 10 | 40262748 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर फॉर रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट फॉर एलएचबी एसी कोचेस | 306नंबर | 22/04/2026 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मो को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। हस्ता.
कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## शब्द पहेली - 6171



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6170 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

## सूडोकु नवताल - 6181

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6180 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

# इजराइली हमले में ईरान के आईआरजीसी प्रवक्ता मोहम्मद नैनी की मौत





ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी

**ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान**

**हमले में आधुनिक हथियारों का उपयोग किया गया**

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल अपनी युद्ध नीति के तहत करीब हर दिन ईरान के कमांडरों को निशाना बना रहे हैं। हालिया हमले में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजराइल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे। उनकी मौत के साथ ही ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सैन्य प्रवक्ता नैनी और उनसे पहले खुफिया प्रमुख इस्माइल खतीब का मारा जाना इस बात का संकेत है कि हमलावरों के पास ईरान के सुरक्षा घेरे की सटीक जानकारी थी।

*नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे*


ईरान का इजराइल के शहर रिहोवोट पर मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त घर

**हर दिन एक कमांडर की मौत**

### नेतन्याहू ने सामने आकर की प्रेस वार्ता, दावा

## ईरान की परमाणु क्षमता खत्म, मिसाइल भी नहीं बना सकता



इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मीडिया के सामने आकर प्रेस वार्ता की। शुरुआत में ही नेतन्याहू ने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं और आप सभी लोग इस बात के प्रमाण है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के 20 दिन के हवाई हमलों के बाद ईरान के पास अब यूरेनियम समृद्ध करने या बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की क्षमता नहीं बची है। अब ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल और ड्रोन भंडार भारी नुकसान झेल रहा है और जल्द ही पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम जीत रहे हैं और ईरान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हम अब उन फैक्ट्रियों को नष्ट कर रहे हैं जो इन मिसाइलों और परमाणु हथियारों के घटक तैयार करती हैं।

### हमने ट्रंप को युद्ध में नहीं धकेला

नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने इस युद्ध में ट्रंप को नहीं धकेला। ट्रंप अपना फैसला खुद लेते हैं। इस युद्ध में अमेरिका इजराइल के लिए नहीं, इजराइल के साथ युद्ध लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका और इजराइल ईरान पर पूरी ताकत और संकल्प के साथ कार्रवाई कर रहे हैं। 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' का मकसद उस अयातुल्लाह शासन के खतरे को खत्म करना है, जिसने पिछले 47 वर्षों से अमेरिका, इजराइल और ईरान के लोगों के खिलाफ युद्ध छेड़ा है। यह शासन अमेरिका और इजराइल को मारने की बातें करता है और अपने ही लोगों के लिए मौत लाता है।

### ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना बड़ा लक्ष्य

नेतन्याहू ने कहा कि इस युद्ध में हमारे तीन लक्ष्य हैं, पहला, ईरान के परमाणु खतरे को खत्म करना। दूसरा बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को समाप्त करना और यह सब इससे पहले करना कि मिसाइलें जमीन के अंदर इतनी गहरी जा जाएं कि हवाई हमले से उन्हें नष्ट करना मुश्किल हो। तीसरा ईरानी लोगों को अपनी स्वतंत्रता और भविष्य का नियंत्रण पाने का अवसर देना। हमने दशकों से चेतावनी दी है कि ईरान की मिसाइलें दूर-दराज के लक्ष्यों पर हमला कर सकती हैं और अगर इन्हें रोका नहीं गया तो यह सिर्फ शुरुआत होगी।

### शांति और स्थिरता के लिए कूटनीति की जरूरत

## पीएम ने जॉर्डन और कतर प्रमुखों से की बात



पीएम नरेंद्र मोदी ने जॉर्डन के शाह किंग अब्दुल्ला द्वितीय और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ फ़ोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान, ईद की शुभकामनाएं दीं तथा पश्चिम एशिया में बदलती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि अपने भाई, जॉर्डन के शाह महामहिम किंग अब्दुल्ला द्वितीय को फोन पर ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता प्रकट की और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर बल दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे पर हमले निंदनीय हैं और इनसे हालात और बिगड़ सकते हैं, जिन्हें टाला जा सकता है। भारत और जॉर्डन, बिना किसी रुकावट के सामान और ऊर्जा के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में सहायता करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की दिल से सराहना की।

### हमलों की निंदा की

पीएम मोदी ने कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ भी बात की और उन्हें ईद की हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी ने शेख अल थानी से चर्चा के दौरान कतर के साथ भारत की एकजुटता को दोहराया और क्षेत्र के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की। साथ ही कतर में भारतीय समुदाय को दी गई देखभाल और सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया तथा क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम रहने की आशा व्यक्त की। दोनों नेताओं ने होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### युद्ध के बीच हुआ ब्रेन स्ट्रोक, मुश्किल में थी जान

## कतर की मदद से सुरक्षित घर पहुंचा परमिंदर



एक भारतीय युवक परमिंदर कनाडा जा रहा था, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते उसकी यात्रा बाधित हो गई और वह कतर में फंस गया। कतर में रहने के दौरान ही परमिंदर को ब्रेन स्ट्रोक आया, लेकिन कतर सरकार, कतर में भारतीय मिशन और कई सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की घर वापसी संभव हुई। कतर में भारतीय राजदूत विपुल ने दूतावास के प्रथम सचिव ईश सिंघल के साथ मिलकर स्थानीय और सामुदायिक संगठनों की मदद से परमिंदर की सहायता की। इंडियन कम्युनिटी बेनेवोलेंट फोरम, पुनर्जनी और सिंह सेवा ग्रुप कतर जैसे संगठनों ने परमिंदर की नियमित देखभाल की और उसके मेडिकल खर्चों और खाने-पीने का पूरा ध्यान रखा। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की। कतर के हमास मेडिकल कॉर्पोरेशन और कतर एयरवेज ने भी परमिंदर की स्वदेश वापसी में मदद की।


### डीजीसीए ने जारी किया परामर्श

## ईरान-इजराइल समेत 11 देशों का एयरस्पेस इस्तेमाल न करें भारतीय एयरलाइंस

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइंस के लिए सख्त परामर्श जारी किया है। इसमें भारतीय विमानों को 11 देशों के ऊपर से उड़ान न भरने के निर्देश दिए हैं।डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइंस से अपील की है कि वे बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, यूएई और सऊदी अरब के ऊपर के प्रभावित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने से बचें। डीजीसीए ने कहा है कि मौजूदा हालात में इस क्षेत्र के ऊपर उड़ान भरना जोखिम भरा हो सकता है, इसलिए एयरलाइंस को बेहद सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

### अमेरिकी जहाज यूएसएस ट्रिपोली पश्चिम एशिया पहुंचा

## जहाज में 2,000 मरीन सैनिकों और एफ-35 जेट



अमेरिकी नौसेना का एक प्रमुख जहाज यूएसएस ट्रिपोली 2,000 से अधिक मरीन सैनिकों को लेकर पश्चिम एशिया की ओर रवाना हो गया है। यह तैनाती मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच की गई है। जापान के ओकिनावा से रवाना हुआ यह एम्फीबियस असॉल्ट शिप 22 मील प्रति घंटे की रफ्तार से मलक्का जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहा है। यूएसएस ट्रिपोली जापान के सासेबो में था। यह एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट, एमवी-22 ऑस्प्रे ट्रांसपोर्ट और ट्रूप लैंडिंग क्राफ्ट से लैस है। यह 31वीं मरीन एक्सपीडिशनरी यूनिट का हिस्सा है, जिसमें करीब 2,200 कर्मी शामिल हैं, जिनमें कमांड, ग्राउंड कॉम्बैट, एयर कॉम्बैट और लॉजिस्टिक्स एलिमेंट हैं। यह यूनिट रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तैयार रहती है। यूएस सेंट्रल कमांड के मुताबिक, इस क्षेत्र में पहले से ही लगभग 50,000 अमेरिकी सैनिक मौजूद हैं।

## अमेरिकी विमानों को लैंडिंग की अनुमति नहीं: श्रीलंका



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में बताया कि श्रीलंका ने मार्च की शुरुआत में अपने मत्तला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी। राष्ट्रपति के अनुसार, जिबूती स्थित बेस से दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने 4 और 8 मार्च को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी। इन विमानों पर आठ एंटी-शिप मिसाइलें तैनात थीं। श्रीलंका सरकार ने इन दोनों ही अनुरोधों को ठुकरा दिया। दिसानायके ने कहा कि कई तरह के दबावों के बावजूद श्रीलंका अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहता है। उन्होंने साफ किया कि वे किसी के आगे नहीं झुकेंगे। पश्चिम एशिया के युद्ध से चुनौतियां पैदा हो रही हैं, लेकिन श्रीलंका तटस्थ रहने के लिए हर संभव कोशिश करेगा।

### खबर संक्षेप

### लेह धूल-मलबे से होगा मुक्त, सफाई कार्य शुरू




**लेह।** लद्दाख के लेह शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन ने एक व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने 'एक्स' पर बताया कि सड़क किनारे जमा धूल और निर्माण व तोड़फोड़ के मलबे को हटाने का काम तेजी से किया जा रहा है। शुरु में लोक निवास, सचिवालय, लेह मुख्य बाजार, जेविटसल के क्षेत्रों में काम होगा।

### बालेंद्र शाह 27 को लेंगे पीएम पद की शपथ



**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह 27 मार्च को पीएम पद की शपथ लेंगे। एक दिन पहले सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। 5 मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में आरएसपी ने 182 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने चुनाव से पहले ही बालेंद्र शाह को पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था। आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने यह जानकारी दी।

### ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री में लगी आग, 53 घायल



**सिओल।** दक्षिण कोरिया के शहर डेजॉन में एक ऑटो पार्ट्स फैक्ट्री में शुक्रवार को आग लगने से कम से कम 53 लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार घायलों की संख्या बढ़ सकती है। शहर के फायर चीफ नाम ड्यूक-वू ने बताया कि इनमें से 24 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारी कम से कम 14 अन्य लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर विदेश मंत्रालय की पैनी नजर, अतिरिक्त सचिव महाजन बोले

# 6 भारतीयों की मौत, 1 लापता, 3 लाख की सुरक्षित वतन वापसी हुई, प्रयास जारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव में अब तक 6 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि एक भारतीय अभी भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव असीम आर. महाजन ने बताया कि सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय दूतावास लापता भारतीय नागरिकों के संबंध में और मृतक भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने अब तक 3 लाख लोगों की वतन वापसी कराई है।

**खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों से संपर्क में स्थानीय दूतावास**


असीम महाजन

### भारतीयों को राहत पहुंचा रहे

*महाजन ने कहा कि सरकार का पूरा जोर इस वक्त उन परिवारों को राहत पहुंचाने पर है। लापता भारतीय की सुरक्षित बरामदगी के लिए भी स्थानीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ 'सर्च ऑपरेशन' तेज कर दिए गए हैं। इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने दुनिया के पांच प्रभावशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों से फोन पर बात कर भारत का रुख स्पष्ट किया है।*

### 15 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया गया

विदेश मंत्रालय ने बताया कि एमटी सफीसा विष्णु के 15 भारतीय क्रू सदस्य, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया था, कल इराक से रवाना हो गए थे और आज सऊदी अरब से भारत लौटने की उम्मीद है। बचाए गए 24 भारतीय नाविक, जिनमें एमवी एमकेवी वियोम पर सवार 16 और स्काईलाइट पर सवार 8 नाविक शामिल हैं, जो पहले ही ओमान से भारत पहुंच चुके हैं।

### रियाद में एक भारतीय की मौत

महाजन ने कहा कि हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की सूचना मिली। हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। रियाद स्थित हमारा दूतावास परिवार के संपर्क में है। हम शव को जल्द से जल्द भारत वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं। अब तक विभिन्न घटनाओं में छह भारतीय नागरिकों की जान चली गई है और एक लापता है।

### गल्फ में भारतीय नाविक सुरक्षित

*जहाज मंत्रालय के सचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में भारत के 22 जहाज और नाविक सुरक्षित हैं, लेकिन वे फिलहाल वहीं स्थिर हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, रणधीर जायसवाल ने कहा कि पीएम ने ओमान, कतर समेत कई खाड़ी देशों और इमैनुएल मैक्रों जैसे वैश्विक नेताओं से बातचीत की है और कूटनीतिक समाधान पर जोर दिया है।*

### जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग से बात की



*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वोंग से बात करके बहुत खुशी हुई। हमने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। हमने हिंद-प्रशांत मुद्दों पर भी चर्चा की।*

### मजबूत हो रहे भारत-कनाडा संबंध

## शीर्ष पुलिस अफसर बोले- भारतीय एजेंटों से खतरा नहीं, आरोप खारिज

**हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं**

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही तल्खी अब पूरी तरह खत्म होती नजर आ रही है। हाल ही में कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा के बाद अब कनाडा की सुरक्षा एजेंसी 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' के कमिश्नर का एक बड़ा बयान सामने आया है। इसे अब भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने साफ-साफ कहा है कि वर्तमान में कनाडा में रहने वाले लोगों को भारत सरकार के किसी भी एजेंट से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जो किसी भी विदेशी संस्था की भूमिका का प्रमाण देता हो। संबंधित फाइलों में ऐसे कई लोगों के नाम हैं जो लोगों को डराने और परेशान करने में शामिल हैं।


माइक डुहेम

### हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर

*भारतीय राजनयिकों की कनाडा वापसी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डरे पुलिस को रिपोर्ट करें। एक समय था जब पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान कनाडा ने सीधे तौर पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारतीय एजेंसियों से जोड़े थे। लेकिन अब कमिश्नर माइक डुहेम के सुर बदले हुए हैं। अब उन्होंने कहा कि फिलहाल जो कड़ियां हमारे सामने हैं, वे किसी विदेशी संस्था या भारत सरकार से नहीं जुड़ रही हैं। उन्होंने यह भी माना कि 2024 में उन्होंने जो बयान दिए थे, वे उस समय की सीमित जांच पर आधारित थे, लेकिन आज की स्थिति और साक्ष्य बिल्कुल अलग हैं।*

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

## भारत-म्यांमार सीमा पर 23.72 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक वाहन भी बरामद

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत असम राइफल्स और चम्फाई पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। इन गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 23.72 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह संयुक्त अभियान सीमा क्षेत्र के एक संवेदनशील मार्ग ह्मुनह्मेल्था रोड के पास चलाया गया। इस इलाके को तस्करी के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, जहां से अक्सर अवैध गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं। तलाशी के दौरान टीम को मौके पर एक लावारिस वाहन संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। जब सुरक्षा कर्मियों ने वाहन की बारीकी से जांच की, तो उसमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद हुईं। कुल 7.907 किलो नशीला पदार्थ जब्त किया गया, जो हाल के सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक माना जा रहा है।


जब्त मेथामफेटामाइन

### विश्व जल दिवस के अवसर पर यूएन में भारत की पाक को चेतावनी

**1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना का उल्लंघन किया**

## सुधर जाओ... वरना सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दोहराया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक 'आतंक का वैश्विक केंद्र' पाकिस्तान अपने तरीकों में सुधार नहीं करता। 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस से पहले गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का विषय था सुरक्षित जल और स्वच्छता तक सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से जुड़ा है।

**संधियों की पवित्रता बनाए रखने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना जरूरी**



यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश

### पाकिस्तान ने आतंकियों का उपयोग करना नहीं छोड़ा

पी. हरीश ने कहा कि हमारी सहनशीलता और उदारता ने पाकिस्तान के तरीकों को नहीं बदला। अंततः हमें घोषणा करनी पड़ी कि यह संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक पाकिस्तान, जो आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, सभी प्रकार के आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला राज्य रहा है लेकिन जिम्मेदारी दोतरफ़ा रास्ता है।

### पाकिस्तान ने हजारों आतंकी हमले किए

*हरीश ने कहा कि भारत ने इस संधि पर 1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना में हस्ताक्षर किए लेकिन पाकिस्तान ने इस भावना का उल्लंघन करते हुए भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले किए। दसियों हजार निर्दोष भारतीय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी हमलों के शिकार बने। पिछले साल द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में धर्म आधारित आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया।*

### सभी कोशिशें ठुकराईं

*पी. हरीश ने कहा कि तकनीकी, जनसांख्यिकीय और पारिस्थितिक बदलावों के कारण पिछले 65 वर्षों में क्षेत्र में मौलिक बदलाव हुए हैं, जिसके लिए पाकिस्तान चर्चा करने से इंकार करता रहा। संधि में संशोधन पर पाकिस्तान के साथ हमारी सभी कोशिशें ठुकरा दी गईं।*

अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा वनडे विश्व कप

# आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे सेलेक्टर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर-नवंबर में होगा।

चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।




### घर या मैदान में हर चयनकर्ता देखेंगे एक मैच

अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आरपी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरु और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा,' बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे, जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।' टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी, जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### अगरकर के कार्यकाल को लेकर विराम

सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा,' चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है, जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है।

### सेलेक्टर्स ने की वनडे के लिए खिलाड़ियों की पहचान

भारत के सामने अभी अगली बड़ी चुनौती 2027 वर्ल्ड कप है। इसके बाद 2028 में टी20 वर्ल्ड कप और ओलिंपिक होना है। तब टी20 पर फोकस रह सकता है। समझा जाता है कि सेलेक्टर्स ने वनडे के लिए स्पेशलिस्ट्स की पहचान कर ली है और आईपीएल के दौरान उनकी फॉर्म व फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। हर्षित राणा को अभी ठीक होने में समय लगेगा। ऐसे में नीतीश कुमार रेड्डी पर फोकस रहेगा कि वह बतौर ऑलराउंडर किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।


### वनडे टीम के 20 संभावित खिलाड़ी

शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, ऋषभ पंत, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती।

आईपीएल-2026

# दिल्ली कैपिटल्स को झटका, मिचेल स्टार्क शुरुआती फेज से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए एक निराशाजनक खबर है। टीम के मुख्य तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलियाई मिचेल स्टार्क सीजन के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। स्टार्क के बाहर रहने से दिल्ली कैपिटल्स को सीजन के शुरुआती फेज में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टूर्नामेंट की शुरुआत में उपलब्ध नहीं रहेंगे। उनकी वापसी इस बात पर निर्भर करेगी कि आने वाले सप्ताह में उनका फिटनेस प्रोटोकॉल कैसे आगे बढ़ता है। सीए के अनुसार, पिछले 12 महीनों में भारी वर्कलोड के चलते 36 वर्षीय स्टार्क को सावधानी से मैनेज किया जा रहा है। उन्होंने हाल ही में एशेज सीरीज के सभी पांच टेस्ट खेले थे और बिग बैश लीग के अंतिम चरण में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में भारत के मोहम्मद सिराज को छोड़कर किसी भी तेज गेंदबाज से ज्यादा गेंदें डालीं। स्टार्क की गैरमौजूदगी दिल्ली कैपिटल्स के लिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि टीम उनसे नई गेंद के साथ शुरुआती ओवरों में बढ़त दिलाने की उम्मीद कर रही थी। वह दुनिया के उन चुनिंदा तेज गेंदबाजों में शामिल हैं, जो पावरप्ले और डेथ ओवरों दोनों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

### आईपीएल से बाहर हुए नाथन एलिस




चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के आगाज से पहले बड़ा झटका लगा है। टीम के तेज गेंदबाज नाथन एलिस इंजरी की वजह से पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। चेन्नई ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर इस बात की जानकारी दी है। नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह आगामी सीजन में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, चेन्नई ने एलिस के रिप्लेसमेंट का ऐलान अभी नहीं किया है। चेन्नई सुपर किंग्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नाथन एलिस हैमस्ट्रिंग की इंजरी के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। हम उनके जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं।" नाथन एलिस को चेन्नई सुपर किंग्स ने ऑक्शन में 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। इससे पहले वह चार सीजन तक पंजाब किंग्स के साथ रहे थे। एलिस का प्रदर्शन पिछले एक साल में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए शानदार रहा है।

## खबर संक्षेप



### बिना टिकट फुटबॉल स्टेडियम में घुसने पर मिलेगी सजा

**लंदन।** आर्सनल और मैनचेस्टर सिटी के बीच वेम्बले स्टेडियम पर होने वाले इंग्लिश लीग कप फाइनल से पहले लागू हुए नए कानून के तहत अब ब्रिटेन में बिना टिकट फुटबॉल मैच देखना अपराध की श्रेणी में आएगा। जुलाई 2021 में यूरोपीय चैंपियनशिप फाइनल में हजारों दर्शक बिना टिकट नेशनल स्टेडियम में घुस गए थे, जिससे हिंसा भड़क गई थी। इसके बाद सरकार की समीक्षा में पाया गया कि लोगों की जिंदगियां खतरे में थी और बिना टिकट स्टेडियम में घुसने वालों के लिए सजा कम थी। इसलिए इसे दंडिक अपराध बनाने की मांग की गई।

### जमशेदपुर एफसी ने एससी दिल्ली से खेला ड्रॉ

**नई दिल्ली।** सर्बिया के मिडफील्डर निकोला स्टोनावोविच के देरी से किए गए गोल की मदद से जमशेदपुर एफसी ने इंडियन सुपर लीग के मैच में स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली से 1-1 से ड्रॉ खेला। इससे पहले जोसेफ सनी ने 21वें मिनट में गोल करके दिल्ली को बढ़त दिलाई लेकिन स्टोनावोविच ने 90वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। जमशेदपुर एफसी 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है जबकि एससी दिल्ली दो अंक के साथ 12वें स्थान पर आ गया है।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 8 विकेट से हराया, टी-20 सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

### लैथम ने बनाया चौथा टी20 अर्धशतक

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की।




उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला के किए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया।

# भारत में कजाखस्तान हॉकी टीम कर रही हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कजाखस्तान की सीनियर पुरुष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है। भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधाएं, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है, जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिए भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है।



### सोनीपत में आकर बहुत खुशः उर्मानोवा

कजाखस्तान के कोच ओल्गा उर्मानोवा ने कहा, 'हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्र केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं। यहां हमारा बहुत अच्छा ख्याल रखा जा रहा है। भारत में शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और यही वजह है कि हम यहां सीखने, ढलने और विकास के लिए आए हैं।' उन्होंने कहा, 'इससे पहले हमने राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 खेला था, जिसके बाद यह भारत का हमारा दूसरा दौरा है। एक बार फिर यह अनुभव काफी अच्छा रहा।' विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान ने जकार्ता में एएचएफ कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया।

# महिला क्रिकेट टीम के दौरे का ऐलान दिसंबर में साउथ अफ्रीका का टूर

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और एक टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने इस साल के अंत में भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ सीरीज का ऐलान किया है। भारतीय महिला टीम और साउथ अफ्रीका महिला टीम के बीच इस दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज और एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच ये एकमात्र टेस्ट मैच 20 से 23 दिसंबर तक गकेबेरहा में खेला जाएगा।



वनडे सीरीज को लेकर बात करें तो तीनों मुकाबले आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे। तीन मैचों की ये वनडे सीरीज 9 से 15 दिसंबर तक पोटचेफस्ट्रूम, ब्लोमफ़ोन्टेन और केप टाउन में खेली जाएगी। भारत के साउथ अफ्रीका दौरे की शुरुआत 6 दिसंबर से होगी। टीम इंडिया 6 दिसंबर को बेनोनी में साउथ अफ्रीका इमर्जिंग टीम के खिलाफ एक वार्म-अप मैच खेलेगी। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 3 टेस्ट मैच खेले जा चुके हैं और दोनों टीमों के बीच खेला जाने वाला ये मैच चौथा टेस्ट मुकाबला होगा।

### आरआर के लिए नहीं खेलेंगे कुरेन

**जयपुर।** इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है। कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिए खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिए खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे। चेन्नई के लिए 2020 और 2021 में खेल चुके कुरेन पिछले सत्र से पहले 2.4 करोड़ में टीम से जुड़े थे।

एफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप : टीम पहुंची बैंकॉक, जापान से पहला मैच

# दो दशक बाद एशियाई कप खेलेंगी महिला फुटबॉल टीम

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने पहुंच गई है। भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। यह टीम 2 अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व 13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी।

भारत को 5 अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और 8 अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनाएंगी।



### वुमैंस टीम ने स्वीडन में किया अभ्यास

भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरु में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया।

### भारतीय टीम

**गोलकीपर** : मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू
**डिफेंडर** : अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रुचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम
**मिडफील्डर** : अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी
**फॉरवर्ड** : बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलांजना राउल।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर




### लिव-इन रिलेशन : रेप की एफआईआर को चुनौती

# कपड़ा व्यापारी के खिलाफ दर्ज मामला हाईकोर्ट ने किया रद्द

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस बी.पी. शर्मा की एकलपीठ ने कहा कि यदि दो बालिग महिला-पुरुष अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशन में रहते हैं और आपसी सहमति से संबंध बनाते हैं, तो बाद में विवाद होने पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराना उचित नहीं है। इसी आधार पर कोर्ट ने कटनी के एक कपड़ा व्यापारी के खिलाफ दर्ज रेप केस को रद्द कर दिया।

मामला कटनी निवासी 35 वर्षीय कपड़ा व्यापारी मुकेश ठाकुरानी से जुड़ा है। वर्ष 2003 में उनका विवाह हुआ था और उनके दो बच्चे हैं। मई 2019 में पत्नी से विवाद के बाद पत्नी बच्चों को लेकर मायके चली गई और दहेज व भरण-पोषण का केस दर्ज कराया।



इसी दौरान कोर्ट में उनकी मुलाकात 24 वर्षीय एक युवती से हुई, जो अपने पति के खिलाफ चल रहे मामले के सिलसिले में आती थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और बाद में वे लिव-इन रिलेशन में रहने लगे। सितंबर 2019 में युवती अपनी मां और दो साल की बेटी के साथ व्यापारी के घर रहने लगी। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। व्यापारी का आरोप था कि घर से करीब 15 लाख रुपए और जेवरात गायब हुए। मार्च 2020 में युवती घर छोड़कर चली गई और बाद में 25 जुलाई 2020 को महिला थाने में दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई। आरोप था कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया गया। पुलिस ने 26 जुलाई 2020 को व्यापारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 25 दिन बाद उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। व्यापारी ने हाईकोर्ट में एफआईआर को चुनौती दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दोनों पहले से विवाहित थे और संबंध आपसी सहमति से बने थे। पुलिस जांच में वीडियो या ब्लैकमेलिंग के आरोपों के समर्थन में कोई ठोस सबूत नहीं मिले।

याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट मनीष दत्त ने कोर्ट में कहा कि दोनों के बीच डेढ़ साल तक सहमति से संबंध रहे और बाद में विवाद के चलते मामला दर्ज कराया गया। जस्टिस बी.पी. शर्मा की एकलपीठ ने कहा कि सहमति से बने संबंधों को बाद में दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने एफआईआर को रद्द कर दिया।

## बिना उचित साक्ष्य के बहुविवाह की परंपरा को नहीं दी जा सकती मान्यता

**हाईकोर्ट का अहम फैसला, आदिवासी समाज में बहुविवाह की परम्परा का तर्क दरकिनार, दूसरी पत्नी का सम्पत्ति व नौकरी का दावा किया खारिज**


**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि बिना प्रमाण के किसी समाज में बहुविवाह की परंपरा को मान्यता नहीं दी जा सकती। केवल आदिवासी परंपरा का हवाला देकर किसी महिला को पति की संपत्ति या नौकरी में अधिकार नहीं मिल सकता। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि ऐसे दावे के लिए ठोस साक्ष्य जरूरी हैं। इस मत के साथ कोर्ट ने शहडोल निवासी महिला की याचिका खारिज कर दी। शहडोल की निवासी मुन्नी बाई की ओर से याचिका दायर कर कहा गया कि वह भगत सिंह की दूसरी पत्नी है। वे पाव जनजाति से हैं। पांच जनजाति में बहुविवाह की परंपकेरा है। इसलिए उन पर हिंदू विवाह अधिनियम लागू नहीं होता। उसने पति की मृत्यु के बाद पति की संपत्ति में हिस्सा और नौकरी से जुड़े लाभ देने की मांग की। मृतक की पहली पत्नी फूलमती की ओर से इसका विरोध किया गया। तर्क दिया गया कि फूलमती मृतक की अकेली वैध पत्नी है। सरकारी सेवा अभिलेख में भी पत्नी के रूप में उसी का नाम दर्ज है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता की ओर से कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया गया।कोई मान्य दस्तावेज, परंपरा का प्रमाण या पूर्व न्यायिक निर्णय भी नहीं बताया गया । इस पर कोर्ट ने याचिका निरस्त कर दी।




### मौसम ने ली फिर करवट, फिजाओं में ठंडक घुली

# रात में झमाझम, सुबह रिमझिम बारिश का दौर

**जबलपुर।** राजस्थान से आए पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर पूर्वी बिहार में बने चक्रवात की वजह से गुरुवार की रात 12.30 बजे तेज हवाओं के बीच गरज चमक के साथ बादल बरसे, लगभग 1 घंटे तक बारिश होती रही। सुबह से बूंदाबांदी शुरु हुई जो 9 बजे तक चलती रही। इसके बाद शुक्रवार को दिन भर आसमान पर बादल छाए रहे, फिजाओं में ठंडक घुल गई। गुरुवार को सुबह से ही मौसम के मिजाज करवट ले रहे थे, रात होते तक 12.30 बजे से बादल झमाझम बरसने लगे, उसके बाद ठंडी हवाएं चलती रही, शुक्रवार को भी सुबह से बारिश का क्रम चलता



रहा। दोपहर बाद आसमान से बादल छंटे और कुछ देर के लिए धूप निकली, उसके बाद बादल छाने लगे। बारिश के बाद फिजाओं में ठंडक घुल गई थी और दिन के तापमान में गिरावट आई। 24 घंटों के दौरान 6.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान कहीं-कहीं गरज चमक के साथ पानी की बौछारे पड़ सकती है कहीं ओले भी गिर सकते है। गेहूं की फसल के लिए यह बारिश फायदेमंद है लेकिन दलहनी फसलों को इस बारिश से नुकसान हो रहा है। मौसम कार्यालय के मुताबिक बिहार से उठा चक्रवात राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय है। हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। कम दबाव के प्रभाव से पूर्वी मध्यप्रदेश के शहरों में बारिश हो रही है। बारिश और शीतल हवाओं के चलने से दिन के तापमान में गिरावट आई है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 74 प्रतिशत और सायंकाल 45 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर में 6.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 6.12 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.21 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पूर्वी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर छुटपुट वर्षा हो सकती है।

### ससुराल में फरारी काट रहा था दामाद

# भाजपा नेत्री के घर से हत्या के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी



**जबलपुर।** इंदौर के बहुचर्चित युवक अक्षय शर्मा अपहरण और हत्याकांड के मामलें में फरार तीन आरोपियों को जबलपुर पुलिस ने राइट टाउन स्थित एक कथित भाजपा नेत्री के घर से दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों पर 2-2 हजार रुपये का इनाम घोषित था। यह कथित भाजपा नेत्री से मुख्य आरोपी शशिकांत का रिश्ता सास और दामाद का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इंदौर में वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शशिकांत शर्मा, रवि शर्मा और गौरव शर्मा फरार हो गए थे। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मुख्य आरोपी शशिकांत शर्मा अपनी सास शिखा शर्मा, जो स्वयं को भाजपा नेत्री बताती हैं, के घर राइट टाउन में छिपा हुआ है। कोतवाली सीएसपी रितेश कुमार शिव के नेतृत्व में लार्डगंज थाना प्रभारी नवल आर्य और उनकी टीम ने गुरुवार शाम घर पर दबिश दी और शशिकांत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों रवि शर्मा और गौरव शर्मा को पास के एक अन्य घर से पकड़ लिया।

गौरतलब है कि 17 जनवरी को आरोपियों ने मिलकर अक्षय शर्मा का अपहरण किया था। उसे जबरन कार में बैठाकर इंदौर से करीब 100 किलोमीटर दूर शाजापुर ले जाया गया। वहां एक फार्महाउस में उसे निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा गया। आरोप है कि आरोपियों ने गर्म लोहे की रॉड से उसके शरीर को दागा और अमानवीय यातनाएं दीं। गंभीर हालत में 18 जनवरी को उसे इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में छोड़ दिया गया था। इलाज के दौरान 22 जनवरी को अक्षय की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि अक्षय का अपने चाचा गोविंद शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ पुश्तैनी जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया।

### अब तक छह आरोपी गिरफ्तार

इस हत्याकांड में कुल आठ से अधिक आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले विनोद, राहुल और रिंकू को इंदौर पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। अब जबलपुर से शशिकांत, रवि और गौरव की गिरफ्तारी के बाद मामले में छह आरोपी पकड़े जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार सत्यम और एक अन्य रवि अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240